नई दिल्ली, शनिवार 23 दिसंबर 2023 ■ मार्गशीर्ष मास शुक्ल पक्ष-12 ■ वर्ष : 27, अंक : 258 ■ पृष्ठ : 12 मूल्य : 2.00 मौसम अधि. 22, न्यून. 12 haribhoomi.com

हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी



## पुंछ हमले की जांच करने एनआईए टीम पहुंची



# आतंकियों ने अमेरिका में बनी एम-4 कार्बाइन से बरसाईं थीं गोलियां, वे हेलमेट कैमरा भी पहने थे

◆ आतंकियों के हेलमेट कैमरे से यह चिंता पैदा हो गई है कि वे प्रचार-प्रसार के लिए इन हमलों के फुटेज का उपयोग कर सकते हैं

2016 के बाद से सुरक्षा बलों ने मारे गए जैश-ए-मोहम्मद आतंकवादियों के पास से स्टील की गोलियों के साथ चार एम-4 राइफलें बरामद की थीं

एजेंसी ▶▶ जम्मू/नई दिल्ली

पुंछ में हुए आतंकी हमले में 4 जवान शहीद हो गए। इस हमले की जिम्मेदारी प्रतिबंधित आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा की शाखा पीपुल्स एंटी-फासिस्ट फ्रंट (पीएएफएफ) ने ली है।

आतंकवादियों ने सोशल मीडिया पर हमले वाली जगह की तस्वीरें भी जारी कीं, जिसमें उनके द्वारा अमेरिकन मेड एम-4 कार्बाइन राइफलों का इस्तेमाल करते हुए ▶▶ शेष पेज 7 पर



### आतंकियों की मदद का शक... चार स्थानीय लोग हिरासत में


राजौरी में सेना की गाड़ी पर हुए आतंकी हमले को लेकर पुलिस ने बड़ा एक्शन लिया है और मामले में 4 स्थानीय लोगों को हिरासत में लिया गया है। इन लोगों से पुलिस पूछताछ कर रही है। आरोप है कि कुछ स्थानीय लोगों ने आतंकवादियों की मदद की है। सुरक्षा बलों ने शुक्रवार को इलाके के वन क्षेत्र में व्यापक घेराबंदी और तलाशी अभियान शुरू किया। सूत्रों की मानें तो पुलिस और जांच एजेंसियों को शक है कि कुछ स्थानीय लोगों ने आतंकियों की मदद की है। एक अधिकारी ने कहा कि इलाके की हवाई निगरानी भी की जा रही है तथा आतंकवादियों का पता लगाने के लिए श्वान दस्ते को भी लगाया गया है।

## हमले के बाद सेना की ताजा एसओपी

### लोकल सूत्र पर न करें पूरा भरोसा, अकेले ऑपरेशन पर न जाएं



केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) ने सैनिकों से राजौरी और पुंछ इलाकों में आवाजाही और संचालन के दौरान विशेष रूप से अतिरिक्त सावधानी बरतने का आग्रह किया गया है। सीआरपीएफ ने सभी यूनिट को टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर (एसओपी) के अनुसार गहन सत्यापन की आवश्यकता पर जोर देते हुए किसी भी इनपुट पर अंधा विश्वास नहीं करने की सलाह दी है। सैनिकों और अधिकारियों को अपनी सुरक्षा बढ़ाने के लिए बुलेटप्रूफ वाहनों का उपयोग करने के आदेश के साथ अलग-थलग गतिविधियों से परहेज करने का निर्देश दिया गया है।




# कांग्रेसः निलंबन जनतंत्र की हत्या देशभर में धरना, भाजपा बोली- झूठे लोग!

निलंबन के मुद्दे पर कांग्रेस और विपक्षी दलों के प्रदर्शन कहीं असरदार और कहीं बेअसर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडिया) के घटक दलों के कई प्रमुख नेताओं ने हालिया शीतकालीन सत्र के दौरान दोनों सदनों से 146 सांसदों के निलंबन के खिलाफ प्रदर्शन किया और सरकार पर 'लोकतंत्र खत्म करने' के प्रयास का आरोप लगाया। वक्ताओं ने यह भी कहा कि जनतंत्र बचाने के लिए 'इंडिया' गठबंधन के सभी नेता एकजुट हैं तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अब अकेले कुछ नहीं कर सकते।

विपक्ष के 146 सांसदों को निलंबित करने के विरोध में इंडिया गठबंधन में शामिल पार्टियों ने आज देशभर में प्रदर्शन किया। देश के अलग-अलग हिस्सों में मार्च निकाला गया तथा केंद्र सरकार के निर्णय के विरोध नारेबाजी की गई। दूसरी ओर उपराष्ट्रपति के अपमान में जम्मू-कश्मीर से लेकर केरल तक बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता सड़कों पर उतरे।

## सांसदों के निलंबन पर कांग्रेस सहित अन्य पार्टियों ने हर राज्य में किया विरोध प्रदर्शन




### जंतर-मंतर पर किया प्रदर्शन

जंतर-मंतर पर आयोजित इस विरोध प्रदर्शन में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के प्रमुख शरद पवार, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के महासचिव सीताराम येचुरी, राष्ट्रीय जनता दल के नेता मनोज झा, द्रमुक नेता तिरुची शिवा और कई अन्य दलों के नेता शामिल हुए।

### खड़गे बोले- मुझे इस बात का धक्का लगा

खड़गे ने कहा मुझे इस बात का बहुत धक्का लगा कि उच्च संवैधानिक पद पर बैठे लोग कहते हैं कि 'मैं इस जाति का हूं, इसलिए मुझे अपमानित कर रहे हैं। उन्होंने कहा अगर आपकी यह हालत यह है तो मेरे जैसे दलित की क्या हालत होगी।

### भाजपा सभी समस्याओं की जड़ः शरद पवार

एनसीपी प्रमुख शरद पवार ने कहा कि भाजपा सभी समस्याओं की जड़ है। देश की संसद को, प्रजातंत्र को बचाने के लिए जो कुछ कीमत देनी पड़ेगी, वो कीमत चुकाने के लिए सभी विपक्षी दल तैयार हैं।

### ये नफरत और मोहब्बत के बीच की लड़ाईः राहुल

राहुल गांधी ने कहा, हम सब विपक्ष के नेता और विपक्ष के कार्यकर्ता एक साथ खड़े हैं। ये लड़ाई नफरत और मोहब्बत के बीच की लड़ाई है। राहुल ने कहा जितनी आप नफरत फैलाओगे। इंडिया गठबंधन उतनी ही मोहब्बत फैलाएगा।

### स्पीकर संसद के संरक्षक होते हैंः केंद्रीय मंत्री मेघवाल



विपक्षी सांसदों के निलंबन पर केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि स्पीकर संसद के संरक्षक होते हैं। लोकसभा स्पीकर बार-बार कह रहे हैं कि सुरक्षा की जिम्मेदारी उनकी है। वे उनकी बातों पर भरोसा क्यों नहीं कर रहे हैं। स्पीकर कह रहे हैं। कांग्रेस जानबूझ कर चुनाव में हार का बदला लेने की फिराक में थे। अंदर ही अंदर योजना बना रहे थे और उन्हें मौका मिल गया। संसद में सुरक्षा में सेंध बड़ा मामला है... कमेटी बनाकर जांच कराई जा रही है चल रहा है। विपक्ष द्वारा उपराष्ट्रपति का अपमान किया गया।

### देश 'मोदी की गारंटी' पर भरोसा करता हैः ठाकुर



*इधर भाजपा ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी को अपरिपक्व और अलोकतांत्रिक नेता करार दिया और यहां जंतर-मंतर पर 'इंडिया' गठबंधन के प्रदर्शन को हल्के में लेते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों से लोगों को बेवकूफ बनाने के दिन लद गए हैं क्योंकि वे अब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी पर भरोसा करते हैं। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि ऐसा लगता है कि हाल के विधानसभा चुनावों में मिली करारी हार के बाद राहुल अपना मानसिक संतुलन खो बैठे हैं। ऐसे संवेदनशील मामले पर सभी सांसदों को एक सुर में बोलना चाहिए था लेकिन राहुल गांधी और विपक्ष के नेता इसके बजाय सरकार पर झूठे आरोप लगा रहे हैं।*

यूएई से भरी उड़ान, 300 भारतीय सवार

## मानव तस्करी के संदेह में फ्रांस में रोका गया विमान

एजेंसी ▶▶ वैट्री (फ्रांस)

300 से ज्यादा भारतीय यात्रियों को लेकर जा रहे एक विमान को फ्रांस में रोका गया। विमान ने संयुक्त अरब अमीरात से उड़ान भरी थी और यह निकारागुआ जा रहा था। एक न्यूज एजेंसी के मुताबिक, अधिकारियों ने कहा कि मानव तस्करी के संदेह में विमान को फ्रांस में रोक दिया गया है। पेरिस के सरकारी अभियोजक के कार्यालय ने बताया कि यात्रियों के मानव तस्करी का शिकार होने की आशंका के मद्देनजर एक गुमनाम सूचना के बाद गुरुवार को विमान को रोका गया। अभियोजकों ने कहा कि राष्ट्रीय संगठित अपराध विरोधी इकाई जुनाल्को ने जांच अपने हाथ में ले ली है। मार्ने के पूर्वोत्तर विभाग में प्रांत ने कहा कि कि रोमानियाई कंपनी लीजेंड एयरलाइंस की ओर से संचालित ए 340 विमान लैंडिंग के बाद वैट्री हवाई अड्डे पर खड़ा रहा। विमान में ईंधन भरना बाकी था और उसमें 303 भारतीय नागरिक सवार थे।

■ राष्ट्रीय संगठित अपराध विरोधी इकाई जुनाल्को ने शुरू की जांच

### भारतीय दूतावास की टीम पहुंची

मामले पर फ्रांस में भारतीय दूतावास की प्रतिक्रिया आई है। भारतीय दूतावास ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, फ्रांसीसी अधिकारियों ने हमें सूचित किया कि दुबई से निकारागुआ जा रहे 303 लोगों के एक विमान को फ्रांसीसी हवाई अड्डे पर तकनीकी रुकावट के कारण हिरासत में लिया गया है। दूतावास की टीम पहुंच गई है और हम स्थिति की जांच कर रहे हैं, यात्रियों की भलाई भी सुनिश्चित कर रहे हैं।

### 2 लोगों को लिया गया हिरासत में

पेरिस के लोक अभियोजन कार्यालय ने कहा कि संगठित अपराध में विशेषज्ञता वाली एक इकाई मानव तस्करी के संदेह की जांच कर रही है और पूछताछ के लिए दो लोगों को हिरासत में लिया गया है। मार्ने प्रांत के कार्यालय ने एक बयान में कहा कि रोमानियाई ▶▶ शेष पेज 7 पर




## खबर संक्षेप

### नहीं रहे मशहूर चित्रकार इमरोज, 97 की उम्र में निधन



**मुंबई।** मशहूर कवि और चित्रकार इमरोज ने 97 साल की उम्र में उन्होंने दुनिया को अलविदा कह दिया है। इसी के साथ आज अमृता और इमरोज की अनोखी प्रेम कहानी का भी अंत हो गया है। इमरोज उम्र संबंधी बीमारियों से जूझ रहे थे। कुछ दिन पहले उन्हें हॉस्पिटल में भी एडमिट कराया गया था। जिसके बाद वो ठीक होकर घर भी आ गए थे। शुक्रवार को कांदिवली स्थित घर पर अंतिम सांस ली। इमरोज को इंद्रजीत सिंह के नाम से भी जाना जाता था।

### कॉमर्शियल गैस सिलेंडर 39.50 रुपए सस्ता



**नई दिल्ली।** एलपीजी सिलेंडर के दाम में 1 जनवरी से पहले कटौती हो गई है। शुक्रवार से ही दिल्ली से लेकर पटना तक एलपीजी सिलेंडर 39.50 रुपए सस्ता हो गया है। यह कटौती केवल 19 किलो वाले कॉमर्शियल सिलेंडर में की गई है, जबकि घरेलू सिलेंडर के रेट में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इंडेन कॉमर्शियल सिलेंडर 1757 रुपए में मिलेगा। बता दें एक दिसंबर को कॉमर्शियल एलपीजी सिलेंडर के रेट बढ़े थे।

गणतंत्र दिवस का कार्यक्रम

## फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों होंगे 'मुख्य अतिथि'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों अगले साल 26 जनवरी को राजधानी नई दिल्ली में होने जा रहे गणतंत्र दिवस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि होंगे। भारत की तरफ से फ्रांस के राष्ट्रपति को गणतंत्र दिवस समारोह में शामिल होने के लिए न्योता भेजा गया था, जिसे उन्होंने स्वीकार कर लिया है। पिछले साल भारत के पीएम नरेंद्र मोदी भी फ्रेंच नेशनल डे में 'गेस्ट ऑफ ऑनर' थे। पहले भारत ने क्वाड लीडर्स को गणतंत्र दिवस कार्यक्रम में आमंत्रित करने का ▶▶ शेष पेज 7 पर

छत्तीसगढ़ में 9 मंत्रियों ने ली शपथ

## पहली बार विधायक बने 5 को बनाया गया मंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



छत्तीसगढ़ में विष्णुदेव साय के मंत्रिमंडल का शुक्रवार को शपथ ग्रहण हो गया। राजभवन में 9 विधायकों को राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन ने मंत्री पद की शपथ दिलाई। 9 मंत्रियों में बृजमोहन अग्रवाल, रामविचार नेताम, दयालदास बघेल, केदार कश्यप, लक्ष्मी राजवाड़े, टंकराम वर्मा, ओपी चौधरी, श्याम बिहारी जायसवाल और लखनलाल देवांगन शामिल हैं। ओपी चौधरी, टंकराम वर्मा और लक्ष्मी राजवाड़े पहली बार विधायक ▶▶ शेष पेज 7 पर

विदेश मंत्रालय ने कहा-

## कतर में सजा पाने वाले नौसैनिक लौटेंगे भारत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय नौसेना के आठ पूर्व कर्मियों को कतर से सकुशल वापस लाने के लिए भारत सरकार काम कर रही है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने बताया कि इन कर्मियों के जरिए दायर की गई अपील पर कतर की एक अदालत ने तीन बार सुनवाई की है। पूर्व कर्मियों की तरफ से उन्हें मिली मौत की सजा के खिलाफ कतर की अदालत में अपील दायर की गई थी। आठ पूर्व कर्मियों को जासूसी के मामले में जेल में बंद किया गया है। बागची ने मीडिया ब्रीफिंग में बताया कि कतर के शासक ने 18 दिसंबर को देश के नेशनल डे के मौके पर भारतीय नागरिकों समेत कई सारे कैदियों को माफ किया। ▶▶ शेष पेज 7 पर

साक्षी मलिक के कुश्ती छोड़ने की घोषणा के एक दिन बाद

## बजरंग ने पद्मश्री सम्मान लौटाया, प्रधानमंत्री आवास के सामने फुटपाथ पर रखा 'अवार्ड'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



साक्षी मलिक ने गुरुवार को कुश्ती से रिटारमेंट की घोषणा कर दी और उसके एक दिन के बाद यानी शुक्रवार को बजरंग पूनिया ने अपना पद्मश्री सम्मान वापस करने का ऐलान कर दिया। पूनिया ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए एक पत्र लिखा और उसके जरिए उन्होंने अपना यह सम्मान वापस करने के ऐलान किया। साक्षी और पूनिया ने बृजभूषण शरण सिंह के करीबी संजय सिंह के भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष बनने के बाद यह कदम ▶▶ शेष पेज 7 पर

### महिला पहलवानों के अपमान के बाद मैं सम्मानित रहकर नहीं जी पाऊंगा



*पूनिया ने नरेंद्र मोदी के नाम जो पत्र लिखा उसमें उन्होंने लिखा कि आप देश की सेवा में व्यस्त होंगे, लेकिन मैं कुश्ती की तरफ आपका ध्यान आकर्षित करवाना चाहता हूं। भारतीय कुश्ती संघ पर एक बार फिर से बृजभूषण सिंह का दोबारा से कब्जा हो गया है। उनके करीबी के इस पद पर आने से मैं आहत हूं। महिला पहलवानों के अपमान के बाद मैं सम्मानित रहकर नहीं जी पाऊंगा और अगर मैंने ऐसा किया तो मुझे मेर आत्मा धिक्कारेगी। ऐसी स्थिति में मैं अपना सम्मान आपको लौटा रहा हूं।*

राज्य के दक्षिणी हिस्से में हालात हैं बहुत खराब

## तमिलनाडु में भारी बारिश, 696 गर्भवती महिलाओं का रेस्क्यू

एजेंसी ▶▶ चेन्नई

दक्षिणी तमिलनाडु के तिरुनेलवेली जिले में भारी बारिश के कारण बाढ़ की स्थिति उत्पन्न हो गई है।

मौजूदा हालात को देखते हुए जिला प्रशासन ने अबतक 696 गर्भवती महिलाओं को सुरक्षि स्थानों में स्थानांतरित किया है। जिला कलेक्टर के अनुसार, ज्यादा से ज्यादा 142 गर्भवती महिलाओं को विभिन्न अस्पतालों में भर्ती कराया गया और पिछले दो दिनों में उनमें से कुछ ने बच्चों को भी जन्म दिया है। हालांकि, दक्षिणी जिले में बाढ़ के कारण हुए



नुकसान का आकलन करने के लिए केंद्र से टीम तिरुनेलवेली पहुंची है। लगातार बारिश के कारण भारतीय नैसेना ने बचाव अभियान चलाया। बाढ़ प्रभावित इलाकों में भारतीय नौसेना के सात हेलिकॉप्टर उड़ाए गए, जिसके ▶▶ शेष पेज 7 पर

### सेना का मिला साथ

*इस बीच, दक्षिणी जिले में बाढ़ और बारिश से हुए नुकसान का आकलन करने के लिए केंद्रीय टीम ने तिरुनेलवेली का भी दौरा किया। इस बीच तमिलनाडु में ड़े पैमाने पर हुई क्षति के बीच भारतीय नौसेना ने राज्य के दक्षिणी हिस्से में बचाव अभियान चलाया। भारतीय नौसेना के हेलीकॉप्टर ने गुरुवार को सात उड़ानें भरीं और श्रीवैकुंटम सहित तमिलनाडु के दुर्गम बाढ़ प्रभावित इलाकों में 3.2 टन राहत सामग्री गिराई।*

तीन राज्यों में हार का कारण छोटे दलों की अनदेखी भी, माना राहुल गांधी ने

## भाजपा को शिकस्त देना है तो छोटे क्षेत्रीय दलों को साथ लेकर चले पीसीसी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

राजस्थान, छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव में मिली करारी हार के बाद पहली बार बैठी कांग्रेस पार्टी के उच्च निर्धारिक समिति, कांग्रेस कार्यसमिति, सीडब्लूसी में राहुल गांधी ने गुरुवार को सीधे तौर पर स्थानीय संगठन को इस बात का दोषी माना कि छोटे छोटे दलों के साथ गठबंधन न कर बड़ी गलती की गई।

सूत्रों ने बताया कि राहुल गांधी ने इस इनपुट के साथ अपनी बात रखी कि मध्यप्रदेश में मुख्य रूप से सपा, बसपा, गोंडवाना गणतंत्र पार्टी सहित आधा दर्जन छोटे छोटे दलों को साथ लेकर कांग्रेस पार्टी चलती तो निश्चित रूप से भाजपा के खिलाफ माहौल बनता परिणाम बेहतर हो सकते थे। सूत्रों का कहना है कि राहुल गांधी ने सवाल किया कि राज्य इकाइयां भाजपा को हराने के लिए छोटी पार्टियों के साथ तालमेल बिठाने के लिए तैयार क्यों नहीं हैं। मध्य प्रदेश में पार्टी के फ्लॉप अभियान का नेतृत्व करने वाले कांग्रेस के दिग्गज नेता कमल नाथ आलोचना के लिए आए, हालांकि वह उपस्थित नहीं थे, क्योंकि वह सीडब्ल्यूसी सदस्य नहीं हैं। कई नेताओं ने इसे उनकी निरंकुश शैली और फीडबैक या विचारों को स्वीकार करने से इनकार करने का हठ बताया। लगातार तीन बार की भाजपा सरकार होने के बाद भी एंटी इनकमबैंसी का फायदा कांग्रेस पार्टी नहीं उठा पायी।

छत्तीसगढ़ में भी चुनाव के अंतिम समय तक डॉ. रेणु जोगी की अध्यक्षता में चल रही छत्तीसगढ़ जनता पार्टी से हां, न होता रहा और गठबंधन नहीं हो सका। गोंडवाना सहित अन्य दो छोटे दलों का जिक्र भी बैठक में हुआ। सूत्रों ने बताया कि राहुल गांधी ने आगामी लोकसभा चुनाव में हर छोटे मगर समान विचारधारा वाले दलों के साथ गठबंधन की जमकर पैरोकारी की जिसका समर्थन सीडब्लूसी में शामिल कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे समेत अन्य नेताओं ने किया। कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) की बैठक में पार्टी प्रमुख मल्लिकार्जुन खड़गे से लेकर राहुल गांधी तक नेताओं ने 2024 के चुनाव में पीएम नरेंद्र मोदी और भाजपा से मुकाबला करने के लिए विपक्षी एकता पर जोर दिया। राज्य चुनावों को इस बात के उदाहरण के रूप में देखा गया कि क्या नहीं करना चाहिए, खासकर मध्य प्रदेश में, जहां कांग्रेस चार बार की सत्ता विरोधी लहर का फायदा उठाने में विफल रही। कांग्रेस ने राजस्थान और छत्तीसगढ़ में भी सत्ता खो दी, जबकि तेलंगाना में उसे एकमात्र जीत हासिल हुई। सूत्रों का कहना है कि राहुल गांधी को यह भी लगा कि पार्टी ने तीन राज्यों में ठीक से प्रचार नहीं किया और उन्होंने तेलंगाना का उदाहरण दिया, जहां कांग्रेस ने एक साल पहले ही तीसरे स्थान से उल्लेखनीय वापसी की थी। जब कुछ नेताओं ने तीनों राज्यों में भाजपा की संगठनात्मक ताकत को उजागर करने ▶▶ शेष पेज 7 पर

# संसद सुरक्षा में चूक: आरोपी को प्राथमिकी की प्रति उपलब्ध कराने के आदेश पर रोक

## हाईकोर्ट का पुलिस की याचिका पर आरोपी नीलम देवी को नोटिस

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली हाईकोर्ट ने शुक्रवार को निचली अदालत के उस फैसले पर रोक लगा दी जिसमें पुलिस को निर्देश दिया गया था कि वह संसद की सुरक्षा में चूक मामले के एक आरोपी को प्राथमिकी की प्रति उपलब्ध कराए।

हाईकोर्ट ने पुलिस की इस दलील पर गौर किया कि यह एक 'संवदेनशील प्रकृति' का मामला है और सुप्रीम कोर्ट के फैसले के अनुरूप यौन अपराध, उग्रवाद, आतंकवाद एवं इस श्रेणी के अपराध और बच्चों का यौन अपराधों से संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम के तहत आने वाले अपराधों से जुड़ी प्राथमिकी को वेबसाइट पर अपलोड नहीं किया जाता है। न्यायमूर्ति स्वर्ण कांत शर्मा ने निचली अदालत के 21 दिसंबर के आदेश को चुनौती देने वाली पुलिस की याचिका पर आरोपी नीलम देवी को नोटिस जारी किया। निचली अदालत ने जांच एजेंसी को कानून के अनुसार आरोपी के वकील को प्राथमिकी की एक प्रति प्रदान करने का निर्देश दिया था। हाईकोर्ट ने कहा कि आरोपी व्यक्ति के खिलाफ




यूएपीए की धारा 16 और 18 भी लगाई गई है, इसलिए प्राथमिकी अपलोड नहीं की गई। अदालत ने कहा कि प्राथमिकी की प्रति निर्धारित प्रक्रिया का पालन किए बिना आरोपी को नहीं दी जा सकती थी...। हाईकोर्ट ने कहा कि निचली अदालत के 21 दिसंबर के आदेश के क्रियान्वयन पर सुनवाई की अगली तारीख तक रोक लगाई जाती है। इस मामले में अगली सुनवाई चार जनवरी, 2024 को होगी। पुलिस के वकील ने तर्क दिया कि संवेदनशील मामलों में, आरोपी को पुलिस आयुक्त से संपर्क करना होगा जो प्राथमिकी की प्रति प्रदान करने के आवेदन पर निर्णय के लिए एक समिति का गठन करेंगे और यदि इसे अस्वीकार कर दिया जाता है, तो वे राहत के लिए अदालत का रुख कर सकते हैं। दिल्ली पुलिस ने कहा कि निचली अदालत ने पुलिस को आरोपी को प्राथमिकी की प्रति उपलब्ध कराने का निर्देश देकर गलती की है। निचली अदालत ने बृहस्पतिवार को संसद सुरक्षा का उल्लंघन करने के मामले में गिरफ्तार चार आरोपियों मनोरंजन डी, सागर शर्मा, अमोल धनराज शिंदे और नीलम देवी की हिरासत पांच जनवरी तक बढ़ा दी थी। नीलम के आवेदन पर निचली अदालत ने जांच अधिकारी को प्राथमिकी की एक प्रति उसके वकील को सौंपने का निर्देश दिया था। वर्ष 2001 में 13 दिसंबर को संसद पर हुए आतंकवादी हमले की बरसी पर संसद की सुरक्षा का उल्लंघन करने के आरोप में सागर शर्मा और मनोरंजन डी को हिरासत में लिया गया है। दोनों पर शून्यकाल के दौरान लोकसभा की दर्शक दीर्घा से सदन में कूदने, 'केन' से पीली गैस छोड़ने और कुछ सांसदों द्वारा दबोचे जाने से पहले नारे लगाने का आरोप है। लगभग उसी समय दो अन्य आरोपियों अमोल शिंदे और नीलम देवी ने संसद भवन परिसर के बाहर 'तानाशाही नहीं चलेगी' के नारे लगाए और 'केन' से रंगीन गैस छोड़ी थी। इन चार आरोपियों के अलावा पुलिस ने ललित झा और महेश कुमावत को भी इस मामले में गिरफ्तार किया है। सभी छह आरोपियों से पुलिस हिरासत में पूछताछ की जा रही है।

## 'मुख्य साजिशकर्ता' की हिरासत पांच जनवरी तक बढ़ाई

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली की एक अदालत ने संसद सुरक्षा चूक मामले में कथित 'मुख्य साजिशकर्ता' ललित झा की हिरासत शुक्रवार को पांच जनवरी तक के लिए बढ़ा दी। विशेष न्यायाधीश हरदीप कौर ने दिल्ली पुलिस की अर्जी पर आरोपी झा की हिरासत की अवधि बढ़ाई। पुलिस ने अदालत से कहा कि जांच 'महत्वपूर्ण चरण' में है और आरोपी को जांच के लिए विभिन्न स्थानों पर ले जाए जाने की आवश्यकता है। लोक अभियोजक ने अदालत से कहा कि पूरे षड्यंत्र का पता लगाने और मामले की तह तक जाने के लिए आरोपी से पूछताछ करने की आवश्यकता है। लोक अभियोजक ने कहा कि हमें षड्यंत्र में शामिल असल लोगों का पता लगाने की आवश्यकता है... इस मामले की जांच करते हुए इसे समग्रता से देखे जाने की जरूरत है। हमें अपराध का असल मकसद पता करना होगा। पुलिस ने अदालत से पहले कहा था कि झा इस पूरी घटना का मुख्य साजिशकर्ता है। दिल्ली की एक अदालत ने संसद की सुरक्षा में सेंध मामले में गिरफ्तार चार आरोपियों मनोरंजन डी, सागर शर्मा, अमोल धनराज शिंदे और नीलम देवी की पुलिस हिरासत की अवधि बृहस्पतिवार को पांच जनवरी तक बढ़ा दी थी। संसद पर 2001 में हुए आतंकवादी हमले की बरसी के दिन गत 13 दिसंबर को सुरक्षा में चूक की बड़ी घटना उस वक्त हुई थी जब लोकसभा की कार्यवाही के दौरान दर्शक दीर्घा से सागर शर्मा और मनोरंजन डी सदन के भीतर कूद गए थे और उन्होंने नारेबाजी करते हुए 'केन' के जरिये पीले रंग का धुआं फैला दिया था। घटना के तत्काल बाद दोनों को पकड़ लिया गया था।

### मनोरंजन डी सरगना हो सकता है : पुलिस

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस के विशेष प्रकोष्ठ को संदेह है कि संसद सुरक्षा सेंध मामले में गिरफ्तार छह लोगों में शामिल मनोरंजन डी षड्यंत्र का सरगना था और "कुछ बड़ा" करके सरकार को संदेश देने के लिए यह साजिश रची गई थी। मामले की जांच से अवगत एक सूत्र ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, एक और आरोपी ललित झा ने जांचकर्ताओं को बताया है कि मनोरंजन ने कुछ बड़ा करने के लिए अन्य सदस्यों को प्रेरित किया था और संसद की सुरक्षा में सेंध लगाने की योजना बनाई थी और झा की भूमिका घटना के बात सबूत मिटाने की थी। मनोरंजन को 13 दिसंबर को संसद के अंदर सागर के साथ गिरफ्तार किया गया था।

### भलस्वा डेयरी थाना इलाके दिया था वारदात को अंजाम

# हत्या मामले में फरार आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



अपराध शाखा की उत्तरी रेंज टीम 2 ने भलस्वा डेयरी थाना इलाके के एक मर्डर केस में फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी रिजवान उर्फ मोहम्मद अकबर (19) इलाके की ही जेजे कॉलोनी का रहने वाला है। वारदात के बाद वह गिरफ्तारी से बचने के लिए लगातार अपने ठिकाने बदल रहा था। पुलिस के अनुसार गत वर्ष 25/26 अक्टूबर की मध्य रात्रि रिजवान, अजय, इस्तेकार और गौतम का अजरूद्दीन उर्फ मोनू के साथ किसी मुद्दे पर विवाद हुआ था। इसके बाद आरोपियों ने अजरूद्दीन को डंडों से पीटा व उस पर बर्फ वाले सूए से वार कर दिये थे। इसके बाद वह फरार हो गए थे। घायल शख्स ने अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया था। हाल में एएसआई प्रवीन को सूचना मिली कि रिजवान भलस्वा डेयरी के क्षेत्र में आने वाला है। आरोपी को पकड़ने के लिए डीसीपी संजय भाटिया के नेतृत्व वाली टीम ने क्षेत्र में जाल बिछाया गया और आरोपी रिजवान को सफलतापूर्वक पकड़ लिया गया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने बताया कि इनहोंने अजरुद्दीन मोनू को बंधक बना लिया था। उसके परिवार से 30 हजार रुपये की मांग भी हुई थी। परिवार द्वारा पैसे देने से इनकार करने पर हत्या की गई थी। जांच के दौरान, स्थानीय पुलिस द्वारा दो आरोपी व्यक्तियों अजय और इस्तेकार को गिरफ्तार किया गया था। एक आरोपी गौतम को अपराध शाखा द्वारा इसी साल 2 फरवरी को गिरफ्तार किया गया था।

## बंगाल में हत्या कर दिल्ली में छिपा युवक दबोचा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



पश्चिम बंगाल के मुर्शीदाबाद में हत्या के बाद दिल्ली में चोरी करने वाले एक शातिर बदमाश को गीता कॉलोनी पुलिस ने अरेस्ट किया है। आरोपी का नाम किस्मत शेख (22) है। इसके पास से एक पेंचकश, एक चोरी हुआ पर्स और एक आधार कार्ड बरामद हुआ है। पुलिस के अनुसार चोरी और अपराधी को मौके से पकड़ने के संबंध में एक पीसीआर कॉल प्राप्त हुई थी। गीता कॉलोनी पुलिस तुरंत घटनास्थल गीता भवन मंदिर, सरोजिनी पार्क पहुंची, जहां कॉलर पंड़ित संदीप शास्त्री ने बताया कि तड़के लगभग चार बजे जब वह मंदिर की पहली मंजिल पर सो रहे थे तो खटपट की आवाज से उनकी नींद खुल गई। उठे तो देखा कि एक लड़का उनका पर्स चोरी कर रहा था। उसे रोकने की कोशिश की तो लड़के ने उन पर पेचकस से हमला कर दिया। हालांकि उन्होंने अपने स्टाफ आशीष की मदद से चोर को काबू कर लिया। निरंतर पुलिस पूछताछ के बाद उसने खुलासा किया कि नशे का आदी है। दिल्ली और पश्चिम बंगाल में चोरी, डकैती और स्नैचिंग के कई मामलों में शामिल रहा है। एक डकैती मामले में दो महीने पहले ही जमानत पर रिहा हुआ था। 14 दिसंबर को उसने पश्चिम बंगाल में जमशेद शेख की दोनों आंखों पर चाकू और सिर पर चोट मारकर नृशंस हत्या कर दी थी। क्योंकि उसे अपनी मां की हत्या में शेख पर शक था। पुलिस से बचने के लिये वह दिल्ली आया था। इस गिरफ्तारी के संबंध पश्चिम बंगाल के सालार थाने की पुलिस को इस संबंध में सूचित कर दिया गया है। आरोपी जगतपुरी के चोरी व सेंधमारी के आठ मामलों में शामिल पाया गया है।

## नांगलोई: महिला को गला घोंटकर मौत के घाट उतारने वाला चार माह बाद धरा

**नई दिल्ली।** नांगलोई पुलिस ने हत्या के फरार आरोपी को चार महीने बाद गिरफ्तार किया गया है। आरोपी पंकज कुमार मेहतो (39) पर एक महिला की गला घोंटकर हत्या का आरोप है।

डीसीपी जिमी चिरम ने बताया कि हत्या की यह वारदात 26 अगस्त को सामने आई थी। एक घर की छत पर खून से लथपथ महिला का शव पाया गया था। मृतक की पहचान 32 साल की तमन्ना के रूप में हुई थी। मकान मालिक ने पुलिस को बताया था कि वह अपने दो बच्चों और लिव-इन-पार्टनर पंकज के साथ किरायेदार के रूप में यहां रह रही थी। पंकज वारदात के बाद से ही फरार था। जांच के दौरान पुलिस ने 100 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की जांच की। पता चला कि आरोपी बिहार का रहने वाला था और उसकी ससुराल पश्चिम बंगाल में थी। स्टाफ द्वारा सात राज्यों पश्चिम बंगाल, हरियाणा, पंजाब, यूपी, दिल्ली, बिहार और जम्मू-कश्मीर में कई छापे मारे। लेकिन आरोपी पंकज का कोई सुराग नहीं मिला। चार माह के अथक प्रयास के बाद आखिरकार पंकज को गोखले मार्केट, निकट तीस हजारी, पुरानी दिल्ली से गिरफ्तार किया गया।

### महिला के साथ छह साल से लिव इन में था

पूछताछ के दौरान, आरोपी ने खुलासा किया कि वह पिछले छह वर्षों से मृतका तमन्ना प्रवीण के साथ लिव इन रिलेशनशिप में था। तमन्ना ने उस पर अपनी पत्नी और बच्चों को छोड़ने का दबाव डाला और लगातार उससे झगड़ा करती रही। परेशान होकर उसने उसे एक प्लाई के टुकड़े से उसे मारा और बाद में रस्सी से गला घोंट दिया था। फरारी के दौरान वह हरियाणा के भिवानी, कलकत्ता, पंजाब के लुधियाना, गाजियाबाद और दिल्ली के कई इलाकों में छिपकर रहा। इस बीच उसने मोबाइल का भी इस्तेमाल नहीं किया था। वह आजकल तीस हजारी कोर्ट के पास अग्रिम जमानत के लिए वकील की तलाश कर रहा था। आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया जहां से उसे 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा गया है।

## सब्जी मंडी: युवक ने पंखे से लटक की खुदकुशी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

उत्तरी जिले के सब्जी मंडी थाना अंतर्गत एक युवक ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। मृतक की पहचान मानिक (28) के रूप में हुई है। वह किराये के मकान में अकेला रहता था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिये मोर्चरी भिजवाया है। मौके से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ। पुलिस परिजनों से पूछताछ कर युवक के इस कदम के पीछे के कारणों का पता लगाने का प्रयास कर रही है। डीसीपी मनोज कुमार मीणा के अनुसार शुक्रवार सुबह 10:53 बजे सब्जी मंडी थाने में एक पीसीआर कॉल प्राप्त हुई, जिसमें बताया गया कि मकान नंबर 1800/18, अनारकोठी, मलकागंज में एक शख्स ने पंखे से लटककर आत्महत्या कर ली है। थानाप्रभारी और स्टाफ तुरंत मौके पर पहुंचे। पहुंचने पर उन्हें कमरा अंदर से बंद मिला। इसके बाद पुलिस टीम ने कमरे में प्रवेश पाने के लिए पीछे की खिड़की तोड़ी। मृतक की पहचान विश्वनाथ के बेटे माणिक के रूप में हुई है। वह तौलिये के सहारे छत के पंखे से लटका हुआ था। माणिक अपने भाई के साथ विवाह समारोहों में मजदूरी करता था। उसका भाई अपने परिवार और मां के साथ बगल घर में रहता था। शव को हिंदू राव अस्पताल के शवगृह में भिजवाया गया है। अपराध स्थल की फोरेंसिक जांच की जा रही है और सीआरपीसी की धारा 174 के तहत आगे कार्यवाही हो रही है।

**गुमशुदा की तलाश**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक व्यक्ति (चित्र में दर्शाया गया), जिसका नामः परवेश, पुत्रः कनोरी लाल, पताः लाल बाग पेट्रोल पंप वाली गली, दिल्ली. उम्र 30 वर्ष, जो दिनांक 29.11.2023 को उपरोक्त पते से गुम है। इस बाबत DD No. 34-A दिनांक 02.12.2023 से थाना मॉडल टाउन, दिल्ली में दर्ज है। व्यक्ति का शारीरिक ब्योरा इस प्रकार है:



परवेश

कदः 5'4'' फीट, चेहराः गोल, रंगः गेहुँआ, शरीरः ढ़ीला, पहनावाः सफेद शर्ट और काली पैंट जींस और पैरों में लाल रंग के जूते पहने हुए।

दि किसी भी व्यक्ति को इस गुमशुदा व्यक्ति के बारे में कोई भी सूचना या जानकारी मिले तो इसकी सूचना निम्नलिखित को सूचित करने की कृपा करें ई–मेलः cic@cbi.gov.nic.in अथवा वेबसाइटः http://cbi.nic.in फोन नम्बर : 011.24368638 या 24368641.

थानाध्यक्ष
थाना, मॉडल टाउन, दिल्ली
फोन : 011 2745 6072

DP/14603/NW/2023

**हरियाणा लोक सेवा आयोग**
बेज नं. 1-10, ब्लॉक-बी, सेक्टर-4, पंचकूला

**घोषणा**

**एचसीएस (एग्जीक्यूटिव ब्रांच) एवं अन्य सम्बद्ध सेवाएं परीक्षा-2023**
**(विज्ञापन सं. 58 ऑफ 2023)**

उम्मीदवारों की सामान्य जानकारी हेतु एतद द्वारा घोषणा की जाती है कि आयोग ने एक्सईएस (एग्जीक्यूटिव ब्रांच) एवं अन्य सम्बद्ध सेवाएं परीक्षा-2023 (विज्ञापन सं. 58 ऑफ 2023) के पदों हेतु ऑनलाइन आवेदन करने की अन्तिम तिथि 21.12.2023 से 25.12.2023 (सोमवार) अप. 11:55 तक बढ़ाने का निर्णय लिया है।

हस्ता/- उप सचिव
दिनांक : 21.12.2023 हरियाणा लोक सेवा आयोग
संवाद विज्ञा. सं.-1156/13/229/2024/23648/88/7 दि. 22.12.23 पंचकूला

### अदालत ने जांच पूरी करने के लिए पुलिस को 60 और दिन का समय दिया

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली की अदालत ने समाचार पोर्टल के खिलाफ आतंकवाद रोधी कानून यूएपीए के तहत दर्ज मामले में जांच पूरी करने के लिए शुक्रवार को दिल्ली पुलिस को 60 और दिन का समय दिया है। समाचार पोर्टल पर भारत में चीन के समर्थन में प्रचार करने के लिये धन लेने का आरोप है। विशेष न्यायाधीश हरदीप कौर ने समाचार पोर्टल के संस्थापक और प्रधान संपादक प्रबीर पुरकायस्थ एवं पोर्टल के मानव संसाधन विभाग के प्रमुख अमित चक्रवर्ती की न्यायिक हिरासत भी 20 जनवरी तक बढ़ा दी है। अदालत ने यह आदेश दिल्ली पुलिस की एक याचिका पर दिया, जिसमें जांच पूरी करने के लिए और समय दिए जाने का अनुरोध किया गया था।

## आईजीआई पर इस साल चोरी के मामलों में आई 48 प्रतिशत की गिरावट

### 150 खोई हुई वस्तुओं को सही मालिकों को सौंपा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

आईजीआई हवाईअड्डे पर भी कड़ी सुरक्षा के बीच हर साल चोरी के सैंकड़ों मामले सामने आते हैं। इसमें मोबाइल, आभूषण और अन्य कई प्रकार के सामान चोरी के मामले अधिक होते हैं।

पुलिस द्वारा चोरी के साथ अन्य अवैध गतिविधियों में शामिल लोगों की लगातार धरपकड़ भी की जाती है। साथ ही कई प्रकार के निवारक उपाय भी हाल में किए गए हैं। इसी के परिणामस्वरूप इस साल चोरी के मामलों में 48 प्रतिशत की कमी दर्ज हुई है। डीसीपी देवेश कुमार महला के अनुसार आईजीआई हवाईअड्डा पुलिस ने मोबाइल, सामान व आभूषण चोरियों में शामिल कई व्यक्तियों को सफलतापूर्वक गिरफ्तार किया है। जो हवाईअड्डे पर यात्रियों के लिए एक सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित करने के लिए अपनी अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाता है। चोरी रोकने के लिए कई प्रकार के निवारक उपाय लागू किए गये हैं। जिनमें टर्मिनलों सहित हवाई अड्डे के सभी क्षेत्रों में पुलिस की उपस्थिति बढ़ाना और सामान संभालने वाले कर्मचारियों की बारीकी से जांच करना। तीन पुलिस टीमें, एक-एक इंस्पेक्टर की देखरेख में और एक एसीपी की देखरेख में सामान की लोडिंग और अनलोडिंग के समय एक साथ औचक जांच करती हैं। यदि चेकिंग के दौरान कोई विसंगति/कमियां नजर आती है तो संबंधित एयरलाइंस के प्रबंधकों को लिखित रूप से सूचित किया जाता है। नागरिक उड्डयन सुरक्षा ब्यूरो (बीसीएएस) को भी तुरंत सूचित किया जाता है। रणनीतिक रूप से लगाए गए सीसीटीवी कैमरों के नेटवर्क के माध्यम से सामान ले जाने वाली गाड़ी व ट्रॉली पर कड़ी नजर रखी जा रही है। इस साल 150 गुम/चोरी/खोई हुई वस्तुओं को सही मालिकों को सौंपा गया। इन प्रयासों से छोटी-मोटी चोरियों में शामिल कई लोगों की गिरफ्तारी हुई है। जिससे यात्रियों और उनके सामान की सुरक्षा और बढ़ी है। पुलिस के चोरियां रोकने के कई निवारक उपायों का ही नतीजा है कि 2022 की तुलना में 2023 में गिरफ्तारियों की संख्या में पर्याप्त वृद्धि हुई है। 2022 में जहां 32 गिरफ्तारियां हुई थी वहीं इस साल 42 लोग पकड़े गये। अप्रैल, अगस्त और नवंबर में चोरी का पंजीकरण शून्य रहा। गत वर्ष के मुकाबले इस साल समग्र सामान चोरी के मामलों के पंजीकरण में 48 प्रतिशत की गिरावट आई है।

### दो करोड़ की ट्राडामोल बरामद

# अंतरराज्यीय ड्रग सिंडिकेट के दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



स्पेशल सेल ने अंतरराष्ट्रीय ड्रग सिंडीकेट का भंड़ाफोड़ करते हुये दो लोगों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से दो करोड़ कीमत की ट्राडामोल दवा बरामद हुई है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार किये गये दोनों लोगों के नाम योगेश तुलसानी (27) निवासी शालीमार बाग और अरविंद कुमार शर्मा (45) निवासी गंगा विहार, गोकल पुरी है।

आरोपी व्यक्तियों के पास से प्रतिबंधित ट्रामाडोल की कुल 3,40,490 गोलियां बरामद की गई हैं। यह दवाई पंजाब के अमृतसर में सप्लाई की जानी थी। पुलिस ने बताया कि 20 दिसंबर को इसके बारे में इनपुट मिला था कि प्रतिबंधित दवाओं की एक बड़ी खेप शालीमार बाग में योगेश नाम के शख्स के घर पर स्टॉक की गई है। उसे किसी भी समय अज्ञात व्यक्तियों को भेजा जा सकता था। सूचना को पुख्ता कर छापेमारी की गई। एक ऑटो-रिक्शा में रखे गए सात कार्टन की एक बड़ी खेप जब्त कर योगेश को मौके पर ही पकड़ लिया गया। बरामद कार्टूनों में दो अलग-अलग कंपनियों के कई छोटे-छोटे डिब्बों में ट्रामाडोल हाइड्रोक्लोराइड की गोलियां भरी थी। सभी बक्सों की बैच डिटेल्स को या तो किसी केमिकल से मिटा दिया गया या फिर बुरी तरह से खरोंचा गया था, ताकि उसे पढ़ा ना जा सके। ऐसे में उक्त सात डिब्बों से ट्रामाडोल की कुल 2,18,990 गोलियां बरामद की गई। दूसरे आरोपी अरविंद कुमार शर्मा को उस समय पकड़ा गया जब वह योगेश तुलसानी को सामान देने के लिए पांच कार्टन से भरा एक अन्य ऑटो-रिक्शा लेकर मौके पर पहुंचा। उक्त कार्टून में ट्रामाडोल हाइड्रोक्लोराइड गोलियों के कई छोटे डिब्बे भी पाए गए। सभी बक्सों की बैच डिटेल भी केमिकल से मिटाई गई थी। पांच डिब्बों से ट्रामाडोल की कुल 1,21,500 गोलियां बरामद की गई। अरविंद ने खुलासा किया कि वह पिछले 5-6 वर्षों से प्रतिबंधित दवाओं की खरीद और आपूर्ति में शामिल था।

## आबकारी नीति 'घोटाला' : संजय सिंह की जमानत याचिका खारिज

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

कोर्ट ने कथित आबकारी नीति घोटाले से संबंधित धन शोधन मामले में आम आदमी पार्टी (आप) के नेता संजय सिंह की जमानत याचिका शुक्रवार को खारिज कर दी। विशेष न्यायाधीश एम.के. नागपाल ने राज्यसभा सदस्य सिंह की जमानत याचिका खारिज की। कोर्ट के विस्तृत आदेश की अभी प्रतीक्षा है। इससे पहले गुरुवार को कोर्ट ने अपनी कार्यवाही स्थगित कर दी थी और कहा था कि वह सिंह की जमानत याचिका पर 22 दिसंबर को फैसला सुनाएगी। सिंह की जमानत अर्जी पर बहस के दौरान उनके वकील ने कहा था कि सिंह को रिश्वत देने के बारे में आरोपी से सरकारी गवाह बने दिनेश अरोड़ा और अन्य गवाहों के बयानों में विरोधाभास हैं। ईडी ने सिंह के आवेदन का विरोध करते हुए कहा था कि जांच अभी चल रही है अगर उन्हें जमानत पर रिहा किया गया तो वह जांच में बाधा डाल सकते हैं, सबूतों के साथ छेड़छाड़ कर सकते हैं व गवाहों को प्रभावित कर सकते हैं।

### संजय सिंह शराब घोटाले के मुख्य रिसीवर के रूप में चिन्हित हो गए : सचदेवा

**नई दिल्ली।** शुक्रवार को सांसद संजय सिंह की जमानत याचिका खारिज होने के बाद संजय सिंह शराब घोटाले के पैसे के मुख्य रिसीवर के रूप में चिन्हित हो गए हैं। दिल्ली भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने शुक्रवार को कहा है कि जब से शराब घोटाले का पता चला है तब से दिल्ली भाजपा कह रही है कि सीएम अरविंद केजरीवाल और पूर्व मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया शराब घोटाले के मास्टर माइंड हैं लेकिन सांसद संजय सिंह ही इस घोटाले के सूत्रधार थे।

**गुमशुदा की तलाश**



मानषी

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक लड़की जिसका नाम **मानषी** पुत्री स्वर्गीय प्रेम चंद, पता-मकान नं. 59/4330, रेगर पुरा, करोल बाग, दिल्ली। **उम्र :** 18.5 वर्ष, **कद :** 5', **रंग**-गोरा, **चेहरा**-अंडाकार, **शरीर**-मोटा, **पहनावा**- फुल स्लीव ब्लैक टॉप और ब्लू रंग का पजामा व पैरों में ग्रे रंग की चप्पल पहने हुए है। जो दिनांक 11.12.2023 को शाम 06.30 बजे अपने घर से गुम है। इस संबंध में **डीडी सं. 19A दिनांक 12.12.2023 को पुलिस थाना करोल बाग, दिल्ली में दर्ज है।**

स्थानीय पुलिस द्वारा हर संभव कोशिश के बाद भी इस लड़की का कोई भी सुराग नहीं मिल पाया है। अगर किसी को इस लड़की के बारे में कोई जानकारी मिले तो कृपया निम्नलिखित फोन नम्बरों पर सूचित करें।

ई-मेल : cic@cbi.gov.in
फोन. : 011-24368638, 24368641
फैक्स : 011-24368639
DP/14521/CD/2023

थानाअध्यक्ष
पुलिस थाना करोल बाग, दिल्ली
Ph. : 011-28726870, 28700482, 8750870430

**हरियाणा सरकार** **निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर पालिका सिरसा | एम.सी. सिरसा में नेहरू पार्क की मरम्मत और पुनरोद्धार + 6 कार्य। | 20.12.2023 11.01.2024 | 1.99 करोड़ | https://etenders.hry.nic.in | 9466676699 secymc.sirsa@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद विज्ञा. सं.-13/2024/40/23638/I/88/7 दि. 22.12.23

# 9 साल बेमिसाल

पिछले 9 वर्षों में देश महिलाओं के नेतृत्व में विकास की परिकल्पना के साथ आगे बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के कुशल नेतृत्व में सरकार ने महिलाओं को सुविधा, सुरक्षा व सम्मान प्रदान किया है। केंद्र सरकार ने कई ऐसी पहल की हैं, जो शिक्षा तक पहुंच, बेहतर स्वास्थ्य सेवा और लैंगिक संवेदनशीलता में सुधार लाने समेत बालिकाओं को सशक्त बनाने पर केंद्रित हैं। करोड़ों माताओं, बहनों और बेटियों का जीवन अब आसान हो गया है और वे देश की प्रगति में अपना भरपूर योगदान दे रही हैं। मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल जी की अगुवाई में हरियाणा सरकार ने भी महिला सशक्तिकरण में कोई कसर नहीं छोड़ी है। समाज में लड़का-लड़की के भेदभाव को समाप्त करने, लिंगानुपात में सुधार लाने, स्कूलों में बालिकाओं के नामांकन व लड़कियों द्वारा पढ़ाई बीच में छोड़ने के चलन को खत्म करने तथा लड़कियों को स्वावलम्बी बनाने के उद्देश्य से बेटियों के लालन-पालन, शिक्षा व करियर के लिए सरकार द्वारा कई योजनाएं चलाई गई हैं। 'आपकी बेटी-हमारी बेटी' योजना इसी कड़ी में शुरू की गई है।




# हरियाणा में महिला सशक्तिकरण पर जोर



> बीते 9 वर्षों में हमने माताओं-बहनों से जुड़ी हर बंदिशों को तोड़ने का प्रयास किया है। हमारी सरकार ने एक के बाद एक ऐसी योजनाएं बनाईं हैं, ऐसे कार्यक्रम शुरू किए हैं, जिससे हमारी बहनों को सम्मान, सुविधा, सुरक्षा और समृद्धि का जीवन मिले।
>
> -नरेन्द्र मोदी

## किशोरी बालिकाओं को पुरस्कार योजना

■ ग्रामीण क्षेत्रों में बालिकाओं को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करने के लिए 'किशोरी बालिकाओं को पुरस्कार योजना' के तहत दी जाने वाली पुरस्कार राशि में बढ़ोतरी की गई है। फरवरी, 2019 से शहरी बालिकाओं को भी इस योजना के अन्तर्गत कवर किया जा रहा है।

■ हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की मैट्रिक परीक्षा में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली तीन छात्राओं को क्रमशः 8,000, 6,000 तथा 4,000 रुपये की राशि दी जाती है।

## सर्वश्रेष्ठ माता पुरस्कार योजना

- बारहवीं परीक्षा में खंड स्तर पर प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली बालिकाओं को क्रमशः 12,000, 10,000 और 8,000 रुपये की राशि दी जाती है।
- 'सर्वश्रेष्ठ माता पुरस्कार योजना' के अन्तर्गत सर्कल स्तर पर प्रथम, द्वितीय व तृतीय पुरस्कार राशि क्रमशः 500, 300 व 200 रुपये से बढ़ाकर 2000, 1200 व 800 रुपये की गई है। ब्लॉक स्तर पर प्रथम, द्वितीय व तृतीय पुरस्कार राशि क्रमशः 1000, 750 व 500 रुपये से बढ़ाकर 4,000, 3,000 व 2000 रुपये की गई है।

## महिलाओं के कल्याण व उत्थान हेतु योजनाएं

- प्रदेश में गिरते लिंगानुपात को सुधारने तथा महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए 22 जनवरी, 2015 को पानीपत से 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' कार्यक्रम शुरू किया गया। इसके परिणामस्वरूप जन्म के समय लिंगानुपात वर्ष 2014 में 871 की तुलना में अक्तूबर, 2023 में बढ़कर 932 हो गया।
- 'आपकी बेटी, हमारी बेटी योजना' के अन्तर्गत अनुसूचित जाति तथा अन्य गरीब परिवारों में पहली बेटी के जन्म पर तथा सभी परिवारों में दूसरी और तीसरी बेटी के जन्म पर 21,000 रुपये की राशि बच्ची के नाम भारतीय जीवन बीमा निगम में एकमुश्त जमा करवाई जाती है। इसमें 18 वर्ष की आयु/ अविवाहित होने पर लड़की को लगभग एक लाख रुपये की राशि मिलेगी। इसके तहत अब तक 4.60 लाख लाभपात्रों को कवर किया जा चुका है।
- महिलाओं के कल्याण और उत्थान के लिए 8 मार्च, 2015 को 'हरियाणा कन्या कोष' स्थापित किया गया।
- हिंसा से पीड़ित महिलाओं को चरणबद्ध तरीके से एक छत के नीचे चिकित्सा सुविधा, पुलिस सहायता, कानूनी सहायता, मानसिक एवं सामाजिक काउंसलिंग, अस्थाई आवासीय सहायता जैसी सुविधाएं प्रदान करने के उद्देश्य से सभी जिलों में वन स्टॉप सेंटर 'सखी' की स्थापना की गई है।
- महिलाओं का मान-सम्मान बढ़ाने के उद्देश्य से महिला दिवस के अवसर पर श्रीमती सुषमा स्वराज पुरस्कार, इंदिरा गांधी महिला शक्ति पुरस्कार, कल्पना चावला शौर्य पुरस्कार, बहन शन्नो देवी पुरस्कार, लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार, विशिष्ट उपलब्धियों पर खेल पुरस्कार, सरकारी कर्मचारी व सामाजिक कार्यकर्ता पुरस्कार आदि दिये जाते हैं।

## महिलाओं के लिए केंद्र द्वारा पोषित कल्याणकारी योजनाएं

**प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना :** महिलाओं के लिए केन्द्र सरकार ने मई, 2016 को उत्तर प्रदेश के बलिया से इस योजना की शुरुआत की। इस योजना के तहत आर्थिक रूप से कमजोर गृहणियों को रसोई गैस सिलेंडर उपलब्ध करवाए जाते हैं। अब तक देश के 8.3 करोड़ परिवारों को इस योजना का लाभ मिल चुका है। हरियाणा में इस योजना के तहत 9 लाख 56 हजार कनेक्शन जारी किए गए।

**बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना :** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' योजना की शुरुआत 22 जनवरी, 2015 को हरियाणा के पानीपत में की थी। इस योजना का उद्देश्य बालिका लिंग अनुपात में गिरावट रोकना एवं महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देना है। इस योजना के तहत हरियाणा में लिंगानुपात सुधर कर 932 हो गया है।

**सुरक्षित मातृत्व आश्वासन सुमन योजना :** इस योजना के तहत 100 फीसदी तक अस्पतालों या प्रशिक्षित नर्सों की निगरानी में महिलाओं के प्रसव को किया जाता है, ताकि प्रसव के दौरान मां और उसके बच्चे के स्वास्थ्य की उचित देखभाल की जा सके। सुरक्षित मातृत्व आश्वासन सुमन योजना की शुरुआत अक्तूबर, 2019 को गई थी। इस योजना के अंतर्गत गर्भवती महिलाओं और नवजात शिशुओं के जीवन की सुरक्षा के लिए सरकार द्वारा नि:शुल्क स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जा रही है।

**फ्री सिलाई मशीन योजना :** केंद्र सरकार की ओर से फ्री सिलाई मशीन योजना चलाई गई है। इस योजना का लाभ देश के ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों की आर्थिक रूप से कमजोर महिलाएं उठा सकती हैं। भारत सरकार की तरफ से हर राज्य में 50,000 से अधिक महिलाओं को नि:शुल्क सिलाई मशीन प्रदान की जाएगी। इस योजना के अंतर्गत केवल 20 से 40 वर्ष तक की आयु की महिलाएं आवेदन कर सकती हैं।

**महिला शक्ति केन्द्र योजना :** यह योजना महिलाओं के संरक्षण और सशक्तिकरण के लिए तैयार की गई है। इस योजना के तहत गांव की महिलाओं को सामाजिक भागीदारी के माध्यम से सशक्त बनाने और उनकी क्षमता का अनुभव कराने का काम किया जाता है। यह योजना राष्ट्रीय, राज्य और जिला स्तर पर कार्य करती है।

**सुकन्या समृद्धि योजना :** यह योजना 10 वर्ष से कम उम्र की लड़कियों/बच्चियों की उच्च शिक्षा और विवाह के लिए है यानी लड़कियों के सुरक्षित भविष्य के लिए यह बचत योजना है। किसी भी बैंक और पोस्ट ऑफिस में जाकर आप अपनी 10 वर्ष से कम उम्र की बेटी के लिए अकांउट खुलवा सकते हैं। योजना पूरी हो जाने के बाद सारा पैसा उसे मिलेगा, जिसके नाम पर आपने इस अकांउट को खुलवाया होगा।

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने नारी शक्ति को भारत की विकास यात्रा में अग्रणी स्थान दिया है। इस दृष्टिकोण का प्रभाव परिणामों में स्पष्ट रूप से नजर आता है। उज्ज्वला, शौचालय, हर-घर नल से जल जैसी योजनाओं से महिलाओं के जीवन को जहां सरल बनाया जा रहा है, वहीं उनकी सुरक्षा पर भी पूरा ध्यान दिया गया है। हरियाणा सरकार ने दुर्गा शक्ति एप, महिला हेल्पलाइन-1091, पुलिस स्टेशनों पर महिला हेल्प डेस्क स्थापित किए हैं। महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए हरियाणा पुलिस में महिलाओं की संख्या 15 प्रतिशत तक ले जाने का लक्ष्य रखा गया है।

## प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना

प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना (01.01.2017) के अन्तर्गत गर्भवती व दूध पिलाने वाली माताओं को प्रथम जीवित बच्चे पर 5000 रुपये की राशि दी जाती है। केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा इस योजना के दिशा-निर्देशों को संशोधित करते हुये गर्भवती और स्तनपान कराने वाली माताओं को दूसरे जीवित बच्चे (लड़की) के जन्म पर एकमुश्त 6000 रुपये का लाभ दिया जायेगा। योजना के तहत दिनांक 01.01.2017 से अब तक 345.72 करोड़ रुपये की राशि व्यय कर 7,60, 471 लाख लाभपात्रों को कवर किया गया।

प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के कार्यान्वयन के लिए एक करोड़ से अधिक जनसंख्या वाले राज्य की श्रेणी के अंतर्गत अनुकरणीय प्रदर्शन करने पर वर्ष 2019-20 के लिए हरियाणा को केन्द्र सरकार द्वारा तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया।

## मुख्यमंत्री मातृत्व सहायता योजना

मुख्यमंत्री मातृत्व सहायता योजना के तहत गर्भवती और स्तनपान कराने वाली माताओं को दूसरे जीवित बच्चे (लड़का) के जन्म पर एकमुश्त 5000 रुपये का लाभ दिया जायेगा।

❍ ग्रामीण महिलाओं के हित में ऐतिहासिक फैसला लेते हुए, सरकार ने पंचायती राज संस्थाओं में उन्हें 50 प्रतिशत प्रतिनिधित्व दिया है।

❍ मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना के तहत मिलने वाला लाभ घर बैठे सीधा उनके खाते में पहुंच रहा है।




*मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल जी का कहना है कि हमें सिर्फ बेटियों को बचाना ही नहीं हैं, बल्कि उन्हें पढ़ाना भी है और अपने पैरों पर खड़ा करना भी है। इसके लिए उनका शिक्षित होना बेहद जरूरी है। इसलिए सरकार ने बेटियों की शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए भी कई प्रयास किये हैं। घर के नजदीक ही उच्चतर शिक्षा प्रदान करने के लिए कॉलेज खोले गये हैं। छात्राओं को घरों से शिक्षण संस्थानों तक आने-जाने के लिए 150 किलोमीटर की दूरी तक रोडवेज की बसों में मुफ्त यात्रा सुविधा प्रदान की जा रही है। छात्रा परिवहन सुरक्षा योजना के तहत विशेष महिला बसें चलाई गई हैं।*

डबल इंजन हरियाणा सरकार : मिल रही सुविधाएं बेशुमार
media marketing initiative

## खबर संक्षेप

### वार्ड-6 की मुख्य सड़क का शुभारंभ



**फरीदाबाद।** एनआईटी विधायक नीरज शर्मा ने एनआईटी विधानसभा के वार्ड-6 में नंगला रोड से हिमालय स्कूल टी प्वांइट सड़क का शुभारंभ किया। विधायक ने बताया कि इस सड़क पर सरकारी स्कूल व पानी का बूस्टर है। यह कार्य काफी समय से अधूरा था। ठेकेदार द्वारा काम शुरू न करने से वर्क आर्डर का समय समाप्त हो गया था।

### आठ साल के मासूम की गला दबाकर हत्या


**फरीदाबाद।** दो दिन पहले सेक्टर-14 में स्केटिंग करते समय लापता हुए आठ साल के मासूम का शव



सेक्टर-17 बाईपास रोड किनारे एक पाइप में पड़ा मिला। शव को एक बोरे में बंद कर फेंका गया था। हत्या का आरोप बच्चे के दूर के रिश्ते के ताऊ पर है। आशंका है आरोपी ने बच्चे के साथ कुकर्म की घटना को भी अंजाम दिया है। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर जांच शुरू कर दी है।

### बिना ओपन हार्ट सर्जरी के बंद किया दिल का छेद

**गुरुग्राम ।** पारस हेल्थ के कार्डियोलॉजी विभाग प्रमुख डॉ. अमित व आलोक रंजन द्वारा डबल



स्टेंटिंग प्रक्रिया द्वारा 36 वर्षीय युवक में एक दुर्लभ जन्मजात हृदय विकार को बिना ओपन हार्ट सर्जरी के कर दिखाया है। मरीज अब पूरी तरह स्वस्थ है। हृदय रोग विशेषज्ञों की टीम में डॉ. दीपक ठाकुर, कंसल्टैंट, एडल्ट स्ट्रक्चरल हार्ट इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजिस्ट आदि शामिल थे।

### दावत के दौरान बच्चियों पर गिरा छज्जा, 1 की मौत


**गाजियाबाद।** बॉर्डर थाना क्षेत्र की सोनिया विहार कॉलोनी में बृहस्पतिवार शाम छह बजे



कुरानखानी की दावत के दौरान जर्जर मकान का छज्जा गिरने से तीन बच्चियां मलबे में दब गईं। हादसे में सात साल की बच्ची की मौत हो गई। वहीं दो बच्चियां घायल हो गईं। आसपास के लोगों ने मलबे से निकालकर बच्चियों को अस्पताल में भर्ती कराया है।मकान फारूख का है, जो दिल्ली में रहता है।

### कहा- सुनी पर युवक पर चाकू से हमला

**गाजियाबाद।** क्रासिंग रिपब्लिक थाना इलाके में माया फार्म हाउस पर मामूली कहां सनी होने पर दो



युवकों ने मजदूर को चाकू से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। उसकी हालत को गंभीर देखते हुए दिल्ली के जीटीबी अस्पताल भेजा गया। एसीपी वेव सिटी सलोनी अग्रवाल ने बताया कि पीआरवी की इंवेट के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई थी।

## जिला स्तरीय गीता जयंती महोत्सव का आगाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

हरियाणा के उच्चतर शिक्षा, परिवहन और खनन विभाग के कैबिनेट मंत्री पं. मूलचंद शर्मा ने कहा कि श्रीमद्भगवद गीता मनुष्य को बेहतर जीवन जीना सिखाती है। उन्होंने ने कहा कि श्रीमद्भागवत गीता मनुष्य को जीवन में संस्कार देने वाला विश्व में सबसे बड़ा अध्यात्मिक ज्ञान का ग्रंथ है।

पं. मूलचंद शर्मा ने कहा कि विश्व में सबसे बड़ा अध्यात्मिक ज्ञान का ग्रन्थ श्रीमद्भागवत गीता है। यह हर मनुष्य कठिन से कठिन परिस्थितियों में गीता ग्रन्थ जीवन जीने की राह दिखाती है। अगर हम गीता के संदेशों को अपने दैनिक जीवन में ढाल लें, तो यह हमें बेहतरी की ओर लेकर जाती है। कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा सेक्टर-12 कन्वेंशन सेंटर में आयोजित जिला स्तरीय गीता जयंती महोत्सव के अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि शिरकत कर रहे थे। जिला स्तरीय अंतर्राष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव का शुभारंभ यज्ञ हवन के साथ किया गया। इसके बाद उन्होंने सूचना जनसंपर्क एवं भाषा विभाग द्वारा आयोजित गीता प्रदर्शनी व विभिन्न विभागों तथा सामाजिक-धार्मिक संस्थाओं द्वारा लगाए गए स्टॉलों का उद्घाटन कर उनका बारीकी से अवलोकन भी किया।

# 2025 तक लागू होगी रोजगार परक नई शिक्षा नीति

हरियाणा के उच्चतर शिक्षा, परिवहन और खनन विभाग के कैबिनेट मंत्री पं. मूलचंद शर्मा ने कहा कि श्रीमद्भगवद गीता मनुष्य को बेहतर जीवन जीना सिखाती है। श्रीमद्भागवत गीता मनुष्य को जीवन में संस्कार देने वाला विश्व में सबसे बड़ा अध्यात्मिक ज्ञान का ग्रंथ है।

**खास बातें**

- विश्व में सबसे बड़ा अध्यात्मिक ज्ञान का ग्रन्थ श्रीमद्भागवत गीता
- अंतर्राष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव का शुभारंभ यज्ञ हवन के साथ किया गया
- संस्थाओं द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी

### जीवन की समस्याओं के समाधान का निचोड़ है श्रीमद्भागवत गीता



हरियाणा के उच्चतर शिक्षा एवं परिवहन विभाग के कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री मंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में और मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में प्रदेश भर में अन्तर्राष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव जिला स्तर पर मनाए जा रहे है। उन्होंने जिला स्तरीय गीता जयंती महोत्सव के लिए जिला प्रशासन व जिला वासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी। अन्तर्राष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव के सफल आयोजन के लिए हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल सरकार का धन्यवाद करते हुए कहा कि श्रीमद्भागवत गीता ग्रंथ विश्व का सबसे बड़ा आधुनिक मनुष्य जीवन शैली पर आधारित ग्रंथ है। इस ग्रंथ के विचारों को आमजन तक पहुंचाने के लिए सरकार सराहनीय कदम उठा रही है। विश्व में श्रीमद्भागवत गीता का पहला संदेश भगवान गुरु श्री कृष्ण ने अपने शिष्य अर्जुन को गीता ग्रंथ के 18 अध्याय और 700 श्लोकों में मनुष्य के आधुनिकतम जीवन का पूरा वर्णन किया गया है।

भाजपा के जिला अध्यक्ष गोपाल शर्मा ने जिला स्तरीय अन्तर्राष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव में अध्यक्षता करते हुए कहा कि श्रीमद्भागवत गीता मनुष्य के जीवन की समस्याओं के समाधान का निचोड़ है।

एडीसी आनन्द शर्मा ने जिला स्तरीय गीता जयंती महोत्सव के उद्घाटन अवसर पर आये सभी महानुभावों का स्वागत करते हुए कहा कि हरियाणा में वर्ष 2014 से लगातार हर वर्ष जिला स्तर पर और राज्य स्तर पर अंतर्राष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव आयोजित किए जा रहे हैं।

एसडीएम फरीदाबाद परमजीत चहल ने जिला प्रशासन की तरफ जिला स्तरीय अंतरराष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव में आए हुए सभी मेहमानों का तहे दिल से स्वागत किया।

### केंद्रीय मंत्री ने दी फरीदाबाद को विकास की एक और सौगात

# फरीदाबाद से नोएडा की सीधी कनेक्टीविटी फरवरी-2024 से शुरू करने का निर्णय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

फरीदाबाद, ग्रेटर फरीदाबाद से ग्रेटर नोएडा की सीधी कनेक्टीविटी फरवरी-2024 से शुरू होगी। मंझावली पुल से सीधा आवागमन शुरू हो जाएगा। मंत्रियों ने आम लोगों से बातचीत की और उनका हाल जाना।

भारत सरकार के भारी उद्योग और उर्जा विभाग के केन्द्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने कहा कि फरीदाबाद, ग्रेटर फरीदाबाद से ग्रेटर नोएडा की सीधी कनेक्टीविटी फरवरी-2024 से शुरू होगी। केन्द्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने कहा कि अब जल्द ही ग्रेटर नोएडा के साथ फरवरी-2024 में मंझावली पुल से सीधा आवागमन शुरू होगा। वहीं हरियाणा के उच्चतर शिक्षा एवं परिवहन विभाग के कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि मंझावली पुल से होते हुए फरीदाबाद और ग्रेटर फरीदाबाद से चंद मिनटों में लोग ग्रेटर नोएडा में पहुंचेगे। मंत्री कृष्णपाल गुर्जर, मंत्री मूलचंद शर्मा व तिगांव विधायक राजेश नागर आगरा कैनाल के पुल पर बल्लभगढ़ तिगांव मंझावली सड़क कार्य का शुभारंभ कर रहे थे।

**खास बातें**

- फरीदाबाद से ग्रेटर नोएडा आने- जाने वाले लोगों को मिलेगी बड़ी राहत
- गुरुग्राम से भी होगी सीधी कनेक्टिविटी
- 16 करोड रुपए की लागत से 7 मीटर चौड़ा बनेगी सड़क
- मंझावली पुल से सीधा आवागमन

### औद्योगिक नगरी का एशिया में बन रहा अलग पहचान



उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने पूरी दुनिया में भारत देश का परचम लहराया है। केन्द्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने कहा कि 16 करोड रुपए की लागत से 7 मीटर चौड़ा बनने वाले इस रोड का शिलान्यास बल्लबगढ़ आगरा कैनाल के पास नियर बाईपास रोड तिगांव पुल पर किया गया है। उन्होंने कहा कि यह आरएमसी रोड़ तिगांव तक बनेगा। वहीं तिगांव से मंझावली तक 7 मीटर चौड़ी काली सडक का आधुनिक तकनीकी से निर्माण किया जाएगा।

केंद्रीय राज्य मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी कहते है कि देश आगे तभी बढ़ेगा, जब देश को आगे बढ़ाने की सोच के साथ कार्य होंगे। केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि 2014 से पहले का फरीदाबाद और आज के फरीदाबाद के चहुंमुखी विकास में फर्क साफ दिखाई देता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत देश दुनिया में अपनी अलग पहचान बना रहा है। उसी तरह औद्योगिक नगरी फरीदाबाद देश में नहीं एशिया में अपनी अलग पहचान बना रहा है।

पहले ओल्ड फरीदाबाद रेलवे स्टेशन के हालत कैसे थे। आज 300 करोड़ की लागत से रेलवे स्टेशन का पुनर्निर्माण कार्य चल रहा है। आने वाले एक साल में रेलवे स्टेशन एयरपोर्ट जैसा दिखेगा। इसके साथ ही 100 करोड़ की लागत से न्यू टाउन रेलवे स्टेशन, बल्लभगढ़ और पलवल रेलवे स्टेशन के पुनर्निर्माण कार्य भी जल्द शुरू किया जाएगा। कैबिनेट मंत्री शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत एक विकसित देश के रूप में विश्व पटल पर अपनी पहचान बनाए।

### मंत्रियों ने निरीक्षण किया

केन्द्रीय राज्य मंत्री गुर्जर और हरियाणा के कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा और विधायक राजेश नागर बल्लबगढ़, तिगांव मंझावली सड़क का शुभारंभ करने उपरान्त आरएमसी सड़क का निरीक्षण करते हुए आगरा कैनाल पुल तक पहुंचे। यहां उन्होंने आम लोगों से बातचीत की और रास्ते में चल रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। यहां उन्होंने पीडब्ल्यूडी अधिकारियों को निर्देश दिए कि रोड पर समय-समय पर पानी का छिडक़ाव करते रहे और जल्द से जल्द रोड के निर्माण को पूरा करें। निरीक्षण के दौरान उन्होंने तैयार हो रहे रोड़ के कुछ अहम बिंदुओं पर अधिकारियों से जानकारी ली व जरूरी निर्देश दिए।

### गाजियाबाद में धर्मांतरण के आरोपी

## अब्दुल्ला उर्फ सौरभ खुराना पर हुई राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद




खोड़ा क्षेत्र में युवती को प्रेम जाल में फंसाकर धर्मांतरण कराने वाले राहिल, मुसीर और मौलवी सादमान के बाद अब अब्दुल्ला उर्फ सौरभ खुराना पर राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (रासुका) के तहत कार्रवाई की है। इस कार्रवाई की जानकारी पुलिस ने जेल प्रशासन को दे दी है।

डीसीपी ट्रांस हिंडन शुभम पटेल का कहना है कि युवती का धर्मांतरण कराने के मामले में आरोपी सौरभ खुराना उर्फ अब्दुल्ला पर रासुका की कार्रवाई हुई है, वो बेल पर बाहर आना चाहता था। पुख्ता सबूतों के आधार पर अब्दुल्ला पर कार्रवाई की संस्तुति हुई है। पुलिस के अनुसार, डीएम ने भी कार्रवाई पर अपनी संस्तुति दे दी।

इसकी जानकारी तत्काल जेल प्रशासन को दी गई। इससे पहले मुख्य आरोपी राहिल,मुशीर और मौलवी सादमान पर 10 अगस्त को एनएसए लगी थी। डीसीपी का कहना है कि रासुका लगने के बाद अब आरोपी जल्द जमानत नहीं ले पाएंगे। आरोपियों में खोड़ा की युवती को प्रेम जाल में फंसाकर ऑनलाइन फोन पर निकाह कराया व धर्मांतरण कराया था।

## नियमों का उल्लघंन करने वालों को गुलाब भेंट कर किया जागरूक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

गाजियाबाद पुलिस ने यातायात के नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों को गुलाब का फूल देकर जागरूक किया । इस दौरान पुलिस कर्मियों ने वाहन चालकों से यातायात नियमों का पालन करने का अनुरोध किया। साथ ही उन्हें यातायात के नियमों का उल्लंघन करने के कारण होने वाले नुकसान से भी अवगत कराया यह कार्यक्रम द्वितीय सड़क सुरक्षा पखवाड़े के तहत किया गया।

परिवहन विभाग, डिजिटल वालंटियर टीम, थाना कोतवाली पुलिस ने संयुक्त रूप से जीटी रोड घंटा घर पर यह अभियान चलाया। इस दौरान यातायात नियमों का उल्लघंन करने तथा बिना हेलमेट एवं सीट बेल्ट वाहन का संचालन करने वाले चालकों को गुलाब का पुष्प भेंट कर सड़क सुरक्षा जागरूकता के सम्बन्ध में उनका सूक्ष्म उद्बोधन किया गया।

जिसमें बिना वैध ड्राईविंग लाईसेंस के वाहन न संचालित करने, दुपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग करने एवं चार पहिया वाहन के संचालन के समय सीट बेल्ट का प्रयोग अवश्य करने हेतु जागरूक किया गया तथा इस निमित्त घर, परिवार एवं पड़ोस में भी यातायात नियमों के अनुपालन के लिये लोगों को प्रेरित करने का अनुरोध किया गया।कार्यक्रम में डिजिटल वालंटियर टीम, थाना कोतवाली, गाजियाबाद के 30 सदस्यों के साथ एसीपी कोतवाली जोन ल निमिश पाटिल, थानाध्यक्ष दिनेश, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) श्री राघवेन्द्र सिंह उपस्थित रहे।

### आरोपी पर दो दर्जन मुकदमे पंजीकृत

## दिल्ली का तड़ी पार लुटेरा गाजियाबाद में पुलिस मुठभेड़ में घायल, गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

थाना साहिबाबाद पुलिस ने शुक्रवार को मुठभेड़ के दौरान एक शातिर लुटेरे को गिरफ्तार किया है। थाना सीमापुरी दिल्ली से तड़ीपार चल रहा यह लुटेरा पुलिस की गोली लगने से घायल गया। उसे अस्पताल में इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

एसीपी साहिबाबाद रजनीश उपाध्याय ने बताया कि थाना साहिबाबाद पुलिस अपराधिक घटनाओं के दृष्टिगत चौकी क्षेत्र हिंडन एयरफोर्स क्षेत्र बिजली घर के पास चेकिंग कर रहे थे। तभी एक बाइक सवार व्यक्ति नूर नगर की तरफ से आता दिखाई दिया, जिसे रुकने का इशारा किया गया। तो रुका नहीं और पुलिस पार्टी पर फायर करके भागने लगा। पुलिस टीम ने जवाबी कार्यवाही में गोली चलाई।जिससे बदमाश बाए पैर में गोली लगने से घायल हो गया।



जिसे गिरफ्तार किया गया। पकड़े गए बदमाश ने अपना नाम ताराचंद उर्फ राहुल निवासी पुरानी सीमापुरी थाना सीमापुरी दिल्ली मूल निवासी ग्राम सैदपुर थाना बीवी नगर जनपद बुलंदशहर बताया । उसके विरुद्ध गाजियाबाद व एनसीआर क्षेत्र में करीब दो दर्जन मुकदमे लूट व चोरी के पंजीकृत है। ताराचंद उपरोक्त थाना सीमापुरी दिल्ली का हिस्ट्रीशीटर बदमाश है व तड़ीपार चल रहा है। उसके कब्जे से चोरी की एक बाइक,एक तमंचा 315 बोर , 2 जिंदा व 1 खोखा कारतूस बरामद किए गए हैं।

### बैटरियां व चोरी करने में प्रयोग किए गए उपकरण बरामद

## मोबाइल टावरों से बैटरी, आरआरयू चोरी करने वाले नोएडा-दिल्ली के 10 बदमाश गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

क्राइम ब्रान्च ने मोबाइल टावरों से चोरी करने वाले अन्तर्राज्यीय गिरोह का पर्दाफाश करते हुए 10 शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से मोबाइल टावरों से चोरी की गई आरआरयूनिट,बैटरी व अन्य उपकरण बरामद किया है।

एडीसीपी सच्चदा नंद ने बताया कि बदमाश नोएडा व दिल्ली-एनसीआर में जियो व एअरटेल के मोबाइल टावरों से बैटरी, आरआरयू यूनिट व अन्य उपकरण चोरी कर थे और कबाड़ियों को बेच देते थे। चोरी का माल खरीदने-बेचने वाले कबाड़ियों से जियो व एअरटेल कंपनी के रेडियो रिसिवर यूनिट, मोबाइल टावर की बैटरियां व अन्य उपकरण तथा चोरी करने में प्रयोग किए जाने वाले उपकरण व घटना करने में प्रयुक्त वैगन-आर गाड़ी



आदि भी बरामद हुई है। कन्हैया व इजराइल ने बताया कि हमारा मोबाइल टावर से उपकरण चोरी करने वालों का एक संगठित गिरोह है। जिसमें शाहरूख, रवि,करण,कोमल,कपिल,वसीम, आसिफ व शहबाज, कन्हैया, जियाजु व जीशान शामिल हैं। कन्हैया, रवि, करण, कोमल व कपिल मोबाइल टावर कंपनियों में टेक्नीशियन का काम करते है ,जो टावर चिन्हित करते हैं, उसके बाद हम सब टावर पर जाकर उसमें से बैटरी, रेडियो रिसिवर यूनिट, एम्पलीफायर व अन्य कीमती उपकरण निकाल लेते है। घटना स्थल पर जाने के लिए आसिफ अपनी गाड़ी वैगन-आर देता है ,उसी पर चोरी का सामान लाकर आसिफ, वसीम व शहबाज कबाड़ियों को दे देते है, जिसे मुस्तफाबाद दिल्ली के कबाड़ी जियाजु व जीशान को, वसीम के भाई मोहसिन के माध्यम से बेच देते है।

## आर्टडिनॉक्स 3डी चैलेंज में देश के डिजाइन संस्थानों से 256 छात्रों ने लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

भारत के प्रीमियम होमवेयर आर्टडिनॉक्स ने आर्टडिनॉक्स 3डी चैलेंज 2.0 के दूसरे संस्करण की मेजबानी की। जिंदल लाइफस्टाइल लि. द्वारा संचालित डिजाइन प्रतियोगिता में भारत के प्रसिद्ध डिजाइन संस्थानों आईआईटी दिल्ली, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान गुवाहाटी, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान रूडक़ी, राष्ट्रीय डिजाइन संस्थान, राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान, एनआईडी अहमदाबाद, एनआईटी त्रिची, स्कूल ऑफ प्लानिंग एंड आर्किटेक्चर, सृष्टि मणिपाल इंस्टीट्यूट ऑफ आर्ट, डिजाइन एंड टेक्नोलॉजी, चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी, लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी, एमिटी यूनिवर्सिटी, आईआईएडी आदि के 256 छात्रों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में घरों के केंद्रीय स्थान के लिए आधुनिक समाधानों पर केंद्रित रसोई डिजाइन श्रेणी में




आरवी कॉलेज ऑफ आर्किटेक्चर, बेंगलुरु की हिमानी टी और अंवेषा साहा विजेता रहीं। वहीं जीवनशैली के उत्पादों को आकार देने में प्रोडक्ट डिजाइन श्रेणी में नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी, भोपाल के सिद्धार्थ शर्मा विजेता बने।

कार्यक्रम में सेंटर फॉर हिस्टोरिक हाउसेज के निदेशक और ओपी जिंदल ग्लोबल यूनिवर्सिटी में एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. एस्थर शिमट, सेकेंडफ्लोर डिजाइन के संस्थापक पुनित जसूजा, जीएंडडी डिजाइन के संस्थापक गरिमा थरिजा,जिंदल लाइफस्टाइल लि. की क्रिएटिव और प्रबंध निदेशक आदि विशेषज्ञों ने सस्टैनबिलिटी, भविष्य के डिजाइन, प्रीमियम होमवेयर में स्टेनलेस स्टील की धारणा, कार्यक्षमता और कलावाद के बीच संबंध जैसे विषयों पर चर्चा की तथा छात्रों द्वारा पूछे गए सवालों के जवाब भी दिए।

PUBLIC NOTICE
- Applications are invited for 2 Bed Room units (Carpet area approx. 48 MTR) for New Tower (Block Q 123 unit) in the Project Mantra Sector 67 Gurugram.
- The Cost of unit is Rs 16 Lakh* inclusive of land cost, Construction cost and EDC/IDC charges
- Preference would be given to applicants of Haryana Domicile.
- Reserved for class III and Class IV employees of Haryana Govt. Departments/of its Boards/ Corporations and Autonomous organization.
- Construction link payment plan.

RERA Registration No. 107/2023
For future details / Booking Contact:
M/s DSS Infrastructure Pvt. Ltd.
Corporate Office: 225, 2nd Floor, Vipul Agora Mall, Sector-28, M.G. Road, Gurugram (Haryana)- 122002
Email: csdssinfrastructure@gmail.com
Ph.-: 01244801666
License No. 69 of 2010
In the Name of DSS Infrastructure Pvt. Ltd.
*Taxes & other facilities charges etc.

हरियाणा सरकार निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर परिषद झज्जर | 26.33 एम.सी. झज्जर में स्ट्रीट लाइट पोल पर तिरंगा (तिरंगा) लाइट्स का प्रावधान और स्थापना। | 21.12.2023 11.01.2024 | 3.93 करोड़ | https://etenders.hry.nic.in | 9467283967 sjsecymcjhajan@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद विज्ञा. सं.-13/2024/40/23661/I/88/7 दि. 22.12.23

हरियाणा सरकार निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर निगम रोहतक | जुलाई 2023 में वार्ड नं. 2, रोहतक में नई अनुमोदित कॉलोनी राजीव नगर कॉलोनी में आईपीबी गली का निर्माण + 7 कार्य। | 21.12.2023 03.01.2024 | 92.31 लाख | https://etenders.hry.nic.in | xenmcrohtak@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद विज्ञा. सं.-13/2024/40/23659/I/88/7 दि. 22.12.23

# अन्तर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव 2023

अध्यात्म, संस्कृति एवं कला का दिव्य संगम

हरियाणा सरकार

KURUKSHETRA DEVELOPMENT BOARD
कुरुक्षेत्र विकास मंडल

यद्यदाचरति श्रेष्ठस्तत्तदेवेतरो जनः।
स यत्प्रमाणं कुरुते लोकस्तदनुवर्तते॥
भगवद्गीता 3.21

**7-24 दिसम्बर, 2023 | कुरुक्षेत्र, हरियाणा**



गीता जयंती के पावन अवसर पर

## दीपोत्सव एवं गीता महाआरती

23 दिसम्बर, 2023

मुख्य अतिथि

**डॉ. हिमंत बिस्वा सरमा**
मुख्यमंत्री, असम

**श्री मनोहर लाल**
मुख्यमंत्री, हरियाणा

### मुख्य कार्यक्रम

- 18000 विद्यार्थियों द्वारा गीता का वैश्विक पाठ
- हरियाणा एवं असम पैवेलियन में सांस्कृतिक कार्यक्रम
- 48 कोस कुरुक्षेत्र भूमि के 164 तीर्थों पर दीपोत्सव
- 48 कोस तीर्थ सम्मेलन, श्रीमद्भगवद्गीता सदन, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय



"सभी देशवासियों को गीता जयंती की अनंत शुभकामनाएं। श्रीमद्भगवद्गीता सदियों से मानवता का मार्गदर्शन करती आई है। अध्यात्म और जीवन-दर्शन से जुड़ा यह महान ग्रंथ हर युग में पथ प्रदर्शक बना रहेगा।"

**- नरेन्द्र मोदी**

कार्यक्रम की जानकारी के लिए
पोर्टल पर जाएं अथवा क्यू आर कोड स्कैन करें

www.internationalgitamahotsav.in
www.48koskurukshetra.com

सूचना, लोक सम्पर्क, भाषा तथा संस्कृति विभाग, हरियाणा

www.prharyana.gov.in | Follow us on @diprharyana

# मुखर्जी नगर के सिग्नेचर व्यू अपार्टमेंट में रहने वाले लोगों को बेदखली का नोटिस

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



उत्तर पश्चिमी दिल्ली के मुखर्जी नगर में बने 'सिग्नेचर व्यू अपार्टमेंट' के निवासियों को दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) ने बेदखली का नोटिस जारी किया है, जिसमें उन्हें सोसायटी को 'इंसानों के रहने के लिए अयोग्य' घोषित करते हुए सोमवार तक इसे खाली करने को कहा गया है। 2007-09 में मध्यम आय समूह (एमआईजी) और उच्च आय समूह (एचआईजी) के 336 फ्लैटों के साथ निर्मित इस अपार्टमेंट परिसर को निर्माण संबंधी कुछ मुद्दे के कारण दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) ने ध्वस्त करने का फैसला किया है। 18 दिसंबर को जारी किए गए नोटिस में कहा गया है कि सोसायटी खतरनाक और रहने लायक नहीं है तथा निवासियों को इसे सात दिनों में खाली कर देना चाहिए। रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन (आरडब्ल्यूए) ने कहा कि वे सोसाइटी खाली करने के लिए तैयार हैं, बशर्ते कि नए फ्लैटों के निर्माण तक उन्हें प्राधिकरण द्वारा किराए का भुगतान किया जाए। स्थानीय लोगों द्वारा खराब गुणवत्ता वाले निर्माण की शिकायतें करने के बाद डीडीए द्वारा नियुक्त एक संरचनात्मक सलाहकार की सलाह पर टावर को ध्वस्त करने का निर्णय लिया गया।

# दिल्ली की हवा हुई बहुत जहरीली कई जगह एक्यूआई 400 पार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली वालों की सांसों पर एक बार फिर जहरीली हवा का कब्जा बढ़ने लगा है। लगातार जहरीली होती हवा को देखते हुए सरकार ने दिल्ली-एनसीआर में बीएस-3 पेट्रोल, बीएस -4 डीजल चार पहिया वाहनों सहित कई अन्य प्रतिबंध लगा दिए है। हालात यह है कि शुक्रवार को दिल्ली में पूर्वाह्न 10 बजे एक्यूआई 397 था, जो शाम चार बजे बढ़कर 409 गंभीर श्रेणी में पहुंच गया था। इसके अलावा भी दिल्ली के कई क्षेत्रों में वायु सूचकांक गंभीर श्रेणी में ही दर्ज किया गया। वहीं दिल्ली वालों को दूसरी मुसीबत के रूप में सुबह कोहरे की मोटी चादर ने राह रोकने में कसर नहीं छोड़ी। तीसरी मार सर्दी की पड़ी, न्यूनतम तापमान 7.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। केंद्रीय पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय भारत सरकार के मौसम जानकारी ऐप सफर के अनुसार शुक्रवार को दिल्ली में एक्यूआई के तहत हवा में पीएम 2.5 का स्तर 397 दर्ज किया गया, जो बहुत खराब श्रेणी के अंतर्गत आता है। वहीं कई क्षेत्रों में यह आंकड़ा 400 को पार करते हुए गंभीर श्रेणी में भी दर्ज किया गया। सफर का अनुमान है कि यह आंकड़ा फिलहाल घटता हुआ दिखाई नहीं दे रहा। जानकारी अनुसार सुबह साढ़े आठ बजे दिल्ली की सापेक्षिक आर्द्रता 100 प्रतिशत रही तथा वायु गुणवत्ता सूचकांक एक्यूआई 397 दर्ज किया गया जो बहुत खराब श्रेणी के अंतर्गत आता है।

## खबर संक्षेप

### पहलवान साक्षी मलिक ने रोते हुए छोड़ दी कुश्ती : पाठक

**नई दिल्ली।** देश के पहलवान साथियों को भाजपा से न्याय नहीं मिलने के कारण साक्षी मलिक ने रोते हुए कुश्ती छोड़ दी। बड़ी शर्म की बात है कि मेडल जीतने पर पहलवानों को घर बुलाकर प्रधानमंत्री सारी फुटेज खुद ले जाते हैं। आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता, राजेंद्र नगर के विधायक एवं एमसीडी प्रभारी दुर्गेश पाठक ने शुक्रवार को पार्टी मुख्यालय में प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए उक्त बाते कही। उन्होंने कहा कि भाजपा वाले अपनी होर्डिंग में पहलवानों की फोटो लगाकर दिखाते हैं कि जीत में प्रधामनंत्री नरेंद्र मोदी का भी हाथ है, लेकिन जब पिछले एक साल से वह संघर्ष कर रहे हैं तो उनके साथ कोई नहीं खड़ा हुआ। जब इतिहास लिखा जाएगा तो यह भी लिखा जाएगा कि किस तरह से भाजपा महिलाओं का शोषण करने वाले के साथ खड़ी रही। पाठक ने कहा कि देश को गौरवान्वित करने वालों के साथ सिस्टम ऐसा कर सकता है तो आम लोगों के साथ क्या होगा? किसान वीपी जगदीप धनखड़ इसपर कब चुप्पी तोड़ेंगे।

### विपक्षी दल खिलाड़ियों का कर रहे हैं राजनीतिक शोषण : भाजपा

**नई दिल्ली।** दिल्ली भाजपा के प्रवक्ता प्रवीण शंकर कपूर ने कहा है कि दुर्गेश पाठक जैसे आम आदमी पार्टी के नेता आंदोलनकारियों को गुमराह करने की कला में माहिर हैं, चाहे वह 2021 में किसान हों या 2023 में कुछ खिलाड़ी हों। आप नेताओं के उकसावे के बावजूद किसानों ने केंद्र सरकार पर भरोसा बनाए रखा और वह दिन दूर नहीं जब कुछ निराश खिलाड़ियों को भी एहसास होगा कि विपक्षी दल सिर्फ उनका राजनीतिक शोषण कर रहे हैं। बेहतर होगा कि दुर्गेश पाठक कुछ खिलाड़ियों को गुमराह करने के बजाय बताएं कि शराब घोटाले के आरोपी जेल में बंद आप नेताओं को अदालतें जमानत क्यों नहीं दे रही हैं। प्रवक्ता कपूर ने कहा कि आप नेता पाठक ने अपनी वक्तृत्व कला से ऐसा दिखाने की कोशिश की, मानो सच और झूठ के बीच कोई लड़ाई चल रही हो, लेकिन पाठक को पता होना चाहिए कि यूपी, एमपी, राजस्थान जो किसान आंदोलन का बल थे वहां के किसानों ने राज्य चुनाव परिणामों से दिखा दिया है कि किसानों की समस्याएँ चाहे जो भी हों लेकिन किसान राष्ट्रीय हित में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ खड़े हैं।

### फार्मास्युटिकल और संबद्ध स्वास्थ्य विज्ञान में 605 स्नातकों को प्रदान की डिग्री

# उपराज्यपाल ने की डीपीएसआरयू के छठे दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता

## विनय कुमार सक्सेना ने सभी सफल स्नातकों को बधाई एवं बेहतर भविष्य की दी शुभकामनाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली




उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने महरोली- बदरपुर रोड़ स्थित दिल्ली फार्मास्यूटिकल साइंसेज एंड रिसर्च यूनिवर्सिटी (डीपीएसआरयू) के छठे दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता की। इस अवसर पर उपराज्यपाल के अलावा दिल्ली की शिक्षा मंत्री आतिशी सहित अन्य मौजूद थे। इस मौके पर उपराज्यपाल व शिक्षा मंत्री ने फार्मास्युटिकल और संबद्ध स्वास्थ्य विज्ञान में 605 स्नातकों को डिग्री प्रदान की। इस अवसर पर उपराज्यपाल सक्सेना ने सभी सफल स्नातकों को बधाई एवं बेहतर भविष्य की शुभकामनाएं दी।

उन्होंने कहा कि भारतीय फार्मा सेक्टर, जो पहले से ही एक ग्लोबल प्लेयर है। हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा निर्धारित विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने में यह महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इसलिए आप सब की जिम्मेदारियां कम नहीं बल्कि बहुत ज्यादा बढ़ जाती है। आप उत्कृष्टता के बारे में सोचें, उत्कृष्टता को जिएं और पूर्णता के माध्यम से ही उत्कृष्टता को अपनाएं। उपराज्यपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में मिलकर विकसित भारत 2047 के रास्ते का मंत्र अपनाना चाहिए। सबके संयुक्त प्रयास से बेहतर नतीजे प्राप्त करने में आसानी होती है। एलजी ने कहा कि इस समय भारत अनेक चुनौतियों से लड़ते हुए लगातार प्रगति पथ पर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि मुझे खुशी है कि डीपीएसआरयू, भारत का पहला और एकमात्र फार्मा विश्वविद्यालय है जो एनईपी-2020 के कार्यान्वयन में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। डीपीएसआरयू जैसे फार्मा विश्वविद्यालयों पर फार्मा उद्योग और सरकार के साथ साझेदारी में बुनियादी और साथ ही उच्च-स्तरीय अनुसंधान को बढ़ावा देने की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि किसी भी देश की प्रगति में चिकित्सा क्षेत्र अहम भूमिका निभाता है। चिकित्सा क्षेत्र में फार्मासिस्ट भी एक महत्वपूर्ण कड़ी है, इनकी भी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी होती है। इस अवसर पर मंत्री आतिशी ने भी संबोधित किया और शुभकामनाएं दी।

## शिक्षा हमेशा अरविन्द केजरीवाल सरकार की पहली प्राथमिकता रही : आतिशी

**नई दिल्ली।** शिक्षा हमेशा अरविन्द केजरीवाल सरकार की पहली प्राथमिकता रही है, शायद ही देश में कोई दूसरी ऐसी सरकार होगी जो पिछले 8 सालों से अपने बजट का लगभग 25 प्रतिशत शिक्षा को दे रही है और उसी का नतीजा है कि चाहे आज दिल्ली सरकार के स्कूल हो या दिल्ली सरकार के यूनिवर्सिटी, उनका नाम न सिर्फ दिल्ली में, देश में बल्कि पूरी दुनिया में हो रहा है। उच्च शिक्षा मंत्री आतिशी ने शुक्रवार को केजरीवाल सरकार के दिल्ली फार्मास्यूटिकल साइंसेज एंड रिसर्च यूनिवर्सिटी ( डीपीएसआरयू ) के छठें दीक्षांत समारोह के दौरान उक्त संबोधन दिया और इस अवसर पर स्नातक विद्यार्थियों को डिग्री देकर सम्मानित किया। यहां मंत्री आतिशी ने कहा कि, 2015 में जब दिल्ली में अरविन्द केजरीवाल की सरकार बनी तो सबसे पहले इस फार्मास्यूटिकल इंस्टिट्यूट को हमने देश के पहले फार्मास्यूटिकल यूनिवर्सिटी के रूप में बदला, और आज हम इसका छठां दीक्षांत समारोह मना रहे है, ये हमारे लिए गर्व की बात है। उन्होंने स्नातक कर रहें विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि, आप विद्यार्थियों को इस यूनिवर्सिटी ने आगे बढ़ने का मौका दिया अब आप विद्यार्थियों की ये जिम्मेदारी है कि अपने शानदार काम की बदौलत आप देश को आगे लेकर जाए और भारत को दुनिया का नंबर 1 देश बनाए। बता दे कि इस साल यूनिवर्सिटी द्वारा 605 डिग्रियां सौंपी गई है। दीक्षांत समारोह में दिल्ली के उपराज्यपाल वी के सक्सेना व आईसीएमआर के पूर्व डायरेक्टर-जनरल निर्मल के. गाँगुली सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



### शिक्षा खर्च नहीं ये देश के बेहतर भविष्य के लिए है एक निवेश

शिक्षा मंत्री आतिशी ने कहा कि शिक्षा खर्च नहीं है ये देश के बेहतर भविष्य के लिए एक निवेश है। हम आज शिक्षा के क्षेत्र में निवेश कर अपने युवाओं को सशक्त बनाते है, उन्हें शानदार एक्सपोज़र प्रदान करते है तो मुझे इस बात का भरोसा है कि इस देश की सारी समस्याओं का समाधान देश के युवा जरुर कर सकते है। यही कारण है कि केजरीवाल सरकार हमेशा शिक्षा को बेहतर बनाने के लिए अपने स्कूलों में, कॉलेजों में निवेश करती है। डीपीएसआरयू से आज 605 विद्यार्थी स्नातक पाठ्यक्रम कर रहे है और मुझे यकीन है कि आने वाले समय में हमारे ये विद्यार्थी स्वास्थ्य व फार्मास्यूटिकल के क्षेत्र में बहुत शानदार काम करेंगे।

# सीलिंग अभियान का विरोध कर पार्षद ने रोकी सीलिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दक्षिणी दिल्ली स्थित अमर कॉलोनी में निगम दस्ता सीलिंग की कार्रवाई करने पहुंचा, जैसे ही स्थानीय पार्षद को जानकारी मिली तो उन्होंने इस सीलिंग कार्रवाई को रूकवाया। स्थानीय भाजपा पार्षद शरद कपूर ने बताया कि शुक्रवार शाम को फिर आम आदमी पार्टी का दक्षिणी दिल्ली के दुकानदारों के प्रति दिल्ली नगर निगम प्रशासन का द्वेष सामने आया है। जब जनरल लाइसेंस नवीकरण ना होने की आड़ में दिल्ली नगर निगम का दस्ता अमर कॉलोनी में 11 दुकानें सील करने पहुंचा और तेज़ी से 3 दुकान सील भी कर दी। जानकारी मिलने पर स्थानीय भाजपा पार्षद शरद कपूर मार्किट में पहुंचे और निगम द्वारा सील की जा रही चौथी दुकान में बैठ गये और सीलिंग रूकवाई। शरद कपूर ने कहा है कि यह शर्मनाक है कि महापौर एवं आम आदमी पार्टी व्यापारियों के लिए बड़ी बड़ी घोषणाएं करते हैं पर असलियत यह है कि मात्र 8 हजार रूपए की फीस वाले जनरल ट्रेड लाइसेंस को आड़ बना दुकानें सील करवा रहे हैं। बताया जाता है कि सीलिंग दस्ता शाम 7.30 तक पार्षद के विरोध के बावजूद अमर कॉलोनी में जमा है और महापौर के इशारे पर रात में सीलिंग कर सकता है। उन्होंने कहा है कि दिल्ली भाजपा इस सीलिंग का आज नगर निगम सदन में जम कर विरोध करेगी।

### दिल्ली सरकार की नीति का मसौदा तैयार, खाद्य ट्रकों को खड़ा करने के लिए दो स्थान चिन्हित

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने रात्रिकालीन अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने की अपनी महत्वाकांक्षी योजना के तहत खाद्य ट्रकों को खड़ा करने के लिए दो स्थानों को चिन्हित किया है। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि खाद्य ट्रकों पर नीति का मसौदा दिल्ली के पर्यटन मंत्री सौरभ भारद्वाज को सौंपा गया है और यह विचाराधीन है। एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने कहा कि नीति का मसौदा तैयार कर लिया गया है और दस्तावेज मंत्री को सौंप दिये गए है। मंजूरी मिलते ही इसे सार्वजनिक प्रतिक्रिया के लिए वेबसाइट पर डाला जाएगा। हालांकि, इसमें भूमि के टुकड़ों का उल्लेख नहीं है, क्योंकि विभिन्न एजेंसियों से अभी इनका अधिग्रहण किया जाना है। नीति में कहा गया है कि भूमि का एक चिन्हित टुकड़ा एक रियायती को सौंप दिया जाएगा जो क्षेत्र में खाद्य ट्रक लाएगा। रियायती को विभिन्न एजेंसियों से अनुमति और लाइसेंस प्राप्त करने का काम सौंपा जाएगा, जबकि दिल्ली पर्यटन और परिवहन विकास निगम सुविधा प्रदाता के रूप में कार्य करेगा। दिल्ली सरकार ने पहले इन खाद्य ट्रकों को खड़ा करने के लिए 16 स्थानों की पहचान की थी, लेकिन संबंधित एजेंसियों के विरोध के बाद योजना बाधित हो गई।

# रोहिणी कोर्ट परिसर की समस्याओं को जल्द से जल्द दूर करने की जरूरत : आतिशी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

रोहिणी कोर्ट परिसर की इमारत में सीलन, रिसाव और साफ़-सफ़ाई बड़ी समस्या है। लोक निर्माण विभाग ( पीडब्ल्यूडी) अधिकारियों को इन समस्याओं को जल्द से जल्द दूर करने की ज़रूरत है। दिल्ली की कानून व पीडब्ल्यूडी मंत्री आतिशी ने शुक्रवार को रोहिणी कोर्ट परिसर का निरीक्षण करने के दौरान यह बातें कही। उन्होंने पीडब्ल्यूडी सचिव को निर्देश दिए है कि 30 दिसंबर तक प्रधान सचिव पीडब्ल्यूडी, क़ानून विभाग के प्रधान सचिव के साथ बातचीत कर रोहिणी कोर्ट परिसर के लिए विस्तृत मेंटेनेंस कॉन्ट्रैक्ट का ड्राफ्ट तैयार करें। कानून मंत्री आतिशी ने कहा कि रोहिणी कोर्ट परिसर का उपयोग बड़ी संख्या में जज, वकील और उनके कर्मचारी करते हैं, ऐसे में यह सुनिश्चित करना सरकार की जिम्मेदारी कि यहाँ आने वाले लोगों को किसी असुविधा का सामना न करना पड़े। कोर्ट परिसर में भवन की साफ़-सफ़ाई भी एक बड़ा मुद्दा था। यहां शौचालय, विशेषकर महिलाओं के शौचालय, गंदी हालत में थे। क़ानून मंत्री ने इमारत के बेसमेंट का भी निरीक्षण किया, जिसकी हालत बहुत ख़राब थी। यहां बिजली की फिटिंग गायब थी, सीढ़ियां टूटी हुई थी और वहाँ अंधेरा था। कोर्ट परिसर की इस स्थिति को देखकर क़ानून मंत्री बेहद नाराज़ हुई।

### दीवारों और छत से पानी रिसता हुआ आया नजर

मंत्री आतिशी ने रोहिणी कोर्ट परिसर की दयनीय हालत को लेकर नाराज़गी जताई है। इस दौरान मंत्री ने पाया कि कोर्ट परिसर की हालत दयनीय है। पूरी इमारत में सीलन की बड़ी समस्या है और इस कारण दीवारों और छत से पानी रिस रहा है। सीलन के कारण दीवारें नम और गंदी हो गई है और दीवारों से पेंट और सीमेंट उखड़ रहा है। उन्होंने पाया कि, फॉल्स सीलिंग भी खराब हालत में है, उसके कई पैनल गायब है और तार भी लटक रहे है। साथ ही क़ानून मंत्री ने पाया कि, कोर्ट रूम और वकीलों के चैम्बर में उचित रखरखाव का अभाव था। क़ानून मंत्री ने कहा कि नियमों के अनुसार सभी अदालतों में बुनियादी सुविधाएँ मौजूद होनी चाहिए। इस कोर्ट में न्याय की तलाश में, अपने कानूनी मुद्दों को सुलझाने के लिए रोज़ाना हजारों लोग भी आते हैं।

- परिसर की दयनीय हालत पर क़ानून मंत्री आतिशी ने जताई नाराजगी

### महापौर ने गोकुलपुरी क्षेत्र का किया दौरा

# पार्कों में खराब पड़े बोरवेल 15 दिनों के भीतर किए जाएं ठीक : ओबरॉय

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली नगर निगम के शाहदरा उत्तरी जोन के वार्ड 239 गोकुलपुरी की पार्षद सोमवती चौधरी ने महापौर डॉ शैली ओबरॉय को बताया कि सभी पार्कों में सिंचाई नहीं हो पा रही है। जिसकी वजह से घास नहीं है और पौधे भी खराब हो रहे हैं। प्राथमिक विद्यालय के पीछे दिल्ली नगर निगम की बहुत बड़ी जमीन है जोकि खाली पड़ी है और किसी भी इस्तेमाल में नहीं ली जा रही है। जिसके बाद दिल्ली नगर निगम की महापौर डॉ. शैली ओबरॉय ने उपायुक्त को निर्देश देते हुए कहा कि 15 दिनों के भीतर सभी पार्कों में खराब पड़े बोरवेल को ठीक किया जाए। यदि संभव हो तो पार्क में पानी की कमी पूरा करने के लिए दिल्ली जल बोर्ड का कनेक्शन लिया जाये, जिससे पार्क में पानी की आपूर्ति हो सके। बता दें कि निगम महापौर डॉ. शैली ओबरॉय ने शुक्रवार को शाहदरा उत्तरी जोन के वार्ड 239 गोकुलपुरी क्षेत्र का दौरा किया। निरीक्षण के दौरान डॉ ओबरॉय ने पार्कों, स्कूलों और सामुदायिक भवनों का निरीक्षण किया। इस अवसर पर क्षेत्रीय पार्षद सोमवती चौधरी, शाहदरा उत्तरी क्षेत्र के उपायुक्त संजीव कुमार मिश्रा सहित निगम के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

- पानी की कमी को पूरा करने के लिए दिल्ली जल बोर्ड का लिया जाए कनेक्शन

### गंदे पड़े सार्वजनिक शौचालय को देख जताई नाराजगी

महापौर डॉ शैली ओबरॉय ने क्षेत्र में साफ-सफाई का जायजा लेते समय गंदे पड़े सार्वजनिक शौचालय के संबंध में रोष जताया। क्षेत्र के लोगों ने बताया कि शौचालय में पानी की आपूर्ति नहीं है। जिससे आस-पास दुर्गंध रहती है। महापौर ने कहा कि शौचालय की छत में पानी की टंकी रखवाई जाए। नाले की डिसिल्टिंग की जाये और नियमित रूप से सफाई करवाई जाए।

### पार्कों में बनाये जाएं मिनी जिम

महापौर ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि पार्कों में साफ सफाई और रख-रखाव और पेड़ों की छंटाई सुनिश्चित की जाए और पार्कों में मिनी जिम बनाये जाएं। उन्होंने कहा कि स्कूल की जमीन की बाउंड्री वॉल कर इसे बच्चों के स्पोटर्स ग्राउंड के रूप में विकसित किया जाये। जिससे बच्चों को खेलने के लिए बड़ा मैदान मिल सके। इसके लिए आवश्यक प्रक्रिया को जल्द ही पूरा किया जाए। इसके अलावा समुदायिक भवनों की साफ-सफाई और रख-रखाव पर विशेष ध्यान दिया जाए। सामुदायिक परिसर में खाना बनाने वाले स्थान को टीन शेड से ढका जाए। क्षेत्र में नए सामुदायिक भवन बनाने की संभावना पर विचार करें। क्षेत्र की जनता को आधारभूत सुविधाएं मुहैया हो सके इसके लिए हम भरसक कार्य कर रहे हैं।

# दिल्ली की तीनों मुख्य लैंडफिल साइट हैं जस की तस : राजा इकबाल



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली नगर निगम की लापरवाही के चलते महरौली के विशाल डिस्ट्रिक्ट पार्क संजय वन का बड़ा हिस्सा एक लैंडफिल साइट बन गया है और वहां बदबू एवं मच्छरों के चलते बीमारियां फैलने का खतरा बना हुआ है। दिल्ली नगर निगम के नेता विपक्ष व पूर्व महापौर सरदार राजा इकबाल सिंह ने शुक्रवार को प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष गजेंद्र यादव, पार्षद जगमोहन महलावत एवं पूर्व पार्षद आरती सिंह, आरडब्लूए के शरद वशिष्ठ आदि साथ महरौली के उक्त क्षेत्र में पहुंचे और दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल और महापौर डॉ शैली ओबरॉय के दावों की पोल खोलते हुए आरोप लगाया कि यहां अवैध लैंडफिल साइट बनाये जाने से आसपास के लोग बहुत परेशान हैं। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी के नगर निगम चुनाव की टैग लाइन थी कि कूड़े की लैंडफिल साइट खत्म करेंगे और दिल्ली को स्वच्छ करेंगे।

## खबर संक्षेप

### पूर्व मंत्री त्रिपाठी को तीन साल की सजा

**प्रयागराज।** आय से अधिक संपत्ति मामले में पूर्व मंत्री राकेशधर त्रिपाठी को तीन साल के कारावास



और 10 लाख रुपये जुर्माने की सजा सुनवाई गई है। यह फैसला इलाहाबाद जिला न्यायालय की एमपी-एमएलए कोर्ट ने सुनाया। विशेष अदालत ने 108 पन्नों में पूर्व मंत्री के खिलाफ फैसला दिया। त्रिपाठी के खिलाफ अदालत में विचाराधीन आय से अधिक संपत्ति के मामले में शुक्रवार को फैसला सुनाया गया।

### गड्ढे में स्कूली बस पलटी, दो की मौत, आठ घायल

**गोरखपुर।** सिकरीगंज थाना क्षेत्र के उधनापार में स्थित यूएस सेंट्रल एकेडमी स्कूल की बस अलग-



अलग गांव के बच्चों को लेकर स्कूल जा रही थी। शुक्रवार की सुबह डंपर को ओवरटेक करने के चक्कर में स्कूल बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गड्ढे में पलट गई। हादसे में सगुआ गांव निवासी सातवीं की छात्रा प्रतिभा (14) और मठिया बारीगांव निवासी साक्षी पांडेय (8) की मौत हो गई।

### 31 दिसंबर से प्राइमरी स्कूलों में छुट्टियां शुरू

**लखनऊ।** यूपी सरकार ने प्राइमरी स्कूलों में छुट्टियों का ऐलान कर दिया है। 31 दिसंबर से प्राइमरी



स्कूलों में छुट्टियां शुरू हो जाएंगी। बेसिक शिक्षा परिषद ने प्राइमरी स्कूलों की छुट्टियों के संबंध में आदेश जारी कर दिया है। यूपी के शिक्षा विभाग की ओर से जारी बयान के अनुसार बताया गया कि 31 दिसंबर से छुट्टियां शुरू हो जाएगी, जो 14 जनवरी तक रहेगी।

### आग में जिंदा जली 2 नाबालिग बहनें

**हापुड़।** यूपी के हापुड़ जिले के बहादुरगढ़ थाना क्षेत्र के बिहुनी गांव में एक घर में आग लग गई जिससे



दो नाबालिग बहनों की जिंदा जलने से मौत हो गई। घर में आग लगी देखकर ग्रामीणों ने तुरंत पुलिस और दमकल विभाग को इसकी सूचना दी। मौके पर पहुंची फायर बिग्रेड की टीम ने फटाफट आग को बुझा दिया। लेकिन तब तक नाबालिग बच्चियों की मौत हो चुकी थी। गढ़मुक्तेश्वर के डीएसपी आशुतोष शिवम ने यह जानकारी दी।

## 2024 के लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा का बड़ा दांव

# तीन करोड़ लाभार्थियों से सीधा संवाद करेगी पार्टी, हर जिले में बनाए जाएंगे कॉल सेंटर

आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए भाजपा पीएम नरेंद्र मोदी और सीएम योगी आदित्यनाथ सरकार की हर योजनाओं के लाभार्थियों से संवाद करेंगे और योजनाओं से मिलने वाले लाभ के बारे में उनसे फीडबैक लेंगे।

एजेंसी ⏭ लखनऊ

आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए भाजपा पीएम नरेंद्र मोदी और सीएम योगी आदित्यनाथ सरकार की हर योजनाओं के लाभार्थियों से संवाद करने का मन बना रही है। इसके लिए भाजपा ने तय किया है कि केंद्र और प्रदेश सरकार द्वारा मिल रही योजनाओं के लाभ वाले लोगों से पार्टी संपर्क करें और उनको मिलने वाले लाभ के बारे में उनसे फीडबैक ले सके।

### 11 हजार कॉलर की टीम तैनात

भाजपा ने यूपी में 11000 कॉलर की टीम तैनात करने जा रहे है। ये टीम यूपी में हर महीने लगभग 3 करोड़ कॉल के जरिए लाभार्थियों और पार्टी के कार्यकर्ताओं से संवाद करेगी। भाजपा प्रदेश मुख्यालय पर हुई संवाद योजना के तहत बनाए गए प्रभारी को उनके जिले में सभी योजनाओं के लाभार्थियों, बूथ कमेटियों के साथ ही पार्टी के संगठनात्मक डेटा सौंपा गया है। इस डेटा को सौंपने के पीछे मंशा यह है कि इन सभी से पार्टी कार्यकर्ता संपर्क कर सके।

**खास बातें**

- अब तक 358 कॉल सेंटर स्थापित हो चुके
- ग्रामीण क्षेत्रों के लाभार्थियों पर विशेष ध्यान
- लाभार्थियों से योजनाओं का लेंगे फीडबैक
- बूथ और पन्ना प्रमुखों का संगठनात्मक डेटा तैयार
- सभी के संपर्क में रहेंगे पार्टी के पदाधिकारी

### लाभार्थियों तक पहुंचेगी भाजपा

इस बैठक में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने कहा कि सरकार द्वारा चलाई जा रही है अलग-अलग योजनाओं के लाभार्थियों पर हमें विशेष फोकस करना है और यह फोकस विशेष तौर पर ग्रामीण क्षेत्रों में मिल रहे लाभ वाले लोगों पर करना है, जिससे गांव में अधिक से अधिक लोगों को लाभ मिल सके और वह लोग सरकार की योजनाओं को और नीतियों को जान और समझ सके।



स्व. चरण सिंह की निर्माणाधीन मूर्ति

**बूथ और पन्ना समितियों से करेंगे संपर्क**

भाजपा हर जिले में अपना एक कॉल सेंटर यानी कि संवाद केंद्र स्थापित करेगी और इसके जरिए न सिर्फ बूथ और पन्ना समितियां से संपर्क करते हुए उनका सांगठनिक सत्यापन करेगी बल्कि साथ ही पूरे जिले में अलग-अलग योजनाओं का लाभ लेने वाले लाभार्थियों से भी सीधे संपर्क करेगी। जानकारी के मुताबिक अभी तक भाजपा का यूपी सहित पूरे देश में 358 कॉल सेंटर स्थापित हो चुके हैं आने वाले दिनों में इनकी संख्या और बढ़ेगी।

### आज करेंगे पूर्व पीएम चरण सिंह की प्रतिमा का उद्घाटन

23 दिसंबर को सीएम योगी आदित्यनाथ बिलारी से सपा के गढ़ में चौधराहट की सियासत को धार देंगे, ताकि वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में मुरादाबाद मंडल में 2014 का प्रदर्शन दोहराया जा सके। वे आज किसान दिवस पर बिलारी के गांव अभनपुर में बन रही पूर्व पीएम चौधरी चरण सिंह की 51 फीट ऊंची प्रतिमा का अनावरण कार्यक्रम और किसान सम्मेलन में सीएम योगी आदित्यनाथ शिरकत करेंगे। इस सम्मेलन के बहाने वह सियासी तीर चलाएंगे। फिलहाल अखिल यूपी जाट महासभा की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम से सपा और रालोद ने दूरी बना रखी है। सियासी उतार चढ़ाव और इंडिया गठबंधन को देखते भाजपा 2024 के लोकसभा चुनाव में मंडल में 2014 के प्रदर्शन को दोहराना चाहती है। इसके लिए पार्टी कोई कसर नहीं छोड़ना चाहती है। भाजपा ने पश्चिमी यूपी में जाट मतदाताओं को रिझाने के लिए करीब दो साल मुरादाबाद से ताल्लुक रखने वाले चौधरी भूपेंद्र सिंह को भाजपा का प्रदेश अध्यक्ष बनाया है। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और मथुरा से भाजपा सांसद हेमा मालिनी का 23 दिसंबर को बिलारी आना तय है। समारोह में उत्तर प्रदेश के अलावा राजस्थान, दिल्ली, हिमाचल प्रदेश, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और उत्तराखंड सहित कई राज्यों से भी जाट समाज के नेताओं के पहुंचने की उम्मीद है।

## सीएम योगी ने की पीएम के अयोध्या दौरे की तैयारियों की समीक्षा, दिए निर्देश

# पूरी अयोध्या राममय हो, धर्मनगरी को त्रेतायुगीन वैभव के अनुरूप सजाया जाए

पीएम नरेंद्र मोदी की 30 दिसंबर को अयोध्या यात्रा से पहले यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को शहर में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि धर्मनगरी अयोध्या को त्रेतायुगीन वैभव के अनुरूप सजाया जाए। पूरी अयोध्या राममय हो।

एजेंसी ⏭ अयोध्या

पीएम नरेंद्र मोदी की 30 दिसंबर को अयोध्या यात्रा से पहले यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को शहर में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि धर्मनगरी अयोध्या को त्रेतायुगीन वैभव के अनुरूप सजाया जाए। पूरी अयोध्या राममय हो। सीएम योगी ने प्रशासन को किसी भी समस्या से बचने के लिए होटलों की सभी अग्रिम बुकिंग रद्द करने का निर्देश दिया क्योंकि 22 जनवरी को राम मंदिर में भगवान राम लाल के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए बड़ी संख्या में विशेष आमंत्रित लोग आ रहे हैं।

उन्होंने कहा कि श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा से बहुप्रतीक्षित आयोजन से पूर्व आगामी 30 दिसंबर को पीएम का अयोध्या आगमन होना है। पीएम का यह दौरा अयोध्या को हजारों करोड़ की परियोजनाओं का उपहार देने वाला होगा। यह आयोजन अति महत्वपूर्ण है, इसके दृष्टिगत भारत सरकार के सहयोग से स्थानीय प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक तैयारियां कर ली जाएं।

**खास बातें**

- भव्य तोरण द्वार बनाएं
- भजन सरिता का प्रवाह हो
- निर्माण कार्यों को शीघ्रता से पूरा कराएं
- पुष्प वर्षा से करेंगे पीएम का अभिनंदन



सीएम योगी अयोध्या स्थित श्रीराम जन्मभूमि परिसर में निर्माण कार्यों का जायला लेते हुए।

### स्थानीय मठ-मंदिरों को सजाएं

सीएम योगी ने कहा कि धर्मनगरी अयोध्या को त्रेतायुगीन वैभव के अनुरूप सजाया जाए। पूरी अयोध्या राममय हो। स्थानीय मठ-मंदिरों को सजाएं। भव्य तोरण द्वार तैयार कराएं। स्थान-स्थान पर भजन सरिता का प्रवाह हो। सीएम ने कहा राम पथ, भक्ति पथ, जन्मभूमि पथ एवं धर्म पथ तथा अयोध्या हवाई अड्डे से बाईपास से नयाघाट जोड़ने वाले मार्ग से सम्बंधित कार्यों को गुणवत्ता के साथ शीघ्रता से पूरा कराया जाए।

### साधु-संत गणों का मार्गदर्शन प्राप्त करें

योगी ने कहा कि पीएम के स्वागत हेतु अयोध्यावासी भी उत्सुक हैं, ऐसे में उनका भी यथोचित सहयोग लें। साधु-संत गणों का मार्गदर्शन प्राप्त करें। पुष्प वर्षा कर पीएम का अभिनंदन किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में आज अयोध्या में 30 हजार करोड़ रुपये से अधिक लागत की परियोजनाएं चल रही हैं।

### सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद रखें

सीएम योगी ने कहा कि पीएम के संभावित भ्रमण कार्यक्रम एवं जनसभा के दृष्टिगत सभी तैयारियां एवं सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद रहें। इसके लिए अभी से सभी विभाग आपस में समन्वय करते हुये समस्त तैयारियां पूर्ण कराएं।

### जनसभा में 2 लाख लोग आएंगे

सीएम ने निर्देश दिए कि पीएम की जनसभा में आसपास के जनपदों से डेढ़ से दो लाख आम नागरिकों के आने की संभावना के दृष्टिगत सभी तैयारियां और अयोध्या को जोड़ने वाले प्रमुख मार्गों पर पर्याप्त पार्किंग व्यवस्था एवं जनसभा में आने वाले नागरिकों की सुविधाओं का ध्यान रखें।

### अयोध्या हवाई अड्डे पर 100 विमान आने की संभावना

सीएम ने कहा कि 22 जनवरी को वही लोग अयोध्या में आ सकेंगे जिनके पास निमंत्रण पत्र है या तो सरकारी ड्यूटी में तैनात हो। योगी ने कहा कि ऐसा संज्ञान में आया है कि कुछ लोगों ने 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा समारोह के दिन स्थानीय होटल एवं धर्मशालाओं की बुकिंग करा ली है उसको निरस्त किया जाए, जिससे शासन-प्रशासन में कोई परेशानी न हो। उन्होंने कहा कि उस दिन भारत के विशिष्ट आमंत्रित जन अयोध्या आयेंगे तथा अयोध्या हवाई अड्डे पर 100 विमान आने की संभावना है।

### अलग-अलग भाषाओं में निर्देश पट्टिकाएं

सीएम योगी के निर्देश पर देशभर से आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा को देखते हुए अयोध्या के मार्गों पर अलग-अलग भाषाओं में निर्देश पट्टिकाएं लगाई जाएंगी, ताकि श्रद्धालुओं को मंदिर जाने में दिक्कत ना हो। उन्होंने बताया कि खासकर दक्षिण भारत के राज्यों की भाषाओं में निर्देश पट्टिकाएं लगाई जाएंगी।

## प्रशांत किशोर ने फोड़ा सियासी बम!

# कांग्रेस पार्टी से खुलेआम जता दिया प्रेम, भाजपा नाखुश

एजेंसी ⏭ पटना

जन सुराज के संस्थापक और सूत्रधार प्रशांत किशोर ने 2024 के चुनाव से



पहले बड़ा दांव चल दिया है। प्रशांत किशोर ने कहा कि उनकी विचारधारा कांग्रेस के काफी करीब है। प्रशांत किशोर ने यह भी कहा कि अब कांग्रेस को तय करना है कि वो उनके साथ काम करना चाहती है या नहीं। प्रशांत किशोर के इस बयान से सियासी भूचाल आना तय है।

प्रशांत किशोर इस समय पूरे बिहार में जन सुराज यात्रा निकाल रहे हैं। आए दिन वो तमाम दलों को निशाने पर ले रहे हैं। लालू-तेजस्वी पर जमकर निशाना साध रहे हैं। हालांकि, अब कांग्रेस को लेकर उन्होंने जो कहा है कि इससे नई सियासी पिच जरूर तैयार होगी। इस बीच कांग्रेस की ओर से भी प्रशांत किशोर के बयान पर प्रतिक्रिया आ गई है।

### कांग्रेस के दरवाजे उनके लिए खुले

कांग्रेस नेता राजेश राठौड़ ने कहा कि हम प्रशांत किशोर के इस बयान का स्वागत करते हैं कि वो कांग्रेस की विचारधारा के साथ हैं और राहुल गांधी और खरगे की विचारधारा के साथ हैं। उन्होंने कहा कि जो लोग भी कांग्रेस की विचारधारा के साथ काम करना चाहते हैं, उनके लिए दरवाजे खुले हैं। अब ये तो प्रशांत किशोर को सोचना है कि उन्हें क्या करना है। पीके मानते हैं कि इस देश को कांग्रेस पार्टी की विचारधारा ही आगे बढ़ा सकती है। कांग्रेस पार्टी एक खुला मंच है और राहुल गांधी स्पष्ट कह दिया है किसी भी विचारधारा के व्यक्ति अपनी विचारधारा को छोड़ कांग्रेस पार्टी की विचारधारा को अपनाते हैं तो हम उनका स्वागत करते हैं। कांग्रेस तो ऐसे लोगों का हमेशा स्वागत करती है।

### पीके विचारधारा में भटके हुए: भाजपा

भाजपा के मुख्य प्रवक्ता मनोज शर्मा ने कहा कि प्रशांत किशोर के पास कई विचारधाराओं के साथ काम करने का अनुभव रहा है। 2014 में उन्होंने भाजपा की विचारधारा से प्रभावित होकर नरेंद्र मोदी के लिए काम किए। फिर 2015 के विधानसभा चुनाव में वो समाजवादी विचारधारा से प्रभावित होकर लालू यादव और नीतीश कुमार के लिए काम किया। फिर कांग्रेस से अलग हटकर जो टीएमसी बनी थी, उसके साथ भी उन्होंने काम किया। तो वो विचारधारा में भटके हुए हैं। वो कन्फ्यूज हैं। मनोज शर्मा ने आगे कहा कि आज जब वो बिहार में 6 महीने से घूम रहे हैं तो उन्होंने तो लग रहा है कि उनकी दाल गल नहीं रही है। ऐसे में कोई ऐसी पार्टी चाहिए जहां पर उन्हें आश्रय मिल जाए। कांग्रेस की तो खुद ही कोई विचारधारा नहीं है।

## पेज एक का शेष

### आतंकियों ने...

दिखाया गया है। एम-4 कार्बाइन राइफल 1980 के दशक के दौरान अमेरिका में निर्मित एक हल्की और गैस-संचालित गन है। यह अमेरिकी सशस्त्र बलों का प्रमुख हथियार है और इसका इस्तेमाल 80 से अधिक देश करते हैं। एम-4 को नजदीकी लड़ाई के लिए डिजाइन किया गया है और यह बहुत ही मारक है। यह अलग प्रकार की युद्ध स्थितियों के लिए सटीक, विश्वसनीय और उपयुक्त भी है। इसलिए इसका उपयोग सैन्यकर्मी करते हैं। 2016 के बाद से सुरक्षा बलों ने क्षेत्र में मारे गए जैश-ए-मोहम्मद आतंकवादियों के पास से स्टील की गोलियों के साथ चार एम-4 राइफलें बरामद की थीं। उधर, जांच के लिए राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने पुंछ में डेरा डाल दिया है। आतंकियों का साथ देने वाले दो ओवर ग्राउंड वर्करों (ओजीडब्ल्यू) को भी दबोचा गया है। आतंकवादी अपने हमलों को रिकॉर्ड करने के लिए प्रशिक्षित सैनिकों के समान हेलमेट कैमरों का उपयोग कर सकते हैं। इससे यह चिंता पैदा हो गई है कि वे प्रचार प्रसार के लिए इन हमलों के फुटेज का उपयोग कर सकते हैं।

### फ्रांस के राष्ट्रपति...

प्रयास किया था लेकिन अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन के व्यस्त कार्यक्रम की वजह से ऐसा न सका। फ्रांस के राष्ट्रपति को भारत द्वारा भेजा गया निमंत्रण पश्चिमी यूरोपीय देश के साथ उसके घनिष्ठ संबंधों का भी संकेत देता है। दोनों देशों के बीच रक्षा, अंतरिक्ष, परमाणु क्षेत्रों में रणनीतिक साझेदारी है। मैक्रों ने भी इस साल सितंबर में भारत की अध्यक्षता में आयोजित जी 20 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए भारत का दौरा किया था।

### पहली बार विधायक...

बने और मंत्री भी बन गए। साव और शर्मा ने 13 दिसंबर को शपथ ली थी। मुख्यमंत्री समेत प्रदेश मंत्रिमंडल में 13 सदस्यों की जगह है। सीएम विष्णुदेव साय और दो डिप्टी सीएम बनने के बाद 9 मंत्री बनाए गए हैं। अभी एक सदस्य की जगह खाली है। 12 सदस्यीय कैबिनेट में अभी 6 ओबीसी, 3 आदिवासी, 2 सामान्य और 1 एससी हैं।

पांच पुराने चेहरे जो विधायक व मंत्री रहे: 12 लोगों के मंत्रिमंडल में 5 विधायक ऐसे हैं, जो पहली बार विधायक बने और पहली ही बार में मंत्री बनाए गए। इसमें अरुण साव, विजय शर्मा, लक्ष्मी राजवाड़े, टंकराम वर्मा और ओपी चौधरी शामिल हैं। जबकि श्यामबिहारी जायसवाल और लखनलाल देवांगन पहले विधायक रह चुके हैं। पांच पुराने चेहरे जो विधायक व मंत्री रहे हैं, इनमें विष्णुदेव साय, रामविचार नेताम, बृजमोहन अग्रवाल, दयालदास बघेल और केदार कश्यप शामिल हैं।

### कतर में सजा पाने वाले...

मगर भारतीय पक्ष को अभी ये नहीं मालूम है कि जिन लोगों को माफी मिली है, उनकी पहचान क्या है। यही वजह है कि अभी तक ये साफ नहीं हो पाया है कि क्या माफी हासिल करने वाले लोगों में वो भारतीय नौसेना के आठ पूर्व कर्मी भी शामिल हैं, जिन्हें कतर में फांसी की सजा का सामना करना पड़ रहा है। तीन बार सुनवाई: रिपोर्ट के मुताबिक, भारतीय नागरिकों से जुड़े एक सवाल का जवाब देते हुए अरिंदम बागची ने कहा, 'मामला अब कतर की कोर्ट ऑफ अपील में है और 23 नवंबर, 30 नवंबर और 7 दिसंबर को यहां तीन बार सुनवाई हुई है। इस बीच दोहा में मौजूद हमारे राजदूत को 3 दिसंबर को इन सभी लोगों से मिलने के लिए काउंसलर एक्सेस मिला. इसके अलावा अभी मेरे पास साझा करने के लिए कुछ भी नहीं है।

### बजरंग ने पद्मश्री...

उठाया। बजरंग पूनिया ने अपना सम्मान प्रधानमंत्री आवास के सामने फुटपाथ पर रख दिया। जिस पर खेल मंत्रालय ने कहा है कि यह उनका (पूनिया) निजी फैसला है। खेल मंत्रालय ने कहा है कि डब्ल्यूएफआई का चुनाव निष्पक्ष और लोकतांत्रिक तरीके से हुआ है। हम अब भी कोशिश करेंगे कि बजरंग पूनिया पद्मश्री लौटाने के फैसले को बदल दें।

**नहीं लगता कि बेटियों को न्याय मिलेगा:** वहीं, बजरंग पूनिया ने कहा था कि खेल मंत्रालय ने वादा किया था कि फेडरेशन में डब्ल्यूएफआई से अलग का कोई कोई आदमी आएगा। जिस तरह पूरे तंत्र ने काम किया उससे मुझे नहीं लगता कि बेटियों को न्याय मिलेगा। हमने जो लड़ाई लड़ी आने वाली पीढ़ी को और लड़नी पड़ेगी। सरकार ने जो वादा किया पूरा नहीं किया।

### तमिलनाडु में भारी...

जरिए 3.2 टन राहत सामग्री लोगों तक पहुंचाया गया। इससे पहले राज्य के सीएम एमके स्टालिन ने कहा कि बाढ़ की स्थिति से निपटने के लिए हर संभव प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि अबतक 12,653 लोगों को 14 राहत शिविरों में स्थानांतरित किया गया है। पिछले कुछ दिनों में थूथुकुडी, तिरुनेलवेली, तेनकासी और कन्याकुमारी में भारी बारिश ने कहर बरपाया है। केंद्र सरकार और राज्य सरकार संयुक्त रूप से प्रभावित लोगों को बचाने के लिए बड़े पैमाने पर राहत और बचाव कार्य चला रहे हैं।

### भाजपा को शिकस्त...

की कोशिश की, तो राहुल गांधी ने कहा कि कांग्रेस ने 2018 में तीनों राज्यों में जीत हासिल की और भाजपा अपराजेय नहीं है। मल्लिकार्जुन खड़गे ने कथित तौर पर इस विचार का समर्थन किया और कहा कि पार्टी के व्यापक हित में चार या पांच सीटें छोड़ना कोई मुद्दा नहीं होना चाहिए था।

### 2 लोगों को लिया ...

चार्टर कंपनी लीजेंड एयरलाइंस की ओर से संचालित उड़ान गुरुवार दोपहर तकनीकी ठहराव के लिए छोटे वैट्री हवाई अड्डे पर उतरी थी, जब पुलिस ने हस्तक्षेप किया। कार्यालय ने कहा कि वैट्री हवाई अड्डे पर रिसेप्शन हॉल को यात्रियों को उपलब्ध कराने के लिए व्यक्तिगत बिस्तरों के साथ एक वेटिंग एरिया (प्रतीक्षा क्षेत्र) में बदल दिया गया था। कार्यालय ने कहा कि न्यायिक जांच शुरू कर दी गई है।

## बिहार में नक्सली विस्फोट की साजिश नाकाम

# 16 हजार ई-डेटोनेटर और 417 केन बम बरामद

एजेंसी ⏭ गया

प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा माओवादियों के ठिकानों से सुरक्षा बलों को बड़ी कामयाबी मिली है। गया-औरंगाबाद सीमा पर स्थित पचरूखिया के जंगलों से 1600 से अधिक इलेक्ट्रिक डेटोनेटर और 417 केन बम बरामद किया गया है। बम



की बरामदगी के बाद डुमरिया थाना की पुलिस और कोबरा बटालियन के जवानों द्वारा जंगलों में सर्च ऑपरेशन को और तेज कर दिया।

## घटना के बाद रेलवे प्रशासन ने रद्द की 13 ट्रेनें

# माओवादियों ने विस्फोट कर रेलवे ट्रैक उड़ाया

एजेंसी ⏭ रांची

प्रतिबंधित सीपीआई (एम) के सदस्यों ने झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम



जिले के रेलवे ट्रैक के एक हिस्से को विस्फोट से उड़ा दिया। इस घटना के बाद हावड़ा-मुंबई मार्ग पर ट्रेनें कई घंटों तक बाधित रही। इस घटना के बाद 13 ट्रेनों को रद्द किया गया वहीं एक का मार्ग परिवर्तित किया गया। माओवादियों ने गुरुवार करीब रात 10 बजे बम विस्फोट कर चाईबासा क्षेत्र में गोइलकेरा-पोसैता के बीच रेलवे ट्रैक को उड़ा दिया है, जिससे हावड़ा-मुंबई रेल लाइन पर ट्रेनों का परिचालन बाधित हो गया है।

### दो से तीन मीटर तक रेलवे ट्रैक क्षतिग्रस्त

चक्रधरपुर डिवीजन के सहायक वाणिज्य प्रबंधक विनीत कुमार ने बताया कि शुक्रवार की सुबह नौ बजे ट्रेनों का परिचालन बहाल कर दिया गया था। एक रेलवे विज्ञप्ति में इस घटना का जिक्र करते हुए कहा गया, गुरुवार की रात करीब 10:08 बजे महादेवसाल और पोसोइता स्टेशनों के बीच विस्फोट हुआ।

## यूपी एसटीएफ टीम ने की बड़ी कार्रवाई

# 100 करोड़ की जीएसटी चोरी में अतीक अहमद का रिश्तेदार गिरफ्तार

एजेंसी ⏭ लखनऊ

यूपी के माफिया अतीक अहमद के करीबियों पर प्रशासन का शिकंज कसता जा रहा है। यूपी एसटीएफ ने टैक्स चोरी के मामले माफिया अतीक अहमद के बहनोई डॉ. अखलाक के रिश्तेदार कमर अहमद काजमी गिरफ्तार किया है। लखनऊ और मेरठ की एसटीएफ ने इस कार्रवाई को अंजाम दिया है। लखनऊ एसटीएफ ने 100 करोड़ की जीएसटी चोरी और धोखाधड़ी में माफिया अतीक अहमद के बहनोई डॉ. अखलाक के रिश्तेदार कमर अहमद काजमी गिरफ्तार किया है। मेरठ और लखनऊ एसटीएफ ने संयुक्त रूप से इस कार्रवाई को अंजाम दिया है। मेरठ से कमर अहमद काजमी की गिरफ्तारी हुई है। कमर अहमद काजमी मेरठ के प्रतिष्ठित होटल ब्रॉडवे इन के मालिक हैं। वे हाल ही में दुबई से भारत लौटे हैं।

### ई-वे बिल की धोखाधड़ी



कमर अहमद काजमी के खिलाफ मेरठ के सिविल लाइन थाने में जीएसटी चोरी और धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज किया गया है। उन पर जीएसटी के ई-वे बिल बनाकर 100 करोड़ की धोखाधड़ी का आरोप है। कमर अहमद काजम का मेरठ, दुबई, गुरुग्राम, उत्तराखंड और गाजियाबाद में माइको ग्लास का बड़ा कारोबार है। वे 8 बड़ी कंपनियों के मालिक हैं।

### कई फाइलों को खंगाला जा रहा

एसटीएफ ऑफिस में कई घंटे की पूछताछ के बाद कमर अहमद काजमी को गिरफ्तार किया गया है। फिलहाल, एसटीएफ और जीएसटी की टीम काजमी के संबंधित ठिकानों होटल ब्रॉडवे व अन्य कारोबार से मिले कागजात की पड़ताल कर रही है। साथ ही कई फाइलों को खंगाल रही है। मेरठ और लखनऊ की एसटीएफ टीम लंबे समय से गोपनीय जांच कर रही थी। कमर अहमद काजमी कैंट रोड के तिवारी कैंपस के सामने कोठी में रहते हैं। बता दें कि 2022 में भी आयकर की टीम ने उनके कैंट स्थित आवास पर सर्च अभियान चलाया था। इस दौरान काफी गड़बड़ी सामने आई थी।

### अतीक अहमद के फाइनेंसर की मौत

इधर अतीक अहमद के फाइनेंसर नफीस उर्फ नफीस बिरयानी की बीते दिनों प्रयागराज की नैनी जेल में दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई। नफीस उमेश पाल हत्याकांड का आरोपी था। पुलिस ने उसे आनापुर इलाके से मुठभेड़ में गिरफ्तार किया था।

## चिंतन

# बढ़ते कर्ज के प्रति सतर्क रहे सरकार

भारत सरकार को सतर्क रहने की जरूरत है। देश पर कुल कर्ज 205 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा हो गया है। इस वर्ष मार्च में देश पर कुल कर्ज 200 लाख करोड़ रुपये था, यानी बीते 6 महीने में 5 लाख करोड़ रुपये का कर्ज बढ़ गया। अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ) ने भारत सरकार को चेताया है कि सरकार अगर इसी रफ्तार से कर्ज लेती रही तो देश पर जीडीपी का 100 फीसदी कर्ज हो सकता है और ऐसा हुआ तो सरकार के लिए कर्ज का भुगतान करना मुश्किल होगा। यूं तो घाटे के बजट वाली अर्थव्यवस्था को प्रगतिशील मानी गई है, लेकिन कर्ज इतना ना हो जाय कि ब्याज देनदारी में ही पसीने छूटे और भुगतान का संकट पैदा हो जाय। बेशक भारत की अर्थव्यवस्था बहुत तेज गति से विकास कर रही है, इसी के साथ सुरसा की भांति बढ़ते कर्ज अर्थव्यवस्था की सेहत के लिए खतरनाक साबित हो सकते हैं। हाल के वर्षों में कर्ज के चलते देशों की अर्थव्यवस्था बेटपरी होते देनिया ने देखी है। पाकिस्तान, श्रीलंका का उदाहरण सामने है। कुछ वर्ष पूर्व तुर्की, स्पेन की सरकार का संकट हमने देखा है। भारत की फ्रीबिज राजनीति जिस तरह चलन में आ गई है, इससे सरकारों पर कर्ज बढ़ने का खतरा और बढ़ गया है। एक रिपोर्ट के अनुसार देश का कुल कर्ज चालू वित्त वर्ष की जुलाई-सितंबर तिमाही में बढ़कर 2.47 लाख करोड़ डॉलर (205 लाख करोड़ रुपये) पर पहुंच गया है। वर्ष की जनवरी-मार्च तिमाही में कर्ज 200 लाख करोड़ रुपये था। इनमें केंद्र सरकार का कर्ज 161.1 लाख करोड़ है, तो कुल कर्ज में राज्य सरकारों की हिस्सेदारी 50.18 लाख करोड़ रुपये है। अकार के हिसाब से बेशक भारतीय अर्थव्यवस्था विश्व की पांचवीं बड़ी इकोनॉमी है, लेकिन लगातार कर्ज का बढ़ना सरकार के लिए नया संकट खड़ा कर सकता है। देश के हर नागरिक पर 1.40 लाख रुपये का कर्ज है। सरकार को फिजूल खर्ची बंद करनी होगी, संपत्ति निर्माण से जुड़े खर्च बढ़ाना होगा, मुफ्तगिरी वाली योजनाओं को बंद करना होगा, विकास की दिशा को संपत्ति सृजन की तरफ मोड़ना होगा। चालू वित्त वर्ष में सरकार का राजकोषीय घाटा व वित्तीय घाटा दोनों बढ़ा है। ये अनुमानित लक्ष्य से अधिक हैं। ऐसे में सरकार पहले से ही वित्तीय दबाव में है। जीएसटी कलेक्शन और प्रत्यक्ष कर संग्रह में वृद्धि हुई है, लेकिन इसी के साथ सरकारी बैंकों का एनपीए भी बढ़ा है। बैड बैंक के आइडिये से सरकारी बैंकों की माली हालत में सुधार नहीं हुआ है, उन पर गैर निष्पादित अस्तियों का दबाव बना हुआ है। राज्यों की केंद्र पर वित्तीय निर्भरता बनी हुई है, राज्य वित्तीय रूप से आत्मनिर्भर नहीं हो रहे हैं, उल्टे उनके कर्ज बढ़ते जा रहे हैं। सरकारों को समय रहते कर्ज पर अंकुश लगाना होगा। आईएमएफ ने कहा है कि भारत को लॉन्ग टर्म में कर्ज चुकाने में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। हालांकि, आईएमएफ की इस रिपोर्ट पर केंद्र सरकार ने असहमति जताई की है। भारत सरकार का मानना है कि सरकारी कर्ज से जोखिम काफी कम है, क्योंकि ज्यादातर कर्ज रुपये में है। आईएमएफ का कर्ज बढ़ने का दावा अतिश्योक्ति जरूर लग सकता है, लेकिन सरकार पर भारी कर्ज भविष्य का संकट है। सरकार को समझदारी से खर्च प्रबंधन के उपायों को अपनाना चाहिए। आईएमएफ की चेतावनी को हल्के में लेना ठीक नहीं होगा। सरकार बढ़ते कर्ज के प्रति सतर्क-सजग रहे तो अच्छा है।

# किसानों को संकट से उबारना जरूरी



दिवस विशेष
रवि शंकर

> खाद्य पदार्थों की लगातार बढ़ती कीमत हमारे लिए खतरे की घंटी है। आयातित अनाज के भरोसे खाद्य सुरक्षा की गारंटी नहीं दी जा सकती। इस देश के किसानों को आर्थिक उदारवाद के समर्थकों की सहानुभूति की जरूरत नहीं है। अगर देश की हालत सुधारनी है, गरीबी मिटानी है और किसानों की हालत में सुधार करके उनका जीवन स्तर ऊपर उठाना है तो सबसे पहले कृषि क्षेत्र की हालत सुधारना सबसे आवश्यक है। देश की आधी से ज्यादा आबादी कि स्थिति सुधारे बिना देश का विकास नहीं हो सकता है, इसलिए जरूरत है इसकी महत्ता को कागज़ों से निकाल कर किसानों के बीच ले जाने की।

किसान दिवस पर भारत जैसे कृषि प्रधान देश में किसान की स्थिति देखकर देश के तमाम विकास के दावे बेमानी लगने लगते हैं। इसका एक कारण सरकार द्वारा किसानों पर जितना ध्यान देना चाहिए, उतना नहीं देना है। मालूम हो,सरकार ने किसानों को 2022 तक उनकी आय दो गुना करने का वादा किया था। न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) को लागत का डेढ़ गुना करने का वादा किया था, लेकिन वादे केवल वादे ही बनकर रह गए। गौर करने वाली बात यह है कि हमारे देश में अब भी किसानों की औसत आय इतनी कम है इससे उनका भरण-पोषण नहीं हो सकता।

यह विडंबना ही कही जाएगी कि भारत में अन्नदाताओं की इनकम चपरासी से भी कम है। सरकार की तमाम कोशिशों और दावों के बावजूद देश के किसानों की हालत में कोई क्रांतिकारी सुधार नहीं दिख रहा है। उनकी इस बदहाली के पीछे कहीं न कहीं सरकार की नीतियां ही जिम्मेदार हैं जहां कृषि को कभी भी देश के विकास की मुख्यधारा का मानक समझा ही नहीं गया। बीज और खाद आदि के नाम पर छिटपुट सब्सिडी और कृषि ऋण के अलावा किसानों के लिए आज भी कोई विशेष सरकारी सुविधा नहीं है। यही वजह है कि किसानों के सामने हमेशा संकट बना रहता है। प्राकृतिक आपदा या अन्य किसी कारण से फसल बर्बाद हो गई तो खेती के लिए लिया गया कर्ज न चुका पाने के कारण किसानों के सामने रोटी के भी लाले पड़ जाते हैं और निराशा आत्महत्या तक ले जाती है। वहीं जरूरत से ज्यादा उत्पादन भी आफत का कारण बन जाता है, क्योंकि उसे उसकी फसल का उचित मूल्य नहीं मिल पाता है और उसे उन्हें औने-पौने दामों में बेचना पड़ता है। यदि किसान का उत्पादन अधिक हो जाए तो भी सरकार हाथ खड़े कर देती है और कम रहे तब भी सरकार को परेशानी होने लगती है(

भारत में तकरीबन 60 फीसदी आबादी कृषि से जुड़ी है। सरकार द्वारा किसानों की आय बढ़ाने के लिए तमाम योजनाएं चलाई जा रही हैं। फिर भी उनकी आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं है। पिछले डेढ़-दो दशकों से जो भी सरकारें बनी, उसने कृषि क्षेत्र की उपेक्षा की। बेशक कृषि क्षेत्र के लिए कई परियोजनाएं शुरू की गईं, लेकिन उनका क्रियान्वयन ठीक ढंग से नहीं किया गया। राष्ट्रीय कृषि विकास योजना, राष्ट्रीय खाद्यान्न सुरक्षा मिशन, राष्ट्रीय बागवानी मिशन जैसी न जाने कई योजनाएं चल रही हैं। इसके अलावा भारत निर्माण, त्वरित सिंचाई लाभ कार्यक्रम, वर्षा आधारित क्षेत्र विकास कार्यक्रम के तहत काफी क्षेत्रों को सिंचित करने का प्रस्ताव भी है, लेकिन सही तरीके से क्रियान्वयन न होने की वजह से इनका अपेक्षित लाभ नहीं मिल पा रहा है। अक्सर यह बात कही जाती है कि हमारी अर्थव्यवस्था सबसे चमकदार अर्थव्यवस्थाओं में एक है, लेकिन चमकदार अर्थव्यवस्था में इस दाग को सरकार नहीं मिटा पाती कि दुनिया में सबसे अधिक कुपोषण से मरने वाले बच्चों की संख्या भारत में ही है। यह एक सच्चाई है जिसे कोई सरकार स्वीकार करना नहीं चाहेगी। भले, ऊंची विकास



दर अर्थव्यवस्था की गतिशीलता का पैमाना हो, मगर खाद्य असुरक्षा को लेकर कृषि प्रधान देश की ऐसी दुर्दशा होना निश्चित ही गंभीर बात है।

गौरतलब है कि भारत की आबादी एक अरब 41 करोड़ से ऊपर जा चुकी है। द मिलेनियम प्रोजेक्ट की रिपोर्ट में कहा गया है कि सन 2040 तक भारत की आबादी लगभग एक अरब 57 करोड़ हो जाएगी। ऐसे में सभी लोगों को भोजन मुहैया करना एक बड़ी चुनौती होगी। हकीकत यह है कि अगर इस देश में सभी लोग दो जून भरपेट भोजन करने लगें तो देश में अनाज की भारी किल्लत पैदा हो जाएगी। भुखमरी का यह तस्वीर कृषि संकट का ही एक चेहरा है। असल में कृषि क्षेत्र जिस घोर संकट में फंसा हुआ है, उसका एक बड़ा कारण किसानों की आत्महत्याओं में दिखाई पड़ रहा है।

कुल मिलाकर कहा जा सकता है कि कृषि प्रधान देश भारत में कृषि और किसान कितनी मुश्किलों से गुजर रहे हैं, यह जानने के लिए तो किसी अध्ययन या शोध की जरूरत सरकार को नहीं होनी चाहिए। बरसों से देश के विभिन्न हिस्सों से किसानों द्वारा आत्महत्या करने की खबरें आ रही हैं, तो दूसरी तरफ तेजी से खेती से विमुख हो रहे लोगों की संख्या भी लगातार बढ़ती जा रही है। इन हालात में, खासकर तब जबकि बेलगाम आबादी के लिए मंडराते खाद्यान्न संकट के मद्देनजर सरकार एक और हरित क्रांति की जरूरत पर जोर दे रही है। अगर भारतीय कृषि और किसान को गहरे संकट से उबारना है, तो कुछ बड़े और कड़े फैसले सरकार को करने पड़ेंगे। भले ही पिछले दशक में कृषि क्षेत्र के लिए ऋण मेंचाहे जितना इजाफा किया गया हो लेकिन आज भी छोटे और सीमांत किसान अपनीजरूरतों की पूर्ति के लिए सेठ-साहूकारों की ही मदद लेते हैं। ऐसा लगता है कि बैंकों की ऋण सुविधाओं का अधिकतर लाभ भी वही किसान उठा रहे हैं जो कर्ज चुकाने की स्थिति में हैं। यदि किसानों को खेती से लाभ दिलाने के लिए दीर्घकालिक उपायों पर गंभीरता से विचार नहीं किया गया तो स्थिति और भयानक हो सकती है। किसानी का पूरा काम इतना श्रम आधारित है कि इसमें शरीर तोड़ने वाले श्रम की जरूरत पड़ती है। किसान प्रकृति से भी लड़ता है क्योंकि प्रकृति कभी भी उसके नियम से चलती नहीं है और सरकार के द्वारा बनाई गई तमाम व्यवस्थाएं जो उसके प्रतिकूल जा रही हैं, किसान को उससे भी लड़ना होता है।

साफ है, लागत खर्च बढ़ने से देश के किसानों की स्थिति दिन-ब-दिन बदतर होती जा रही है। यहां तक उन्हें अपनी फसल का उचित मूल्य भी नहीं मिल पा रहा है। यही वजह है कि अब किसानों के लिए खेती लाभप्रद व्यवसाय नहीं रह गई है और खेती से मोहभंग के कारण वे लगातार रोजगार के वैकल्पिक उपायों को अपना रहे हैं। अगर किसानों और कृषि के प्रति यही बेरुखी रही, तो वह दिन दूर नहीं, जब हम खाद्य असुरक्षा की तरफ तेजी से बढ़ जाएंगे। जोकि देश की खाद्य सुरक्षा के लिए खतरे का संकेत है। खाद्य पदार्थों की लगातार बढ़ती कीमत हमारे लिए खतरे की घंटी है। आयातित अनाज के भरोसे खाद्य सुरक्षा की गारंटी नहीं दी जा सकती। इस देश के किसानों को आर्थिक उदारवाद के समर्थकों की सहानुभूति की जरूरत नहीं है। अगर देश की हालत सुधारनी है, गरीबी मिटानी है और किसानों की हालत में सुधार करके उनका जीवन स्तर ऊपर उठाना है तो सबसे पहले कृषि क्षेत्र की हालत सुधारना सबसे आवश्यक है। देश की आधी से ज्यादा आबादी कि स्थिति सुधारे बिना देश का विकास नहीं हो सकता है, इसलिए जरूरत है इसकी महत्ता को कागज़ों से निकाल कर किसानों के बीच ले जाने की।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## बलिदान दिवस
डॉ. जगदेव सिंह विद्यालंकार



# अमर हुतात्मा स्वामी श्रद्धानन्द


धन्य है जालन्धर जिले के तलवन ग्राम की वह भूमि जहां नानकचन्द के घर में 1856 में स्वामी श्रद्धानन्द सरीखे राष्ट्रपुरुष ने जन्म लिया। यद्यपि मुन्शीराम का आरम्भिक जीवन पिता के उच्चपदस्थ एवं धनसम्पन्न होने के कारण कुमार्गगामी हो गया था और शराब, मांस आदि के सेवन से अत्यधिक दुर्व्यसनी हो गया था, परन्तु शीघ्र ही उनके जीवन का सौभाग्य उदय हो गया। संयोग से महर्षि दयानन्द उस बरेली नगर में वेदप्रचार करने के लिए पहुंच गए जहां मुंशीराम के पिता नानकचन्द शहर कोतवाल थे और महर्षि के प्रवचनों के प्रबन्धक थे। जब नानकचन्द ने भव्य ऋषि के प्रवचन सुने तो उन्हें विश्वास हो गया कि मेरे पथभ्रष्ट पुत्र को ये ही सन्मार्ग पर ला सकते हैं और हुआ भी वहीं। ऋषि के व्याख्यान सुनकर मुन्शीराम महात्मा मुन्शीराम बन गए और जीवन में कुछ कर गुजरने का संकल्प कर लिया। उस दिव्य ऋषि के शिष्य ने फिर पीछे मुड़कर नहीं देखा। त्याग, तप और संयम की भट्ठी में स्वयं को ऐसा झोंका कि कुन्दन बनकर निकले। छत्तीस वर्ष की आयु में विधुर होने के बाद कठोर ब्रह्मचर्य व्रत को धारण किया। राजा जनक की भांति निर्लिप्त भाव से गृहस्थ धर्म के उत्तरदायित्व को पूरा किया। शीघ्र ही स्वामी दयानन्द द्वारा बताए हुए सन्देश को कार्यान्वित करने के लिए गुरुकुल शिक्षा प्रणाली को प्रारम्भ करने हेतु संकल्प लिया और केवल छह महीने के समय में तीस हजार रुपये एकत्रित कर लिए जो आज के तीस करोड़ के बराबर थे। महात्मा मुंशीराम की पारखी बुद्धि में यह जान लिया था कि गुरुकुल शिक्षा प्रणाली ही वह सरणी है जिस पर चलकर इस देश का युवा स्वावलम्बी, स्वाभिमानी और आत्मसमानी बनकर राष्ट्र की पराधीनता की



जंजीरों को काट सकता है तथा धार्मिक एवं सामाजिक दृष्टि से पतनोन्मुख राष्ट्र को सन्मार्ग पर प्रशस्त कर सकता है। 'उपहरे गिरीणां संगमे च नदीनां चिया विप्रो अजायत' इस वेदमन को मन में संजोकर 1902 में हरिद्वार के निकट कांगड़ी गांव में गंगा की दो धाराओं के मध्य गुरुकुल की स्थापना कर दी और सबसे पहले अपने दोनों पुत्रों हरिश्चन्द्र और इन्द्र को गुरुकुल में प्रविष्ट कर दिया। गुरुकुल कांगड़ी ने एक से बढ़कर एक विद्वान, साहित्यकार, पत्रकार, लेखक और वक्ता प्रदान किए। नारी शिक्षा के लिए भी महात्मा मुन्शीराम ने जालंधर में कन्या विद्यालय की स्थापना की। स्वामी श्रद्धानन्द त्याग और तप की प्रतिमूर्ति थे। उन्होंने अपनी सारी सम्पत्ति दान में दे दी। प्रेस और किले के आकार की भय कोठी को भी आर्य समाज को दे दिया। ऐसा सर्वमेध यज्ञ करने वाला कोई विरला ही होता है। अपने गुरु महर्षि दयानन्द के आदेश का स्वामी श्रद्धानन्द ने अक्षरशः पालन किया। संन्यास लेने के बाद स्वामी जी ने गुरुकुल को छोड़ दिया और दिल्ली में रहकर स्वतन्त्रता आन्दोलन में भाग लिया। महात्मा गांधी स्वामी जी को अपना बड़ा भाई मानते थे और उनके सम्मान में चरणस्पर्श करते थे। जलियांवाला निर्मम हत्याकांड के तुरन्त बाद अमृतसर में कांग्रेस का अधिवेशन स्वामी श्रद्धानन्द ने अपने बलबूते पर कराया और स्वयं स्वागताध्यक्ष बने तथा अपने स्वाभिमान और राष्ट्रप्रेम का परिचय देते हुए हिंदी में भाषण दिया। रोलेट एक्ट के विरोध में बड़े भारी जुलूस का नेतृत्व करते हुए दिल्ली के चादनी चौक के घंटाघर के पास जब गोरे सिपाहियों ने संगीनें तान दी तो निर्भीक स्वामी जी ने अपनी छाती अड़ा दी। 'हिम्मत है तो चलाओ गोली' तब स्वामी श्रद्धानन्द की हुंकार सुनकर गोरों की संगीनें झुक गईं। स्वामी श्रद्धानन्द की निर्भीकता, निष्पक्षता और मानवता को देखकर ही मौलाना अब्दुल्ला चुड़ीवाले ने जामा मस्जिद में भाषण देने के लिए आमन्त्रित किया और स्वामी जी ने जामा मस्जिद के दिम्बर पर खड़े होकर वेदमन्त्रों का उच्चारण करते हुए एक घंटे का भाषण दिया और उसके दो दिन बाद फतहपुरी मस्जिद में भी स्वामी जी का भाषण हुआ। स्वामी जी ही एक मात्र ऐसे हिन्दू नेता थे जिन्होंने मस्जिद में भाषण दिया भाई-चारे का सन्देश दिया। स्वामी जी के शुद्धि आन्दोलन बहुत जोर-शोर से चलाया और जो स्वेच्छा से हिन्दू बनना चाहते थे उन्हें स्वामी जी शुद्ध करके हिन्दू (आर्य) बना देते थे। स्वामी जी के इस कार्य के महत्व को समझे बिना कुछ संकीर्ण स्वार्थी महत्वाकांक्षी व्यक्तियों के मुसलमान भाइयों को भड़काने और गुमराह करने का दुष्कृत्य किया जिसके परिणामस्वरूप अब्दुल रशीद नाम के एक अर्मांध मुसलमान ने रुग्णावस्था में विश्वास करते हुए स्वामीजी पर 23 दिसम्बर 1926 को तीन गोली मार कर शहीद कर दिया। ऐसे धुन के धनी, सत्योपासक, मानवता के सेवक, महान देशभक्त, वीर बलिदानी शताब्दियों बाद जन्म लेते हैं। ऐसे महान राष्ट्रवादी महापुरुष को बार-बार प्रणाम।

(लेखक सेवानिवृत्त प्राचार्य हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## हमारी बहुत सी परेशानियों का कारण हमारा मोह



संकलित
दर्शन

श्रीरामचरितमानस और अन्य ग्रंथों का जीवन में महत्व समझें। आप कह सकते हैं कि भागदौड़ भरे जीवन में ग्रंथ पढ़ने का समय कहां से निकाले? मैं कहता हूं कि आज के इस दौर में तो इंटरनेट के जरिए भी बहुत से ग्रंथ पढ़ कर अपनी समस्याओं का समाधान प्राप्त किया जा सकता है। ये ग्रंथ हमारे गुरु हैं। कलिकाल में समस्याओं के समाधान का एक बड़ा साधन और उपाय हरि नाम है। स्वयं भगवान शिव राम नाम जपते हैं। राम परम तत्व हैं। हमारी बहुत सी परेशानियों का कारण हमारा मोह है। मोह रूपी रावण को राम ने मारा था। हमारे भीतर महामोह का महिषासुर बैठा है। महिषासुर का वध राम ने नहीं, मां काली ने किया था। इसे मारने के लिए हम राम कथा का सहारा लें। राम कथा एक ओर जहां काली के रूप में कराल है, तो वहीं चंद्रमा की किरणों की तरह उसमें कोमलता-शीतलता भी है। प्रसन्न रहना है तो प्रत्येक व्यक्ति पर, प्रत्येक बात और प्रत्येक परिस्थिति पर संदेह करने की आदत छोड़नी होगी। एक समय सती ने शिव की बातों का विश्वास नहीं किया और भगवान की परीक्षा लेने लगीं। इस कारण अंत में उन्हें शिव वियोग का सामना करना पड़ा। शंकर विश्वास हैं। भक्ति में संशय का कोई स्थान नहीं। विश्वास जीवन है, संशय हमें नाश तक ले जाता है। एक बात और, किसी भी विपरीत परिस्थिति या किसी भी कठिनाई को विपत्ति मत समझें। श्रीरामचरितमानस की प्रसिद्ध पंक्ति है-

कह हनुमंत बिपति प्रभु सोई। जब तव सुमिरन भजन न होई।।

## बच्चों को अच्छे संस्कार देने पर दें ध्यान



संकलित
प्रेरणा

महाभारत में दो खास परिवार हैं, पहला पांडव और दूसरा है कौरव। पांडव परिवार में कुंती और पांच पुत्र थे। जबकि कौरव परिवार में धृतराष्ट्र और गांधारी के साथ ही सौ पुत्र थे। पांडवों के पास सुख-सुविधाओं का अभाव था, जबकि कौरवों के पास सारी सुख-सुविधाएं थीं। महाभारत में कुंती अपने पांच पुत्रों के साथ वन में रह रही थीं, क्योंकि धृतराष्ट्र और दुर्योधन नहीं चाहते थे कि पांडु के पुत्रों को राज्य मिले। धृतराष्ट्र का पुत्र दुर्योधन अधर्मी था। वह बचपन से ही पांडव पुत्रों को परेशान कर रहा था। कुंती के पति पांडु शाप की वजह से मर चुके थे। पांडु की दूसरी पत्नी माद्री भी जीवित नहीं थी। इन दोनों के बाद कुंती को पांच पुत्रों का पालन करना था। तीन पुत्र कुंती के थे और दो पुत्र माद्री के थे। कुंती जानती थीं कि जंगल में तो कोई सुख-सुविधा तो मिलेगी नहीं, इसलिए कुंती ने बच्चों का पालन करते समय संस्कारों पर ज्यादा ध्यान दिया। दूसरी ओर कौरव पक्ष में धृतराष्ट्र अंधे थे, गांधारी ने भी आंखों पर पट्टी बांध ली थी। दुर्योधन और उसके भाई लगातार गलत काम कर रहे थे, लेकिन माता-पिता ने उनकी ओर ध्यान ही नहीं दिया। नतीजा ये हुआ कि सभी कौरव पुत्र अधर्मी हो गए। महाभारत युद्ध में जब श्रीकृष्ण को ये निर्णय लेना था कि किसके पक्ष में रहेंगे, तब उन्होंने धर्म मार्ग पर चल रहे पांडव पुत्रों को चुना। धृतराष्ट्र और गांधारी ने अपने पुत्रों को सुख-सुविधा की हर एक चीज दी थी, लेकिन अच्छे संस्कार नहीं दिए थे।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### बुढ़ापे में मिले सरकारी संरक्षण


हाल ही में संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष की रिपोर्ट में सामने आया है कि हमारे देश में बुजुर्ग आबादी बहुत बढ़ेगी। रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2046 तक वृद्धि दर 41 फीसदी होने का अनुमान है और शायद वर्ष 2050 तक यह आबादी दोगुना हो जाए। बुढ़ापा हर प्राणी को आता है। इनसान ही नहीं, बल्कि अन्य प्राणियों पर भी एक समय बाद बुढ़ापा आता है। इनसान को प्राणी जाति में सबसे ज्यादा समझदार प्राणी समझा जाता है, क्योंकि अच्छे-बुरे सोचने की क्षमता सबसे ज्यादा प्राणी जाति में ही होती है।

- विकास शर्मा, महासमुंद

## करंट अफेयर

# कनाडा गाजा के नागरिकों को अस्थाई वीजा देगा

कनाडा ने गाजा पट्टी के उन लोगों को अस्थाई वीजा देने की घोषणा की है जिनके रिश्तेदार कनाडा में रहते हैं। कनाडा के आव्रजन मंत्री मार्क मिलर ने बृहस्पतिवार रात इस संबंध में जानकारी देते हुए कहा कि यह अभियान नौ जनवरी तक शुरू हो सकता है। हालांकि संघीय सरकार ने युद्धग्रस्त क्षेत्र से नागरिकों की सुरक्षित निकासी का कोई आश्वासन नहीं दिया है। आव्रजन मंत्री मिलर ने कहा कि सरकार का ध्यान 660 कनाडाई नागरिकों, स्थाई निवासियों और उनके जीवनसाथियों तथा बच्चों को गाजा से बाहर निकालने पर है। मिलर ने कहा कि सरकार माता-पिता, दादा-दादी, भाई-बहन और पोते-पोतियों सहित कनाडा से जुड़े विस्तारित पारिवारिक संबंध वाले लोगों के लिए आवेदन स्वीकार करना शुरू करेगी। उन्होंने कहा कि मानकों पर खरे उतरने वालों को सरकार तीन वर्ष के लिए वीजा देगी। मिलर ने कहा कि वह निश्चित तौर पर यह नहीं बता सकते कि इस अभियान के तहत कितने लोग कनाडा आ सकते हैं लेकिन उन्होंने कहा कि यह संख्या सैंकडों में हो सकती है। आव्रजन मंत्री ने साथ ही कहा कि कनाडाई नागरिकों को गाजा से निकालना मुश्किल रहा है 'हमारी क्षमताएं सीमित हैं।'



## ऑफ बीट

# मस्तिष्क की अवस्थाएं और तरंगें क्या होती हैं ?

हमारे सभी सरल और जटिल व्यवहार, साथ ही हमारी अनुभूति (विचार) का आधार मस्तिष्क गतिविधि, या 'तंत्रिका गतिविधि' है।



न्यूरॉन्स - मस्तिष्क की तंत्रिका कोशिकाएं - विद्युत आवेगों और 'न्यूरोट्रांसमीटर' नामक रासायनिक संकेतों के अनुक्रम द्वारा संचार करती हैं। न्यूरॉन्स रक्त से मिलने वाले ईंधन के लिए बहुत लालची होते हैं और उन्हें साथी कोशिकाओं से बहुत अधिक समर्थन की आवश्यकता होती है। इसलिए, मस्तिष्क गतिविधि की साइट, मात्रा और समय का अधिकांश माप विद्युत गतिविधि, न्यूरोट्रांसमीटर स्तर या रक्त प्रवाह को मापने के माध्यम से किया जाता है। इस गतिविधि पर हम तीन स्तरों पर विचार कर सकते हैं। पहला एकल-कोशिका स्तर है, जिसमें व्यक्तिगत न्यूरॉन्स संचार करते हैं। लेकिन इस स्तर पर माप कठिन (प्रयोगशाला-आधारित) है और एक सीमित तस्वीर प्रदान करता है। इस प्रकार, हम नेटवर्क स्तर पर किए गए मापों पर अधिक भरोसा करते हैं, जहां न्यूरॉन्स या नेटवर्क की एक श्रृंखला सक्रिय होती है। या, हम संपूर्ण मस्तिष्क गतिविधि पैटर्न को मापते हैं जिसमें एक या अधिक तथाकथित 'मस्तिष्क अवस्थाएं' शामिल हो सकती हैं।

## ट्रेंड

### असुरक्षा का सामना



यूक्रेन में लाखों लोग बढ़ते भय और असुरक्षा का सामना कर रहे हैं, क्योंकि युद्ध जारी है और सर्दियों की स्थिति शुरू हो गई है। संयुक्त राष्ट्र और साझेदारों का लक्ष्य आने वाले महीनों में 1.7 मिलियन लोगों तक महत्वपूर्ण आपूर्ति पहुंचाना है।

-एंटोनियो गुतरेस, यूएन महासचिव

### गाजा में भयानक संकट



मैं उन मौकों की गिनती भूल गया हूं जब मैंने सोचा था कि गाजा में संकट इससे भयावह नहीं हो सकता। लेकिन ऐसा फिर से हुआ है। हम 3 महीनों में 20,000 लोगों के मारे जाने की बात कर रहे हैं, जिनमें ज्यादातर बच्चे, महिलाएं शामिल हैं।

-टेड्रोस, डब्ल्यूएचओ महानिदेशक

### खुशी फैलाता जीवन



तितली का जीवनकाल केवल कुछ दिनों से लेकर एक सप्ताह तक का होता है। फिर भी यह कितने आनंद से इधर-उधर उड़ता है! यह हर किसी में खुशी और प्रसन्नता फैलाता है। हमारा जीवन भी ऐसा ही होना चाहिए।

-माता अमृतानंदमयी, आध्यात्मिक गुरु

### ग्रामीण भारत बहुत सुंदर



ग्रामीण भारत बहुत सुंदर है, माता-पिता के रूप में, हमें प्रौद्योगिकी से दूर रहना बहुत कठिन लगता है, इसलिए हम अपने बच्चों के लिए मिसाल कायम कर रहे हैं। बच्चों को ग्रामीण जीवन से परिचित कराने के लिए उदयपुर के अडिंगा गाँव का दौरा किया।

-शिल्पा शेट्टी, अभिनेत्री

### अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

## केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने प्रेसवार्ता में किया कांग्रेस पर करारा वार

# चुनाव में हार का बदला लेने कांग्रेस समेत विपक्षी दलों ने संसद में 'व्यवधान' डाला

केंद्रीय मंत्री जोशी ने कहा अनुच्छेद 370 से लेकर न्यू क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम तक जो कुछ भी इन पांच साल में हुआ है वो ऐतिहासिक है। जोशी ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी ने पंच प्रण में गुलामी की मानसिकता से मुक्ति देने का आह्वान किया था,जो पूरा करके भी दिखा दिया, कई ऐतिहासिक काम किए...

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने शुक्रवार को एक प्रेसवार्ता बुलाई। इस दौरान उन्होंने संसद के शीतकालीन सत्र में हुई कार्यवाही का ब्योरा दिया। उन्होंने कहा कि गुरुवार को संसद के शीतकालीन सत्र का समापन हो गया। केंद्रीय मंत्री ने बताया इस दौरान तीन आपराधिक बिलों का संसद से पास होना ऐतिहासिक रहा।

उन्होंने बताया कि अनुच्छेद 370 के हटने के बाद कश्मीर में बहुत बदलाव आया है। उन्होंने कहा अनुच्छेद 370 से लेकर न्यू क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम तक जो कुछ भी इन पांच साल में हुआ है वो ऐतिहासिक है। केंद्रीय मंत्री प जोशी ने कहा पपीएम नरेंद्र मोदी ने पंच प्रण में गुलामी की मानसिकता से मुक्ति देने का आह्वान किया था। उसके अनुसार भारत में क्रिमिनल जस्टिस में बदलाव कर भारतीयता के आधार पर भारतीय न्याय (द्वितीय) संहिता, 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा (द्वितीय) संहिता, 2023 और भारतीय साक्ष्य (द्वितीय) विधेयक, 2023 को संसद से पारित किया गया।

### गुलामी की मानसिकता से मुक्ति देने का पीएम मोदी ने किया आह्वान

#### ब्रिटिश युग के कानूनों को किया खत्म

उन्होंने कहा हमारी ऐतिहासिक और सांस्कृतिक आधार पर पहले से जो हमारी विरासत थी उसके आधार पर और आधुनिकता को ध्यान में रखते हुए ब्रिटिश युग के कानूनों को खत्म किया गया है। उन्होंने कहा आने वाले 100 वर्षों में होने वाले बदलाव को ध्यान में रखा गया है।



#### शीतकालीन सत्र में कुल 35 विधेयक पारित

केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने बताया 4 दिसंबर 2023 से संसद के शीतकालीन सत्र की शुरुआत हुई थी जिसका समापन गुरुवार 21 दिसंबर को हो गया। इस दौरान 18 दिनों में 14 बैठकें हुईं। लोकसभा में कुल 12 विधेयक पेश किए गए और 18 विधेयक पारित हुए जबकि राज्यसभा में कुल 17 विधेयक पारित हुए। दोनों सदनों में मिलाकर कुल 19 विधेयक पारित हुए हैं।

#### विपक्ष ने जान-बूझकर सदन में की बाधा उत्पन्न

उन्होंने संसद सुरक्षा चूक के मुद्दे को लेकर कहा दर्शक दीर्घा में कूदने वाली जैसी घटनाएं पहले भी घट चुकी हैं। इस मुद्दे पर विपक्ष को सरकार का सहयोग करना चाहिए था लेकिन इस पर विपक्ष ने जानबूझकर सदन में बाधा उत्पन्न की। विपक्ष हार का बदला लेने के लिए इस तरह की हरकतें कर रहा है। उन्होंने कहा, संसद सुरक्षा चूक की उच्च स्तरीय जांच के आदेश दिए गए हैं। राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति का अपमान किया गया। पीएम मोदी के बारे में अनगिनत कटु शब्द बोले गए हैं।


#### 74 फीसदी रही लोकसभा की उत्पादकता

*लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने बताया कि 4 दिसंबर को प्रारंभ हुए 17वीं लोकसभा के 14वें सत्र में 14 बैठकें हुई और 61.50 घंटे काम हुआ। सत्र की उत्पादकता 74 प्रतिशत रही। इस दौरान कुल 12 विधेयक पेश किए गए और 18 विधेयक पारित किए गए। प्रमुख विधेयक भारतीय न्याय (द्वितीय) संहिता, 2023; भारतीय नागरिक सुरक्षा (द्वितीय) संहिता, 2023; भारतीय साक्ष्य (द्वितीय) विधेयक, 2023; दूरसंचार विधेयक, 2023; वस्तु एवं सेवाकर (संशोधन), 2023 और मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्त (नियुक्ति, सेवा की शर्तें और कार्यालय की अवधि) विधेयक, 2023 है। लोकसभा के इस सत्र में 55 तारांकित प्रश्न पूछे गए। 377 के तहत 265 मामले उठाए गए और शून्यकाल में 182 विषय उठाए गए। स्थाई समित के 35 प्रतिवेदन रखे गए। 33 वक्तव्य दिए गए।*

#### राज्यसभा में ज्यादा कार्य संपन्न

राज्यसभा आपराधिक न्याय प्रक्रिया से जुड़े 3 विधेयकों को पारित कर बेमियादी स्थगित कर दी गई। सभापति जगदीप धनखड़ ने स्थगन की घोषणा करते हुए कहा कि एक राजनीतिक रणनीति के रूप में व्यवधानों और गड़बड़ी को हथियार बनाना किसी भी अन्य राजनीतिक विचारों से ऊपर लोगों के हित को ध्यान में रखने के हमारे संवैधानिक दायित्व से मेल नहीं खाता है। व्यवधानों से लगभग 22 घंटे बर्बाद हो गए जिससे राज्यसभा में 79 फीसदी काम हो सका।

### खेलो इंडिया यूथ गेम्सः ठाकुर ने जारी किया लोगो



युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर तमिलनाडु में होने वाले खेलो इंडिया यूथ गेम्स के लिए आधिकारिक प्रतीक चिन्ह और शुभंकर जारी किया। खेलों का छठा संस्करण 19 से 31 जनवरी, 2024 तक होने वाला है, इस आयोजन से भारतीय खेलों में एक रोमांचक अध्याय की शुरुआत होने वाली है। खेलो इंडिया यूथ गेम्स, देश भर में जमीनी स्तर के खेलों को बढ़ावा देने की एक प्रमुख पहल हैं। युवा खेलों के पिछले 5 एडीशन दिल्ली, पुणे, गुवाहाटी, पंचकुला और भोपाल में आयोजित किए गए हैं। आगामी एडिशन तमिलनाडु के चार शहरों - चेन्नई, त्रिची, मदुरै और कोयंबटूर में आयोजित होगा।

## कांग्रेस का क्राउडफंडिंग अभियान

# लग्जरी जेट में सूखा राहत की मदद मांगने पहुंचे सिद्धारमैया



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस इन दिनों क्राउडफंडिंग अभियान चला रही है। इसी बीच कर्नाटक के सीएम सिद्धारमैया और राज्य मंत्री ज़मीर अहमद खान प्राइवेट जेट में सवार होकर केंद्र से सूखा निधि जारी करने की मांग को लेकर दिल्ली पहुंचे। इसे लेकर भाजपा ने सिद्धारमैया और मंत्री अहमद खान को घेर लिया।

हमला करते हुए भाजपा ने कहा कि ऐसे समय में जब कांग्रेस चंदा मांग रही है तो दूसरी तरफ पार्टी के नेता प्राइवेट जेट में हैप्पी मोमेंट्स सेलिब्रेट कर रहे हैं। भाजपा नेता अमित मालवीय ने कांग्रेस की आलोचना करते हुए कहा कि केंद्र से सूखा निधि जारी करने के लिए वे लग्जरी जेट से दिल्ली पहुंचे थे।

### सीएम क्वालिटी टाइम स्पेंड कर रहे



मालवीय ने सोशल मीडिया एक्स पर सिद्धारमैया और ज़मीर का एक वीडियो पोस्ट करते हुए लिखा कि एक तरफ कांग्रेस क्राउडफंड का नाटक कर रही है। आईएनडीआईए की मीटिंग में समोसा तक नहीं परोसा जा रहा वहीं दूसरी तरफ कैबिनेट मंत्री ज़मीर अहमद खान प्राइवेट जेट में सीएम सिद्धारमैया के साथ तस्वीरें खिंचवा रहे हैं। वे प्राइवेट जेट में सवार होकर सूखा राहत के लिए दिल्ली की यात्रा कर रहे हैं। वे लग्जरी जेट में क्वालिटी टाइम स्पेंड कर रहे हैं। कर्नाटक कुशासन से जूझ रहा है लेकिन कांग्रेस की लूट जारी है।

### भाजपा ने की कड़ी आलोचना

#### सीटी रवि का कांग्रेस पर निशाना

किसानों के लिए पैसा नहीं और... कर्नाटक के भाजपा नेता सीटी रवि ने भी यही वीडियो शेयर करते हुए कहा कि राज्य सरकार के पास सूखे से प्रभावित किसानों को देने के लिए पैसा नहीं है लेकिन प्राइवेट जेट में यात्रा करने के लिए है। उन्होंने कहा कि कर्नाटक सराकर के पास विकास या अपने किए गए वादों को पूरा करने के लिए पैसा नहीं लेकिन सीएम र मंत्रियों के लग्जरी जेट के लिए रुपयों की कोई कमी नहीं है। ऐसे तो सिद्धारमैया दावा करते हैं कि वे एक समाजवादी हैं लेकिन वे सूखा राहत के लिए पैसा मांगने के लिए दिल्ली प्राइवेट जेट से जाते हैं। अब कर्नाटक के लोग इनका मजावादी रूप देख सकते हैं।

## हरियाणा में अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव

# विश्व की सभी समस्याओं का समाधान भगवद्गीता में निहित

एजेंसी ▶▶ कुरुक्षेत्र



केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव में शामिल होने के लिए शुक्रवार को कुरुक्षेत्र पहुंचे। ब्रह्मसरोवर के पुरुषोत्तमपुरा में चल रहे संत सम्मेलन में सीएम मनोहर लाल खट्टर ने स्मृति चिह्न भेंट कर उनका स्वागत किया। इसके बाद अमित शाह ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। कार्यक्रम में स्वामी रामदेव, स्वामी ज्ञानानंद, स्वामी अवदेशानंद सहित कई संत-महात्मा पहुंचे।

शाह ने कहा कि विश्व की सभी समस्याओं का समाधान भगवद्गीता में निहित है। उन्होंने कहा कि देश की एकता व अखंडता को मूर्तस्वरूप दिलाने के लिए धारा 370 हटी। राम जन्मभूमि मंदिर निर्माण व ट्रिपल तलाक की समाप्ति हुई। शाह ने कहा कि देश-विदेश में गीता को प्रचारित करने में स्वामी ज्ञानानन्द महाराज की अहम भूमिका रही है।

## गृहमंत्री शाह ने कुरुक्षेत्र में दीप प्रज्वलित कर संत सम्मेलन का किया शुभारंभ



### मां भद्रकाली की पूजार्चन किया

#### पीठाध्यक्ष पं. सतपाल शर्मा ने करवाया पूजन

शाह धर्मपत्नी सोनल शाह के साथ मां भद्रकाली की विशेष पूजा करने पहुंचे। पीठाध्यक्ष पं. सतपाल शर्मा के द्वारा शाह और धर्मपत्नी का शक्तिस्थल श्री देवीकूप पहुंचने पर पुष्प गुच्छे से स्वागत किया गया। इसके बाद मंत्रोचारण व पान पत्तों व कमल पुष्पों के साथ श्री देवीकूप पर पूजा भी करवाई।

#### पीएम मोदी की तारीफ की

शाह ने पीएम नरेंद्र मोदी की तारीफ करते हुए कहा कि 10 साल के अंदर देश के स्व को जगाने का काम मोदी सरकार ने किया है। मोदी जी ने राम मंदिर निर्माण, धारा 370 की समाप्ति, केदारनाथ और बद्रीनाथ धाम को बेहतर बनाना जैसे बहुत सारे काम किए हैं। देश की एकता और अखंडता के लिए धारा 370 हटाई गई। देश को पंथनिरपेक्ष बनाने 3 तलाक का कानून हटाया।

### सीएम खट्टर ने कहा

#### गीता जीवन को करती है प्रकाशमय

सीएम खट्टर ने कहा कि गीता संदेश हमें अंधकार के वातावरण से प्रकाश की तरफ लेकर जाती है। गीता का संदेश आज भी हजारों वर्ष उपरांत शाश्वत तथा सार्वभौमिक है।



योगाचार्य रामदेव ने कहा कि गीता का उद्घोष जन-जन के मन में होना चाहिए तभी विकसित भारत का स्वप्न सार्थक होगा। गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानन्द महाराज ने कहा गीता संदेश आज भी प्रासंगिक, विश्व का ऐसा एकमात्र ग्रंथ है। जो की युद्ध के मैदान से विश्व वैश्विक शांति के लिए दिया गया है।

#### हरियाणा के लिए गर्व का समय

खट्टर ने कहा कि हरियाणा के लिए यह गर्व का समय है। गीता का आज भी उतना ही महत्व है जितना महत्व पहले था। पीएम मोदी की पहल पर 2016 में गीता महोत्सव की शुरुआत हुई थी जो जारी है।

#### गीता से ही मुझे मिला ज्ञान

गृह मंत्री शाह ने संत सम्मेलन में कहा कि गीता के ज्ञान को पूरे विश्व में स्थापित करने का काम किया जा रहा है। शाह ने कहा कि सभी समस्याओं का समाधान गीता में है। खुद का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि मैंने अपने जीवन में बहुत उतार चढ़ाव देखा है। बचपन से गीता पढ़ने के कारण सारे समस्याओं का समाधान कर सका। शाह ने संत ज्ञानानंद जी की तारीफ की। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म को बढ़ावा देने में ज्ञानानंद जी ने अपना जीवन समर्पित कर दिया। गीता महोत्सव को अंतरराष्ट्रीय महोत्सव बनाने के लिए मनोहर लाल की भी तारीफ की।


## हरियाणा सरकार निविदा सूचना

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प करनाल | जिला करनाल में घरौंडा विधानसभा क्षेत्र में बाजीदा जट्टान से ऋषि नगर रोड (ओडीआर) रोड आईडी 8865, लम्बाई 4.700 कि.मी. तक डब्ल्यूबीएम और 50 मिमी डीबीएम तथा 30 मिमी बीसी और सीसीबी/आईबी की रिलेइंग सहित मजबूतीकरण और पुनर्निर्माण (स्मार्ट सिटी निधि के तहत)। | 20.12.2023 10.01.2024 | 164.02 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9876009311 pwd-eepd-karnal@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प करनाल | जिला पानीपत गांव पहलादपुर खलीला में उप स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण (केवल ईआई कार्य)। | 22.12.2023 03.01.2024 | 1.34 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1842265696 pwd-eeed-karnal@hry.nic.in |
| 3 | लोनिवि भ व प नारायणगढ़ | यमुनानगर जिले में मौजूदा एच.एल. ब्रिज 3 स्पैन 45 मीटर प्रत्येक मारकंडा नदी के ऊपर क्रॉसिंग रोड काला आम्ब सढ़ौरा बराड़ा शाहबाद रोड 1 कि.मी. के सुरक्षा कार्य का प्रावधान। | 18.12.2023 08.01.2024 | 192.45 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1734284035 pwd-eepd- naraingarh@hry.nic.in |
| 4 | लोनिवि भ व प अम्बाला कैंट | 1 अदद एलीवेटर जिसकी क्षमता 8 व्यक्ति 544 किलोग्राम है और आर्किटेक्ट ब्लॉक, पीडब्ल्यूडी बैंडर निर्माण सदन सेक्टर-33 चण्डीगढ़ में स्थापित है, को बदलना + 1 कार्य। | 22.12.2023 28.12.2023 | 31.83 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0171-2630877 pwd-eeed-ambala@hry.nic.in |
| 5 | लोनिवि भ व प अम्बाला कैंट | सेक्टर-20, पंचकूला में श्रम विभाग हेतु श्रम शक्ति भवन के कार्यालय भवन का निर्माण (केवल ई.आई. का प्रावधान) + 2 कार्य। | 21.12.2023 27.12.2023 | 156.37 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0171-2630877 pwd-eeed-ambala@hry.nic.in |
| 6 | पंचायती राज सिरसा | जिला सिरसा (एचआरडीएफ) गांव ममेरा कलां, ब्लॉक ऐलनाबाद में दलीप सहारन के मकान से सुखदेव लोधी के मकान तक आईपीबी फिरनी का निर्माण + 1 कार्य। | 20.12.2023 26.12.2023 | 49.14 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1666247479 prexeeng.srs@hry.nic.in |
| 7 | पंचायती राज सिरसा | जिला सिरसा, ब्लॉक डबवाली गांव मांगेयाना में बस स्टॉप का निर्माण + 7 कार्य। | 19.12.2023 26.12.2023 | 49.73 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1666247479 prexeeng.srs@hry.nic.in |
| 8 | पंचायती राज राई, सोनीपत | गांव अकबरपुर बरोटा, ब्लॉक राई में हॉल, कमरा, शौचालय और शैड का निर्माण + 1 कार्य। | 20.12.2023 26.12.2023 | 35.03 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416468685 sdoprrai4@gmail.com |
| 9 | पंचायती राज पंचकूला | गांव बड़ौली और गणेशपुर (त्रिलोकपुर) ब्लॉक बरवाला, जिला पंचकूला में चौपाल में शैड का निर्माण और रिसाल सिंह से मेन गली ओल्ड सीसी तक आईपीबी गली का निर्माण + 1 कार्य। | 19.12.2023 26.12.2023 | 9.12 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467807024 PREXEENG.PKL@HRY.NIC.IN |
| 10 | पंचायती राज इन्द्री, नूह | गांव कवारसिका 25284 में बरोता रास्ता से सुमेर नगर तक आईपीबी रास्ते का निर्माण। | 18.12.2023 27.12.2023 | 7.56 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9818433735 sdoprindri8@gmail.com |
| 11 | पंचायती राज इन्द्री, नूह | गांव नौशेरा एसएफसी (जैडपी) में वाटर टैंक का निर्माण। | 18.12.2023 27.12.2023 | 2.01 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9818433735 sdoprindri8@gmail.com |
| 12 | पंचायती राज नूह | गांव अलावलपुर ब्लॉक समिति नूह-122107 (बीएस) के कब्रिस्तान में नमाज चबूतरे का निर्माण + 11 कार्य। | 19.12.2023 27.12.2023 | 54.81 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9813021761 sdo-nuh.pan@hry.gov.in |
| 13 | पंचायती राज नूह | गांव एफपी नामक ब्लॉक नूह 122107 वीएएनजीवाई में नाहर पुलिया से अबु बकर मस्जिद तक आईपीबी रास्ते की पेवमेंट + 5 कार्य। | 19.12.2023 27.12.2023 | 30.32 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9813021761 sdo-nuh.pan@hry.gov.in |
| 14 | पंचायती राज ढांड, कैथल | गांव संगरोली में चंदे की चक्की के निकट नई आरओडी चौपाल का निर्माण + 3 कार्य। | 20.12.2023 26.12.2023 | 54.18 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416043370 sdoprdhand@gmail.com |
| 15 | पंचायती राज पिंजवान, नूह | गांव पिंजवाना में 4 अदद, 8 अदद बैडेड, रिथाट 8 अदद ब्लॉक समिति पिंजवाना के 20 अदद वाटर टैंक का निर्माण। | 21.12.2023 29.12.2023 | 10.07 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8930239597 sdoprpinangwan@gmail.com |
| 16 | पंचायती राज पिंजवान, नूह | गांव मनोटा ब्लॉक पिंजवाना, जिला नूह में स्कूल के निकट पंचायत दुकान का निर्माण। | 21.12.2023 29.12.2023 | 1.27 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8930239597 sdoprpinangwan@gmail.com |
| 17 | पंचायती राज सोनीपत | गांव मोये, ब्लॉक गन्नौर में 1. रोहतास पुत्र छोटू से बाल्मिकी बस्ती तक गली का निर्माण, 2. यहां गांव बद्दी, ब्लॉक गन्नौर में दुभेटा मेन रोड से तेजबीर के खेत तक रास्ते का निर्माण + 2 कार्य। | 21.12.2023 02.01.2024 | 39.53 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416391006 prexeeng.snp@gmail.com |
| 18 | पंचायती राज लाखनमाजरा, रोहतक | **गांव चिड़ी, ब्लॉक लाखनमाजरा में पंजदी वाला तालाब में पशुओं के पीने के पानी हेतु खेल का निर्माण, पंचायत समिति द्वारा 15वीं वित्त योजना, 2. गांव गुगाहेड़ी, पंचायत समिति के तहत बाल्मिकी कुएं का पुनरोद्धार + 1 कार्य। | 21.12.2023 08.01.2024 | 21.23 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416521482 sdoprlakhanmajra@gmail.com |
| 19 | पंचायती राज सोनीपत | 1. गांव बिचपड़ी में फिरनी से समुंद्र पुत्र टीका राम के खेत तक बीओईपी रास्ते का निर्माण, 2. लम्बा वाला रामफल पुत्र छोटू से निरंजन पुत्र टेकराम के खेतों तक ऐज पेविंग रास्ते पर ब्रिक का निर्माण, 3. गांव जवाहरा में प्रधाना रोड से सेवा पुत्र नफे सिंह के खेत तक ऐज पेविंग रास्ते पर ब्रिक का निर्माण + 1 कार्य। | बंद होने की तिथि 02.01.2024 | 46.06 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416391006 kulbirsinghxen27@gmail.com |
| 20 | पंचायती राज सोनीपत | गांव चातिया ओलिया में सामुदायिक केन्द्र का निर्माण + 4 कार्य। | बंद होने की तिथि 02.01.2024 | 137.12 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416391006 kulbirsinghxen27@gmail.com |
| 21 | पंचायती राज रोहतक | 2. गांव भैणी भैंरो, ब्लॉक महम में 1. रमेश पुत्र मौजी से अशोक पुत्र चत्तर राम, 2. एम/एच/सतीश/एस/ टेका राम कृष्ण के मकान तक कृष्ण पुत्र थम्भु के मकान तक आईपीबी गली का निर्माण + 3 कार्य। | 19.12.2023 09.01.2024 | 42.90 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9215555586 sdoprmeham@gmail.com |
| 22 | पंचायती राज करनाल | जिला करनाल, गांव बड़ागांव, ब्लॉक कुंजपुरा में सुनील राणा के खेत से मदन राणा के खेत तक ऐज रास्ते पर ब्रिक का निर्माण_बड़ागांव ब्लॉक कुंजपुरा में लज्जा बनिया के खेत से रामपाल गोस्वामी के खेत तक ब्रिक मेज रास्ते का निर्माण, गांव बड़ागांव, ब्लॉक कुंजपुरा, जिला करनाल में किरणपाल के खेत से ऐज रास्ते पर ब्रिक का निर्माण + 1 कार्य। | 19.12.2023 25.12.2023 | 5.01 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9813805200 prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 23 | पंचायती राज पुन्हाना, नूह | गांव गड़ौली, ब्लॉक उन्हाना, जिला नूह, जिला नूह, ब्लॉक उन्हाना, जिला नूह (जैडपी) में कब्रिस्तान की चारदिवारी का निर्माण + 17 कार्य। | 21.12.2023 29.12.2023 | 78.50 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8168771845 sdoprpnh007@gmail.com |
| 24 | पंचायती राज झोझू कलां, चरखी दादरी | गांव चंदेनी में एससी चौपाल का पुनरोद्धार + 5 कार्य। | 20.12.2023 27.12.2023 | 80.75 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416479223 xenprcharkhidadri@gmail.com |
| 25 | पंचायती राज पिंजौर, पंचकूला | नवांनगर (पीएस) - गांव नवांनगर ग्राम पंचायत नवांनगर, ब्लॉक पिंजौर, जिला पंचकूला की मुस्लिम बस्ती में ड्रेनेज हेतु पाइप को बिछाना + 7 कार्य। | 19.12.2023 25.12.2023 | 26.99 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466110204 kumar.satish.9417@gmail.com |
| 26 | पंचायती राज पिंजौर, पंचकूला | गांव माला, ब्लॉक पिंजौर (पीकेएल) में एससी चौपाल की मरम्मत / पुनरोद्धार + 11 कार्य। | 21.12.2023 27.12.2023 | 26.49 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466110204 kumar.satish.9417@gmail.com |
| 27 | पंचायती राज पिंजौर, पंचकूला | किरतपुर :- गांव किरतपुर, ब्लॉक पिंजौर, पंचकूला में अजायब सिंह के मकान से रूरधा सिंह तक रिटेनिंग वॉल के साथ-साथ और गली का निर्माण + 1 कार्य। | 21.12.2023 27.12.2023 | 17.73 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466110204 kumar.satish.9417@gmail.com |
| 28 | पंचायती राज लाखनमाजरा, रोहतक | *गांव नांदल, पंचायत समिति के तहत बूस्टिंग स्टेशन का निर्माण, 2. गांव इन्द्रगढ़, पंचायत समिति के तहत में 2 अदद पुलिया का निर्माण + 1 कार्य। | 21.12.2023 08.01.2024 | 21.23 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416521482 sdoprlakhanmajra@gmail.com |
| 29 | महानिदेशालय आपूर्ति एवं निपटान हरियाणा | क्र. सं. 1 से 01 मद मदों की निहित सूची (01 मदों का एकल लॉट)*। | 22.12.2023 16.01.2024 | | https://etenders.hry.nic.in | 0172-2570122 supplies@hry.nic.in |
| 30 | महानिदेशालय आपूर्ति एवं निपटान हरियाणा | क्र. सं. 1 से 89 मदें मदों की निहित सूची (89 मदों का एकल लॉट)*। | 22.12.2023 16.01.2024 | | https://etenders.hry.nic.in | 0172-2570122 supplies@hry.nic.in |
| 31 | महानिदेशालय आपूर्ति एवं निपटान हरियाणा | क्र. सं. 1 से 32 मदों मदों की निहित सूची (32 मदों का एकल लॉट)। | 22.12.2023 16.01.2024 | | https://etenders.hry.nic.in | 0172-2570122 supplies@hry.nic.in |
| 32 | महानिदेशालय आपूर्ति एवं निपटान हरियाणा | क्र. सं. 1 से 01 मदों मदों की निहित सूची (01 मद का एकल लॉट)। | 22.12.2023 16.01.2024 | | https://etenders.hry.nic.in | 0172-2570122 supplies@hry.nic.in |
| 33 | महानिदेशालय आपूर्ति एवं निपटान हरियाणा | क्र. सं. 1 से 115 मदों मदों की निहित सूची (115 मदों का एकल लॉट)*। | 22.12.2023 16.01.2024 | | https://etenders.hry.nic.in | 0172-2570122 supplies@hry.nic.in |
| 34 | महानिदेशालय आपूर्ति एवं निपटान हरियाणा | क्र. सं. 1 से 08 मदों मदों की निहित सूची (08 मदों का एकल लॉट)*। | 22.12.2023 16.01.2024 | | https://etenders.hry.nic.in | 0172-2570122 supplies@hry.nic.in |
| 35 | जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी सिरसा | कार्य का नाम - सिरसा टाउन में विभिन्न गलियों और उसके अन्य सभी स्थानों पर इंटरलॉकिंग टाइल्स को हटाना / रिलेइंग, सीएच शीर्ष :- जिला सिरसा सिरसा टाउन के विभिन्न स्थानों पर पोटेबल ड्रिंकिंग वाटर की आपूर्ति हेतु पुरानी / क्षतिग्रस्त पीवीसी/एसी/सीआई पाइप लाइन के बदलने हेतु आकलन। | 21.12.2023 28.12.2023 | 4.02 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1666221925 ee2sirsa@phedharyana.gov.in |
| 36 | पशु चिकित्सा विज्ञान और डेयरिंग विभाग हरियाणा पंचकूला | राज्य स्तरीय पशुधन शो, 2023-24. | 21.12.2023 03.01.2024 | ईएमडी 2 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416530068 gdobranchahd@gmail.com |
| 37 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा, सिरसा | फतेहाबाद ब्रांच के आरडी 282500-एल पर भंडोरी डिस्टी. के आरडी 0 से 31380 टेल तक ऑफटेकिंग पुनरोद्धार। | बंद होने की तिथि 11.01.2024 | 189.64 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9729357000 xennehrana@yahoo.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
पीआरडीएच-11/2024/740/23673/I/88/7 दि. 22.12.23

■ किफायती जेनेरिक उत्पादों के साथ वैश्विक बाजार में बनाई पैठ

■ अनुसंधान और विकास के मद में निवेश बनाए रखने की उम्मीद

## बढ़ते गुणवत्ता मानकों को स्थिर रखना होगा चैलेंज

# दवा उद्योग के चुनौतियों के बीच नए साल में निरंतर वृद्धि करने की उम्मीद

एजेंसी ►► नई दिल्ली

घरेलू दवा उद्योग को बढ़ते हुए गुणवत्ता मानकों को बनाए रखने सहित विभिन्न चुनौतियों के बीच 2024 में निरंतर वृद्धि की उम्मीद है। किफायती जेनेरिक उत्पादों के साथ वैश्विक बाजारों की जरूरतों को पूरा करने के लिए पहचाना जाने वाला उद्योग बना।

बढ़ती स्वास्थ्य देखभाल आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए सहयोगात्मक प्रयासों को आगे बढ़ाने, अनुसंधान एवं विकास (आरएंडडी) में निवेश करने और गुणवत्ता मानकों को बनाए रखने की उम्मीद कर रहा है भारतीय दवा उद्योग से की जा रही है।

### राष्ट्रीय दवा नीति पर जोर

आईपीए में शीर्ष घरेलू दवा कंपनियां सन फार्मा, डॉ. रेड्डीज लैबोरेटरीज, अरबिंदो फार्मा, सिप्ला, ल्यूपिन और ग्लेनमार्क शामिल हैं। जैन ने कहा कि इस साल सरकार ने फार्मा मेडटेक सेक्टर (पीआरआईपी) में अनुसंधान तथा नवाचार को बढ़ावा देने, राष्ट्रीय दवा नीति पर दृष्टिकोण पत्र जैसी विभिन्न नीतिगत पहलों की घोषणा की और जी20 शिखर सम्मेलन के दौरान 'वन हेल्थ' पर भी जोर दिया।

### सस्ती दवाओं की आपूर्ति सुनिश्चित हो

*इंडियन फार्मास्युटिकल एलायंस (आईपीए) के महासचिव सुदर्शन जैन ने कहा, 'नीतिगत सुधार और भारत की उद्यमशीलता शक्ति का अभिसरण इस क्षेत्र की वृद्धि को बढ़ावा देगा। साथ ही यह भारत और वैश्विक स्तर पर मरीजों के लिए उचित गुणवत्ता वाली एवं सस्ती दवाओं की निरंतर आपूर्ति भी सुनिश्चित करेगा।*

### जापान के लिए पसंदीदा स्थान बन रहा

डॉ. रेड्डीज लैबोरेटरीज के प्रवक्ता ने कहा कि भारतीय दवा क्षेत्र का लक्ष्य 2030 तक 120-130 अरब अमेरिकी डॉलर और 2047 तक 350-400 अरब अमेरिकी डॉलर तक बढ़ने का है। 'मेडिकल टेक्नोलॉजी एसोसिएशन ऑफ इंडिया' (एमटीएआई) के चेयरमैन पवन चौधरी ने कहा कि बदलती भू-राजनीति स्थिति तथा वैश्विक रुझानों के साथ भारत में, एशिया में निवेश के लिए पश्चिमी देशों तथा जापान के लिए पसंदीदा स्थान बनने की क्षमता है, अगर देश साक्ष्य-आधारित नीति निर्माण जारी रखता है।



■ आईपीए में शीर्ष घरेलू दवा कंपनियां सन फार्मा बनी

### निर्यात में सालाना आधार पर आठ फीसदी की वृद्धि

ग्लेनमार्क फार्मास्यूटिकल्स के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक ग्लेन सल्दान्हा ने कहा कि भारतीय दवा उद्योग ने पिछले पांच वर्षों में निर्यात में सालाना आधार पर आठ प्रतिशत की वृद्धि से वैश्विक स्तर पर महत्वपूर्ण प्रगति की है। उन्होंने कहा, "मूल्य श्रृंखला में आगे बढ़ने की हमारी रणनीति के तहत नवाचार और जटिल जेनेरिक विकसित करने पर जोर देने के साथ हम दुनिया भर में मरीजों की बढ़ती स्वास्थ्य देखभाल आवश्यकताओं को पूरा करने की दिशा में काम करना जारी रखेंगे।


### दवा उद्योग व सरकार के बीच साझेदारी बढ़े

'ऑर्गेनाइजेशन ऑफ फार्मास्युटिकल प्रोड्यूसर्स ऑफ इंडिया' (ओपीपीआई) के महानिदेशक अनिल मटाई ने कहा कि दवा क्षेत्र 2024 में निरंतर वृद्धि और नवाचार के लिए तैयार है। उन्होंने कहा, अगले साल हम सरकार और दवा उद्योग के बीच निरंतर साझेदारी की उम्मीद करते हैं। इससे प्रगति होगी, नवाचार को बढ़ावा मिलेगा और अंततः एक स्वस्थ व अधिक मजबूत समाज विकसित करने में मदद मिलेगी।

### दो व्यवधानों को दूर करने की जरूरत

चौधरी ने कहा, 'इस क्षेत्र में उच्च सीमा शुल्क और सार्वजनिक खरीद पर प्रतिबंध जैसी बाधा डालने वाले दो व्यवधानों को शीघ्र दूर करने की आवश्यकता है।'

## सोने में 300 रुपए की तेजी चांदी 400 रुपए मजबूत



**नई दिल्ली।** विदेशी बाजारों में तेजड़िया रुख वाले कारोबार के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में शुक्रवार को सोना 300 रुपए की तेजी के साथ 63,350 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 63,050 रुपए प्रति 10 ग्राम के भाव पर बंद हुआ था।चांदी की कीमत भी 400 रुपए मजबूत होकर 79,500 रुपए प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई। जबकि पिछले कारोबारी सत्र में चांदी 79,100 रुपए प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। अंतरराष्ट्रीय बाजारों में सोना मजबूती के साथ 2,050 डॉलर प्रति औंस हो गया, जबकि चांदी बढ़त के साथ 24.45 डॉलर प्रति औंस हो गई। कॉमेक्स में हाजिर सोना 2,050 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था, जो वैश्विक बाजारों में पिछले बंद से 13 डॉलर अधिक है। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने कहा, 'बृहस्पतिवार को तीसरी तिमाही के लिए अमेरिकी वृद्धि दर में गिरावट के बाद डॉलर इंडेक्स अगस्त की शुरुआत से अपने सबसे निचले स्तर पर आ गया, जिससे सोने की कीमतों में तेजी आई।'

## देश का विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर 615.97 अरब डॉलर

**मुंबई।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 15 दिसंबर को समाप्त सप्ताह में 9.11 अरब डॉलर बढ़कर 615.97 अरब डॉलर हो गया। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इससे पिछले सप्ताह में देश का कुल विदेशी मुद्रा भंडार 2.816 अरब डॉलर बढ़कर 606.85 अरब डॉलर पर था। उल्लेखनीय है कि अक्टूबर, 2021 में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 645 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया था। पिछले साल से वैश्विक घटनाक्रमों के चलते दबाव के बीच केंद्रीय बैंक ने रुपये की विनिमय दर बनाए रखने के लिए मुद्रा भंडार का उपयोग किया। इससे मुद्रा भंडार प्रभावित हुआ। रिजर्व बैंक के साप्ताहिक आंकड़ों के अनुसार, 15 दिसंबर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार का अहम हिस्सा विदेशी मुद्रा आस्तियां 8.34 अरब डॉलर बढ़कर 545.04 अरब डॉलर हो गयीं।


आज़ादी का अमृत महोत्सव

**उत्तर रेलवे**

**ई–निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर कर्षण चल स्टॉक, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल, गाजियाबाद द्वारा निविदा संख्या **230-TRS-GZB-2023-24-24** के आधार पर ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। विवरण निम्नानुसार है:–

| | | | |
|---|---|---|---|
| कार्य का नाम | 'Dismantling, removing and fitment of bogies of WAP-5 locomotives and its part, Qty. 120 locos and 'Dismantling of axle box and removing and cleaning of bearing of WAP-5 locos released dia less defective wheel sets, Qty. 480 Nos.' for a period of 24 months at Electric Loco Shed, Ghaziabad. | | |
| कार्य की अनुमानित लागत | ₹46,73,649.60 | धरोहर राशि | ₹93,500/- |
| निविदा बोली प्रस्तुत करने की समापन तिथि और समय | 12.01.2024 को 11:00 बजे | | |
| निविदा खोलने की तिथि और समय | 12.01.2024 को 11:00 बजे के बाद | | |
| वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है। | www.ireps.gov.in | | |

नोट: • निविदाकर्ता को ई–निविदा प्रणाली में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे ई–प्रोक्योरमेंट प्रणाली (IREPS) साइट अर्थात् **www.ireps.gov.in** पर पंजीकृत होना चाहिए।
• सभी नियमों और शर्तों के लिए कृपया निविदा दस्तावेज देखें।
• कोई मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं है।

**एन.आई.टी. सं.: 230-TRS-GZB-2023-24-24 दिनांक: 21.12.2023** 3992/2023

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**गुमशुदा की तलाश**



प्रीति कुमारी

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक लड़की जिसका नाम **प्रीति कुमारी**, पुत्री संतोष कुमार, पता- मकान नं. 7540, गली नंबर 9, अमर मोहल्ला, गांधी नगर, दिल्ली । **उम्र** : 15 वर्ष, **कद** : 4'11", **रंग**- सांवला, **पहनावा**- नीले रंग की टॉप और नीले रंग की जींस व पैरों में गुलाबी रंग के जूते पहने हुए है । जो दिनांक 14.12.2023 को सुबह 10:30 बजे अपने घर से गुम है । इस संबंध में **प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 522/2023 धारा 363 आईपीसी दिनांक 15.12.2023 को पुलिस थाना गांधी नगर, दिल्ली में दर्ज है ।**

स्थानीय पुलिस द्वारा हर संभव कोशिश के बाद भी इस लड़की का कोई भी सुराग नहीं मिल पाया है । अगर किसी को इस लड़की के बारे में कोई जानकारी मिले तो कृपया निम्नलिखित फोन नम्बरों पर सूचित करें ।

**ई-मेल : cic@cbi.gov.in**
**फोन. : 011-24368638, 24368641**
**फैक्स : 011-24368639**
**DP/14626/SHD/2023**

थानाअध्यक्ष
पुलिस थाना गांधी नगर, दिल्ली
**Ph. : 8595895116, 8447521453**



**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**(धारा 82 सीआरपीसी देखिए)**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **महाबीर मित्तल पुत्र स्व. श्री रामेशवर दास मित्तल पता: 1810/32 सी/ओ एस.एस सहरावत एडवोकेट कमला नगर, रोहतक हरियाणा ने प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 205/15 धारा 498ए/406 भा.द.स. के तहत** थाना: साउथ रोहिणी, नई दिल्ली के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **महाबीर मित्तल** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **महाबीर मित्तल** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। अतः इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 205/15 धारा 498ए/406 भा.द.स. के तहत थाना साउथ रोहिणी, नई दिल्ली के उक्त महाबीर मित्तल** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **26.02.2024** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**प्रीति राजोरिया**
**महानगर दण्डाधिकारी**
**महिला कोर्ट–02**
**कमरा नं.18, दूसरी तल,**
**रोहिणी कोर्ट, दिल्ली**

DP/14707/RD/2023



## आर्ट ऑफ गिविंग के नव वर्ष थीम 'लेट्स एओजी' का शुभारंभ




*भुबनेश्वर। कलिंगा इंस्टीट्यूट ऑफ इंडस्ट्रियल टेक्नोलोजी (कीट) और कलिंगा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज (कीस) विश्व के प्रथम आदिवासी आवासीय विद्यालय में लगभग 65 देशों से अधिक देशों के लगभग 40,000 से भी अधिक आदिवासी छात्र-छात्राएं समस्त आवासीय सुविधाओं का निःशुल्क उपभोग करते हुए मुफ्त में केजी कक्षा से लेकर पीजी कक्षा तक पढ़ते है। कीट एवं कीस ने 15 ओलंपियनों को शिक्षा, छात्रवृत्ति और व्यापक प्रशिक्षण प्रदान करके तैयार किया है जो किसी भी विश्वविद्यालय के लिए असंभव उपलब्धि है। कीट एवं कीस सामाजिक कल्याण के क्षेत्र में अनेक प्रकार के सामाजिक सुधार के कार्यों में प्रयासरत है जिनमें कुल लगभग 10 से अधिक आउटरीच कार्यक्रम शामिल है और उन्हीं में से सबसे प्रमुख और ऐतिहासिक पहल है- 'आर्ट ऑफ गिविंग' जो वास्तव में कीट एवं कीस के संस्थापक महान शिक्षाविद् तथा कंधमाल लोकसभा सांसद प्रो.अच्युत सामंत के वास्तविक जीवन दर्शन पर आधारित है। यह आर्ट ऑफ गिविंग- शांति, खुशी, सद्भाव और प्रेम को फैलाने, मानवीय संबंधों को मजबूत और सुमधुर बनाने, सभी से प्यार-मोहब्बत करने और जरूरतमंदों की मदद करने के लिए आरंभ किया गया है क्योंकि प्रो.अच्युत सामंत चाहते हैं कि उनके वास्तविक जीवन दर्शन से सभी लोगों के जीवन में 'कृतज्ञता' और करुणा का सतत संचार हो। आर्ट ऑफ गिविंग के प्रत्येक साल के लिए एक विशेष थीम रखा जाता है जिसमें वर्ष 2024 के लिए थीम है- 'लेट्स एओजी'। यह थीम एकता की भावना को बढ़ावा देने के बारे में है, जो दर्शाता है कि एक व्यक्ति भी यह आंदोलन शुरू कर सकता है, लेकिन सामूहिक प्रयास के माध्यम से ही यह बढ़ता है और प्रभावशाली बनता है। यह एक व्यक्तिगत कार्य से उदारता और दयालुता की सामुदायिक लहर तक की यात्रा का प्रतीक है। यह ऐतिहासिक पहल एक सार्वभौमिक आह्वान है जो लोगों को अपने जीवन में देने की कला को शामिल करने के लिए प्रोत्साहित करता है।*

# शेयर बाजार में लगातार दूसरे दिन तेजी कायम

एजेंसी ►► मुंबई



■ सेंसेक्स 242 अंक और चढ़ा, निफ्टी में 94 अंकों का उछाल

■ आईटी शेयरों में खरीदी से बाजार में रही तेजी

स्थानीय शेयर बाजारों में शुक्रवार को लगातार दूसरे दिन तेजी रही और बीएसई सेंसेक्स 242 अंक के लाभ में रहा। मुख्य रूप से आईटी शेयरों में लिवाली और अमेरिकी बाजारों के मजबूत रुख से बाजार में तेजी रही। तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 241.86 अंक यानी 0.34 प्रतिशत की बढ़त के साथ 71,106.96 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 394.45 अंक तक चढ़ गया था। निफ्टी भी 94.35 अंक यानी 0.44 प्रतिशत की तेजी के साथ 21,349.40 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में विप्रो सबसे ज्यादा छह प्रतिशत के लाभ में रही। इसके अलावा एचसीएल टेक्नोलॉजीज, टाटा मोटर्स, मारुति, टाटा स्टील, इन्फोसिस, टेक महिंद्रा, लार्सन एंड टुब्रो और जेएसडब्ल्यू स्टील में भी प्रमुख रूप से तेजी रही। दूसरी तरफ नुकसान में रहने वाले शेयरों में भारतीय स्टेट बैंक, बजाज फाइनेंस, आईसीआईसीआई बैंक, एचडीएफसी बैंक, एक्सिस बैंक और इंडसइंड बैंक शामिल हैं। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, "गिरावट पर खरीदारी की रणनीति से बाजार में तेजी रही...मझोली और छोटी कंपनियों के शेयर मांग में रहे। कच्चे तेल के दाम में नरमी तथा अगले साल नीतिगत दर में कटौती की उम्मीद से बाजार में मजबूती आई।

### एशियाई बाजार रहे नुकसान में

एशिया के अन्य बाजारों में जापान का निक्की लाभ में जबकि दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग नुकसान में रहे। यूरोप के प्रमुख बाजारों में शुरुआती कारोबार में मिला-जुला रुख रहा। अमेरिकी बाजार बृहस्पतिवार को सकारात्मक दायरे में रहा।

## देश में 2030 तक ईवी में पांच करोड़ नौकरियां पैदा होगी



■ 19वें ईवी एक्सपो 2023 को केंद्रीय मंत्री गडकरी ने किया संबोधित

**नई दिल्ली।** भारत में 2030 तक सालाना एक करोड़ इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) की बिक्री होने की उम्मीद है। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने शुक्रवार को यह अनुमान जताते हुए कहा कि इससे करीब पांच करोड़ नौकरियां पैदा होंगी। गडकरी ने 19वें ईवी एक्सपो 2023 को संबोधित करते हुए कहा, 'वाहन आंकड़ों के अनुसार भारत में 34.54 लाख ईवी पहले ही पंजीकृत हैं।' केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री ने जोर देकर कहा कि भारत में दुनिया का शीर्ष ईवी विनिर्माता बनने की क्षमता है और सरकार स्वच्छ ऊर्जा उत्पादन में देश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

## मारुति हरियाणा में अपना दूसरा जेआईएम करेगी स्थापित

**नई दिल्ली।** मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसआई) ने हरियाणा में दूसरा जापान-भारत विनिर्माण संस्थान (जेआईएम) स्थापित करने के लिए राज्य सरकार के साथ एक समझौता किया है। कंपनी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। नया संस्थान रोहतक जिले के कंसाला में स्थापित किया जाएगा और इसका परिचालन अगले साल से शुरू होगा। लगभग पांच एकड़ में फैले मौजूदा आईटीआई को 5.8 करोड़ रुपये की लागत से उन्नत कर जेआईएम बनाया जाएगा। कंपनी ने कहा कि हरियाणा सरकार ने कंसाला में जेआईएम के लिए भूमि और भवन प्रदान किया है, जबकि कंपनी उपकरण, प्रशिक्षण मॉड्यूल, प्रशिक्षित शिक्षक प्रदान करेगी।


**हरिभूमि क्लासीफाइड विज्ञापन**

**ज्योतिष**

**फोन करते ही जिन्दगी संवारे**
**खुदा ने चाहा तो किसी प्यार टूटने नहीं दूंगा**
**खुला चैलेंज 2 घंटे में घर बैठे फोन पर गारंटिड लाभ**



**7 इल्मों के माहिर**
**आपके विश्वास का एक ही नाम**
**21 सालों से एक ही स्थान पर**
**मियां पठान बंगाली**
**गोल्ड मेडलिस्ट**
**स्पे. महावशीकरण, मुठकरनी**
लवमैरिज, मनचाहा प्यार, वशीकरण ग्रहक्लेश, जादू-टोना, शादी कारोबार रुकावट, रुठे मनाना, किया-कराया पति-पत्नी अनबन, सौतन-दुश्मन छुटकारा, कोर्ट कचहरी आदि
**7500542070**
https://www.miyapathanjibangali.com

**जॉब**

☞ FRAUD कॉल से सावधान RELIANCE JIO 5G कंपनी में पार्ट/फुलटाइम घर बैठे SMS JOB करके लड़के/ लड़कियां, गृहणियां, कमाए (21,500-67,500) महीना लैपटॉप मोबाइल मुफ्त नामपता WHATSAPP करें 6296026501.

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/ क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।


## ल्यूपिन ने सनोफी से उत्पादों का अधिग्रहण किया

**नई दिल्ली।** घरेलू दवा कंपनी ल्यूपिन लिमिटेड ने एक करोड़ यूरो (91 करोड़ रुपये) में सनोफी से यूरोप और कनाडा में स्थापित उत्पादों का एक खंड हासिल किया है। ल्यूपिन ने शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि कंपनी की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी ल्यूपिन अटलांटिस होल्डिंग्स एसए (स्विट्ज़रलैंड) ने सनोफी के साथ एक परिसंपत्ति खरीद समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। सनोफी फ्रांसीसी बहुराष्ट्रीय दवा एवं स्वास्थ्य सेवा कंपनी है। समझौते के तहत ल्यूपिन जर्मनी में एएआरएएनई और कनाडा तथा नीदरलैंड में एनएसीआरओएम ब्रांड का अधिग्रहण करेगी।


**पूर्वोत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

राष्ट्रपति भारत सरकार की ओर से उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर / कार्य, वास्ते मुख्य कारखाना प्रबन्धक, यांत्रिक कारखाना गोरखपुर द्वारा नीचे लिखे कार्य के लिये आनलाईन (ई – टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली ई – निविदा आमंत्रित की जाती हैं। **क्रम सं० (1)** ई–निविदा सूचना सं० एवं निविदा कार्य का विवरण : टेण्डर नं०–"48–जीकेपी– एमडब्ल्यूएस–2023– 24" "एएमसी आफ स्कॉर्ट्स मेक एक्सल माउन्टेड डिस्क ब्रेक सिस्टम (एएमडीबीएस) फिटेड इन एलएचबी कोचेज फार 1 ईयर एट मेकेनिकल वर्कशाप, गोरखपुर"। अनुमानित लागत (रू० में) : 37844224.08, धरोहर राशि (रू० में) : 339200.00, निविदा समापन की तिथि एवं अवधि : 22.01.2024, 11.00 बजे। निविदा प्रपत्र का मूल्य : रू० शून्य, संविदा की अवधि : 12 माह, उपरोक्त ई–निविदाओं का पूर्ण विवरण एवं निविदा में भाग लेने हेतु भारतीय रेल की वेबसाईट संख्या **https://www.ireps.gov.in** पर देखें।

**उप मुख्य यांत्रिक इंजी./कार्य, यांत्रिक कारखाना,**
**मुजाधि/यॉंत्रिक – 109** **गोरखपुर**

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।



**हरियाणा सरकार** **निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचएसएमएबी कैथल | राजौंद में नई अनाज और सब्जी मार्केट में वे ब्रिज से गोदाम तक आंतरिक सड़कों की विशेष मरम्मत और चारदिवारी का पुनर्निर्माण (एम.सी. राजौंद)। | 21.12.2023 10.01.2024 | ईएमडी 1.95 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416178720 xenkaithal3.hsamb@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद विज्ञा. सं.–13/2024/40/23665/I/88/7 दि. 22.12.23



**हरियाणा सरकार** **निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचवीपीएनएल | 220 केवी सब स्टेशन फतेहाबाद में चारदिवारी का निर्माण। | 21.12.2023 02.01.2024 | 84.45 लाख | www.hvpn.org.in | 1722583789 PRO@HVPN.ORG.IN |
| 2 | एचवीपीएनएल | वित्तीय वर्ष 2022-23 में 220 केवी सबस्टेशन फतेहाबाद का 3×100 एमवीए, 220/132 केवी प्लस IX 20/25 एमवीए, 132/33 केवी प्लस 1 × 10/16 एमवीए, 132/11 केवी टी/एफ से (2×100 एमवीए, प्लस IX 160) एमवीए 220/132 केवी प्लस IX 40/50 एमवीए, 132/33 केवी प्लस IX 10/16 एमवीए, 132/11 केवी टी/एफ का विस्तार। (टी/एफ प्लिंथ का मजबूतीकरण 100 एमवीए से 160 एमवीए)। | 21.12.2023 02.01.2024 | 17.29 लाख | www.hvpn.org.in | 1722583789 PRO@HVPN.ORG.IN |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद विज्ञा. सं.–13/2024/40/23658/I/88/7 दि. 22.12.23


## राशिफल

**मेष** — मन प्रसन्न रहेगा। परिवार में सुख–शान्ति रहेगी। घर–परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। भवन के रख–रखाव एवं साज–सज्जा के कार्यों पर खर्च बढ़ेंगे।

**वृष** — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। लेखनादि–बौद्धिक कार्यों से आय हो सकती है।

**मिथुन** — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु फिर भी आत्मसंयत रहें। रहन–सहन भी अव्यवस्थित रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। स्वाथ्य का ध्यान रखें।

**कर्क** — पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग–दौड़ बढ़ेगी। कारोबार के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। भाइयों का सहयोग रहेगा। यात्रा के योग बन रहे हैं।

**सिंह** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। बातचीत में सन्तुलित रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। व्यवधान आ सकते हैं। आय में कमी आ सकती है।

**कन्या** — अपनी भावनाओं को वश में रखें। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन–सत्ता का सहयोग मिलेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा।

**तुला** — पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। खर्चों में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। घर–परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं।


**धनु** — मन में उतार–चढ़ाव रहेंगे। संयत रहें। व्यर्थ के वाद–विवाद से बचें। शैक्षिक कार्यों के सुखद–परिणाम मिलेंगे। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मकर** — आत्मसंयत रहें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। लेखनादि–बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी और आय के साधन भी बनेंगे। खर्च भी बढ़ेंगे। रुचि बढ़ेगी।

**कुंभ** — मन शान्त तो रहेगा। फिर भी धैयशीलता बनाये रखने का प्रयास करें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धार्मिक संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है।

**मीन** — मन अशान्त तो हो सकता है। वाणी में मधुरता भी रहेगी। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है।


## शब्द पहेली - 5372



**बाएँ से दाएँ**
1. कार्य, काम-2
2. अग्नि, अनल-2
3. संग, संगत-2
4. मदिरा, शराब-2
6. चुटीली बात-2
7. उम्मीद-2
8. समाचार, सूचना-3
9. भगवान कृष्ण के खेल-2
10. छाया, परछाई-2
11. कहासुनी-3
12. जी, चित-2
13. निशा-2
14. पासों का खेल-3
16. करीना की फिल्म-2
17. आगे वाला-3
18. सीधा, सरल-2
19. वीर, बहादुर-2
20. दलदल, गाद-3
21. तांत, टेलीग्राम -2
22. वंश, खानदान-2
23. नशा, नशापानी-3
24. चिट्ठी, पत्र-2
26. सही का विलोम-3
27. ठिकाना-2
28. प्राण, दम-2
29. नरक (उर्दू-3)
30. बीता हुआ दिन-2
31. पोखर, तालाब-2
32. हताहत-3
33. दर, मूल्य-2
34. आयु-2
36. अंधकार-2
37. पांव, पैर-2
38. कान्हा-2
39. टैक्स, हाथ-2

**ऊपर से नीचे**
1. समय, वक्त-2
2. आगमन-2
3. पति की मां-2
4. भोर, सवेरा-3
5. झगड़ा-2
6. लॉक, द्वारयंत्र-2
7. धाय, नर्स, दाई-2
8. अवरोध, रुकावट-3
9. मगन, मग्न-2
10. सप्त, सप्तम-2
11. लक्ष्मी, रमा-3
12. मौज, मजा-2
13. महाराजा-2
14. घिसन, रगस-3
15. गमन, जाना-2
16. पुनः, वापस-2
17. स्थिर-3
18. निष्कर्ष-2
19. कांटा-2
20. मूल्य, दाम-3
21. पितामह-2
22. मजदूर-2
23. ईश्वर-3
24. भूल, गलती-2
25. मछली-2
26. नगमा-3
27. क्षण-2
28. पाश-2
29. दूसरा-3
30. थोड़ा-2
31. तांबा-2
32. हमला-2
33. कलंक-2
34. गरम-2
35. मयूर-2

### शब्द पहेली -5371 का हल



## सूडोकु नवताल - 5382

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | | 8 | | | 3 |
| | 7 | | | 3 | 5 | | | |
| 3 | | | | | | 6 | | |
| | | | | | | | 8 | 5 |
| | 6 | | | 7 | | | 1 | |
| 4 | 2 | | | | | | | |
| | | 1 | | | | | | 8 |
| | | | 7 | 4 | | | 3 | |
| 6 | | | 2 | | | 7 | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 5381 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 4 | 8 | 7 | 5 | 1 | 6 | 2 | 3 |
| 3 | 7 | 5 | 6 | 4 | 2 | 1 | 8 | 9 |
| 6 | 2 | 1 | 3 | 9 | 8 | 4 | 7 | 5 |
| 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 2 |
| 5 | 8 | 6 | 9 | 2 | 4 | 3 | 1 | 7 |
| 2 | 9 | 7 | 5 | 1 | 3 | 8 | 4 | 6 |
| 8 | 6 | 4 | 2 | 7 | 9 | 5 | 3 | 1 |
| 7 | 3 | 9 | 1 | 8 | 5 | 2 | 6 | 4 |
| 1 | 5 | 2 | 4 | 3 | 6 | 7 | 9 | 8 |

# वेस्टइंडीज ने जीती टी-20 श्रृंखला...

**तारोबा।** वेस्टइंडीज ने बेहद करीबी मुकाबले में आखिरी ओवर में विश्व चैंपियन इंग्लैंड को चार विकेट से हराकर टी20 श्रृंखला 3-2 से जीत ली। सिर्फ 132 रन पर आउट हुई इंग्लैंड टीम ने डैथ ओवरों में शानदार गेंदबाजी करके मुकाबले को करीबी बना दिया। तेज गेंदबाज रीसे टॉपले ने 17वें ओवर में सिर्फ दो रन दिए और वेस्टइंडीज के कप्तान रोवमैन पॉवेल का विकेट लिया। मध्यम तेज गेंदबाज सैम कुरेन ने 19वें ओवर में सिर्फ दो रन देकर आंद्रे रसेल को आउट किया। आखिरी ओवर में वेस्टइंडीज को नौ रन की जरूरत थी। जैसन होल्डर ने क्रिस वोक्स की पहली गेंद पर तीन रन निकाले। इसके बाद शाइ होप ने डीप प्वाइंट के ऊपर से छक्का जड़ दिया। वेस्टइंडीज ने छह विकेट पर 133 रन बनाकर चार विकेट से जीत दर्ज की। मेजबान टीम ने वनडे श्रृंखला भी 2-1 से जीती थी। होप ने 43 गेंद में 43 रन बनाए। पिछले मैच में तीन विकेट पर 267 रन बनाकर श्रृंखला में बराबरी करने वाली इंग्लैंड टीम उस लय को कायम नहीं रख सकी। फिल साल्ट ने 22 गेंद में 38 रन बनाए जबकि मोईन अली ने 23 और लियाम लिविंगस्टोन ने 28 रन की पारी खेली।




# डीन एल्गर ने किया संन्यास का ऐलान भारत के खिलाफ टेस्ट अंतिम श्रृंखला



*जोहानिसबर्ग। दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान डीन एल्गर ने शुक्रवार को कहा कि भारत के खिलाफ 26 दिसंबर से शुरू हो रही दो टेस्ट मैचों की आगामी श्रृंखला के बाद वह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह देंगे। एल्गर ने 2012 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण के बाद से 84 टेस्ट खेले हैं। उन्होंने 13 शतक और 23 अर्धशतकों की मदद से 5146 रन बनाए हैं। क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका ने एक बयान में कहा, 'एल्गर दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला के बाद क्रिकेट को अलविदा कहेंगे। पहला टेस्ट उनके शहर सेंचुरियन में 26 से 30 दिसंबर तक खेला जाएगा। दूसरा केपटाउन में तीन से सात जनवरी के बीच होगा जहां उन्होंने पहला टेस्ट रन बनाया था।' एल्गर ने आठ वनडे भी खेले हैं और आखिरी वनडे 2018 में खेला था।*

## खबर संक्षेप



### इमरजेंसी के कारण भारत लौटे कोहली

**सेंचुरियन।** विराट कोहली पारिवारिक इमरजेंसी के कारण भारत लौट गए हैं लेकिन दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 26 दिसंबर से शुरू हो रहे पहले टेस्ट से पूर्व उनके लौट आने की उम्मीद है। कोहली दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला के लिए दक्षिण अफ्रीका में थे। बीसीसीआई के एक सूत्र ने शुक्रवार को बताया, 'विराट कोहली पारिवारिक इमरजेंसी के कारण भारत लौट गए हैं लेकिन पहले टेस्ट से पूर्व लौट आएंगे।' कोहली पिछली बार भी दक्षिण अफ्रीका में कमर में चोट के कारण एक टेस्ट से बाहर रहे थे। वह 24 दिसंबर को लौट आएंगे और मैच से पूर्व अभ्यास में हिस्सा लेंगे। इस बीच भारतीय बल्लेबाज ऋतुराज गायकवाड़ भी ऊंगली में फ्रेक्चर के कारण दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला नहीं खेल सकेंगे।

### तीसरे टेस्ट से बाहर रह सकते हैं शाहीन



**कराची।** पाकिस्तान के तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी को कार्यभार प्रबंधन के लिए आस्ट्रेलिया के खिलाफ सिडनी में तीसरे और आखिरी टेस्ट से बाहर रखा जा सकता है। पाकिस्तान को पहले टेस्ट में 360 रन से पराजय झेलनी पड़ी जिसमें पदार्पण कर रहे खुर्रम ने पांच विकेट लिए लेकिन वह घायल हो गए। वह मेलबर्न और सिडनी में बाकी दो टेस्ट नहीं खेल सकेंगे। टीम के एक सूत्र ने बताया कि टीम प्रबंधन तेज गेंदबाजों के कार्यभार में संतुलन चाहता है, खासकर अफरीदी के क्योंकि टी20 विश्व कप में छह महीने से भी कम समय रह गया है।

### आईसीसी से मिली फटकार को चुनौती देंगे ख्वाजा



**मेलबर्न।** पाकिस्तान के खिलाफ पहले टेस्ट में बांह पर काली पट्टी बांधने के कारण आईसीसी से फटकार झेलने वाले आस्ट्रेलिया के बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा ने शुक्रवार को कहा कि वह इसे चुनौती देंगे क्योंकि उन्होंने आईसीसी को बताया था कि ऐसा उन्होंने निजी शोक के कारण किया है। ख्वाजा ने पर्थ में पिछले सप्ताह पाकिस्तान पर 360 रन से मिली जीत के दौरान बांह पर काली पट्टी बांधी थी। वह 13 दिसंबर को अभ्यास सत्र के लिए उतरे तो उनके बल्लेबाजी के जूतों पर 'आल लाइव्स आर इकवल' और 'फ्रीडम इज ह्यूमन राइट' लिखा हुआ था। ख्वाजा ने कहा, 'आईसीसी ने पर्थ टेस्ट के दूसेर दिन मुझसे पूछा था कि काली पट्टी क्यों बांधी है और मैने कहा था कि यह निजी शोक के कारण है। मैने इसके अलावा कुछ नहीं कहा था।

## क्रिकेट : महिला टीम ने सात विकेट पर बनाए 376 रन, 157 की बढ़त

# स्मृति, जेमिमा, रिचा, दीप्ति की फिफ्टी भारत ने ऑस्ट्रेलिया पर कसा शिकंजा

एजेंसी ▶▶ मुंबई

दीप्ति शर्मा (नाबाद 70) और पूजा वस्त्राकर (नाबाद 33) के बीच 102 रन की अटूट साझेदारी की मदद से भारतीय महिला टीम ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एकमात्र टेस्ट क्रिकेट मैच के दूसरे दिन शुक्रवार को यहां 157 रन की बढ़त हासिल करके अपनी स्थिति मजबूत कर ली। भारत ने ऑस्ट्रेलिया के 219 रन के जवाब में दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक सात विकेट पर 376 रन बनाए थे। भारत की चार बल्लेबाजों ने अर्धशतक लगाए जिनमें दीप्ति के अलावा स्मृति मंधाना (74), जेमिमा रोड्रिग्स (73) और अपना पहला टेस्ट मैच खेल रही रिचा घोष (52) शामिल हैं। दीप्ति और वस्त्राकर ने तब जिम्मेदारी संभाली जब भारत ने 14 रन के अंदर चार विकेट गंवा दिए थे। ऑस्ट्रेलिया ने आठ गेंदबाजों का उपयोग किया लेकिन केवल ऑफ स्पिनर एशले गार्डनर (100 रन देकर चार विकेट) ही अपना प्रभाव छोड़ पाई। महिला एशेज टेस्ट में आठ विकेट लेने वाली गार्डनर ने भारतीय बल्लेबाजों को लगातार परेशान किया तथा अच्छी लाइन और लेंथ से गेंदबाजी करके महत्वपूर्ण विकेट लिए।



### रिकार्ड से पांच रन दूर

*भारत का स्कोर एक समय सात विकेट पर 174 रन था लेकिन दीप्ति और वस्त्राकर के बीच आठवें विकेट के लिए शानदार साझेदारी से वह मैच पर अपनी पकड़ मजबूत करने में सफल रहा। दीप्ति और वस्त्राकर भारत की तरफ से आठवें विकेट के लिए सर्वश्रेष्ठ साझेदारी का रिकॉर्ड बनाने से केवल पांच रन दूर हैं। दीप्ति ने अभी तक 147 गेंद का सामना करके नौ चौके लगाए हैं जबकि पहले दिन 53 रन देकर चार विकेट लेने वाली वस्त्राकर ने 115 गेंद का सामना करके चार चौके जड़े हैं।*



### रिचा डेब्यू में अर्धशतक जड़ने वाली भारत की 14वीं बल्लेबाज

*भारत की पारी का आकर्षण हालांकि युवा रिचा घोष और जेमिमा के बीच चौथे विकेट के लिए 113 रन की साझेदारी रही। यह भारत की तरफ से चौथे विकेट के लिए दूसरी सर्वश्रेष्ठ साझेदारी है। टेस्ट क्रिकेट में पहली बार बल्लेबाजी कर रही घोष ने आक्रमण और संयम का शानदार नमूना पेश किया। उन्होंने अपनी पारी में 104 गेंद का सामना करके सात चौके लगाए। घोष अपने पदार्पण मैच में अर्धशतक जड़ने वाली भारत की 14वीं बल्लेबाज बनी। जेमिमा और शुभा सतीश ने हाल में यह उपलब्धि हासिल की थी।*

### जेमिमा का लगातार दूसरे मैच में अर्धशतक

जेमिमा ने स्वीप शॉट लगाने के अपने कौशल का अच्छा नमूना पेश किया। उन्होंने अपने अधिकतर रन लेग साइड में बटोरे। जेमिमा की 121 गेंद की पारी में नौ चौके शामिल हैं। लगातार दूसरे मैच में अर्धशतक बनाने वाली जेमिमा अपने पहले टेस्ट शतक की तरफ बढ़ रही थी लेकिन तभी उन्होंने गार्डनर की गेंद पर एनाबेल सदरलैंड को एक्स्ट्रा कवर कर आसान कैच दे दिया।

### मंधाना ने लगाए 12 चौके

भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर अपना खाता भी नहीं खोल पाई और केवल दो गेंद खेल कर पवेलियन लौट गई। गार्डनर ने उन्हें पगबाधा आउट किया। गार्डनर ने इसके तुरंत बाद यास्तिका भाटिया (01) को भी आउट किया। इससे पहले भारत ने सुबह एक विकेट पर 98 रन से अपनी पारी आगे बढ़ाई। मंधाना और स्नेह राणा (09) ने अर्धशतकीय साझेदारी पूरी की।

# पद्मश्री अवार्ड लौटाना पुनिया का निजी फैसला : खेल मंत्रालय




एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

खेल मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि भारतीय कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष पद के लिए संजय सिंह के चुनाव के विरोध में बजरंग पूनिया का पद्मश्री पुरस्कार लौटाने का फैसला व्यक्तिगत है लेकिन फिर भी उन्हें इस कदम पर दोबारा विचार करने के लिए समझाने का प्रयास किया जाएगा।

ओलंपिक पदक विजेता पहलवान पूनिया ने बृजभूषण शरण सिंह के विश्वासपात्र संजय सिंह के डब्ल्यूएफआई में शीर्ष पद के लिए चुने जाने के एक दिन बाद पद्मश्री सम्मान लौटाने का फैसला किया। मंत्रालय के एक अधिकारी ने बताया, 'पद्मश्री लौटाना बजरंग पूनिया का व्यक्तिगत फैसला है। डब्ल्यूएफआई के चुनाव निष्पक्ष और लोकतांत्रिक तरीके से हुए थे। फिर भी हम बजरंग को पद्मश्री लौटाने के अपने फैसले को पलटने के लिए समझाने का प्रयास करेंगे।'

पूनिया ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलकर एक विरोध पत्र सौंपने की कोशिश की लेकिन दिल्ली पुलिस के अधिकारियों ने उन्हें कर्तव्य पथ पर ही रोक दिया क्योंकि उनके पास कोई पूर्व अनुमति नहीं थी। इसी पत्र में उन्होंने पद्मश्री पुरस्कार लौटाने का जिक्र किया था।

# पिछले 4 महीने चुनौतीपूर्ण थे शुक्र है कि शतक बना सका

*पार्ल। भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन ने कहा कि पिछले तीन चार महीने उनके लिए मानसिक रूप से चुनौतीपूर्ण थे लेकिन उन्होंने खुद पर काफी मेहनत की और पहला वनडे शतक बनाकर वापसी कर सके। भारत में इस साल हुए वनडे विश्व कप के लिए सैमसन टीम में जगह नहीं बना सके थे क्योंकि चयनकर्ताओं ने ईशान किशन और सूर्यकुमार यादव को तरजीह दी। संजू ने तीसरे वनडे में 78 रन से मिली जीत के बाद कहा, 'पिछले तीन चार महीने मानसिक रूप से चुनौतीपूर्ण थे। उन सबसे गुजरकर यहां आकर शतक जमाना काफी बड़ी बात है। मैं बहुत खुश हूं।खेल मेरे खून में है। मेरे पिता भी खिलाड़ी रहे हैं लिहाजा हर झटके के बाद वापसी करने के अलावा कोई विकल्प नहीं है। खुद पर मेहनत करते रहो और मजबूती से वापसी का प्रयास करो।'*

# सिफ्ट और रिदम ने निशानेबाजी ट्रायल्स में दर्ज की शानदार जीत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सिफ्ट कौर सामरा और रिदम सांगवान यहां चल रहे राष्ट्रीय चयन ट्रायल्स मैच में शुक्रवार को यहां क्रमशः महिला 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन और महिला 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में जीत हासिल करने में सफल रहीं। सिफ्ट और रिदम इस तरह दोनों ट्रायल मैच जीतने वाली तीसरी और चौथी निशानेबाज बन गईं। नौसेना के किरण अंकुश जाधव ने पुरुष वर्ग के 10 मीटर एयर राइफल टी2 ट्रायल में जीत



हासिल की। सिफ्ट शानदार फॉर्म में हैं, उन्होंने आठ महिलाओं के फाइनल में 464.8 अंक से ओलंपियन और सीनियर अंजुम मौदगिल को पछाड़ते हुए पहला स्थान हासिल किया। मौदगिल 461.7 अंक से दूसरे स्थान पर रहीं। सेना की प्रिया ने तीसरा स्थान हासिल किया। महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल टी2 ट्रायल में रिदम ने 35 अंक से मनु भाकर को पछाड़ते हुए शीर्ष स्थान प्राप्त किया। मनु 32 अंक से दूसरे और पूर्व विश्व कप फाइनल की स्वर्ण पदक विजेता हीना सिद्धू 27 अंक से तीसरे स्थान पर रहीं। पुरुषों के 10 मीटर एयर राइफल में किरण जाधव ने 633.4 अंक से शीर्ष पर रहकर फाइनल के लिए क्वालीफाई किया जिसमें उन्होंने 252.8 अंक से पहला स्थान प्राप्त किया।

# सोनिया, कलैवानी की राष्ट्रीय मुक्केबाजी में जीत से शुरुआत

**ग्रेटर नोएडा।** विश्व चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता रेलवे खेल संवर्धन बोर्ड की सोनिया लाठेर और तमिलनाडु की एस कलैवानी ने महिला राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप के पहले दिन शुक्रवार को यहां जीत से शुरुआत की। सोनिया ने 57 किग्रा के पहले दौर के मैच में मध्य प्रदेश की माही लामा के खिलाफ आक्रामक शुरुआत की और 5-0 से आसान जीत हासिल की। पिछले बार की रजत पदक विजेता कलैवानी ने 48 किग्रा भार वर्ग में केरल की मिलानो एमजे को



आसानी से हराया। कलैवानी के आक्रामक रवैये के कारण रेफरी को तीसरे राउंड के बीच में ही मुकाबला रोकना पड़ा था। कलैवानी का अगला मुकाबला हरियाणा की गीतिका से होगा जिन्होंने तेलंगाना की मेराज बेगम को हराया। हरियाणा की ही रिंकू (52 किग्रा) और तन्नु (57 किग्रा) भी अगले दौर में पहुंच गई हैं। एशियाई युवा चैंपियनशिप 2021 की रजत पदक विजेता उत्तराखंड की निवेदिता कार्की (48 किग्रा) ने मेघालय की वेरोनिया सोहसांग पर आसान जीत दर्ज की।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 Cr. P. C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **मौ. आमीन पुत्र अब्दुल कलीम** निवासी f-1862, राम पार्क, हकीकतपुर, लोनी गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश और 1862 राम पार्क, एक्सटेंशन लोनी, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश **FIR No. 199/18, u/s 328/379/34 IPC.** के अंतर्गत **थाना : शाहदरा, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **मौ. आमीन** मिल नही रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **मौ. आमीन** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 199/18, u/s 328/379/34 IPC. थानाः शाहदरा, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **मौ. आमीन** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **30.01.2024** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री विनीत कुमार ASJ-02, E-Court
कमरा न 317 तीसरा तल
कड़कड़डूमा कोर्ट्स, दिल्ली

DP/14803/SHD/2023-Court matter

**हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग**
बेज नं. 67–70, सेक्टर–2, पंचकूला–134151
(वेबसाइट : www.hssc.gov.in)

**परीक्षा सूचना**

**(ओएमआर आधारित) लिखित परीक्षा हेतु उम्मीदवारों को सूचना विज्ञा. सं. 03/2023 के तहत ग्रुप–सी पदों सीईटी (द्वितीय फेज) ग्रुप सं. 16, 22, 23, 30 और 47 के तहत सभी श्रेणियों के लिए**

सभी सम्बन्धितों की जानकारी हेतु यह अधिसूचित किया जाता है कि हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग (ओएमआर शीट आधारित) ग्रुप–सी पदों सीईटी (द्वितीय फेज) ग्रुप सं. 16, 22, 23, 30 और 47 के तहत सभी श्रेणियों के लिए 30.12.2023 शनिवार और 31.12.2023, रविवार को लिखित परीक्षा का आयोजन कर रहा है।

**अनुसूची**

| क्र. सं. | ग्रुप सं. | विज्ञा. सं. | परीक्षा की तिथि, व समय | परीक्षा का स्थान |
|---|---|---|---|---|
| 1. | ग्रुप नं. 30 | 3/2023 | 30.12.2023 (प्रातःकालीन सत्र) पूर्वा. 10:15 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक उपस्थिति समय पूर्वा. 08:30 बजे (पूर्वा. 09:30 बजे के बाद प्रवेश नहीं) | प्रवेश-पत्र के अनुरूप |
| 2. | ग्रुप नं. 23 | | 30.12.2023 (सायंकालीन सत्र) अप. 03:15 बजे से अप. 05:00 बजे तक उपस्थिति समय अप. 01:30 बजे (अप. 02:30 बजे के बाद प्रवेश नहीं) | |
| 3. | ग्रुप नं. 22 | | 31.12.2023 (प्रातःकालीन सत्र) पूर्वा. 10:15 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक उपस्थिति समय पूर्वा. 08:30 बजे (पूर्वा. 09:30 बजे के बाद प्रवेश नहीं) | |
| 4. | ग्रुप नं. 16 | | 31.12.2023 (सायंकालीन सत्र) अप. 03:15 बजे से अप. 05:00 बजे तक उपस्थिति समय अप. 01:30 बजे (अप. 02:30 बजे के बाद प्रवेश नहीं) | |
| 5. | ग्रुप नं. 47 | | | |

2. **चयन मानदंड और अन्य महत्वपूर्ण निदेश**

**उपरोक्त वर्णित पदों हेतु चयन मानदंड पहले ही विज्ञा. सं. 03/2023 दिनांक 07 मार्च 2023 में वर्णित है।**
उम्मीदवारों की लिखित परीक्षा हेतु प्रवेश-पत्र आयोग की वेबसाइट अर्थात www.hssc.gov.in पर 26.12.2023 से अपलोड किया जाएगा। सभी शार्टलिस्टेड उम्मीदवारों (ग्रुपवार सूची आयोग की वेबसाइट अर्थात www.hssc.gov.in पर जल्द अधिसूचित की जाएगी) जो ऊपर वर्णित ग्रुपों में परीक्षा में उपस्थित हो रहे हैं वे अपने प्रवेश-पत्र 26.12.2023 से डाउनलोड कर सकते हैं। उम्मीदवार प्रवेश पत्र पर दिये गये निर्देशों को और परीक्षा में आने से पूर्व नीचे वर्णित महत्वपूर्ण निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें और उनका सख्ती से अनुपालन करें।

**टिप्पणियां :-**
1. उम्मीदवारों हेतु लिखित परीक्षा लिए महत्वपूर्ण निर्देश आयोग की वेबसाइट अर्थात www.hssc.gov.in पर उपलब्ध हैं जिन्हें उम्मीदवारों द्वारा परीक्षा में आने से पूर्व ध्यानपूर्वक पूरा पढ़ा जाए।
2. यदि किसी उम्मीदवार ने इन ग्रुपों के तहत आवेदन किया है किन्तु वे अपना अनुक्रमांक आयोग द्वारा अपलोडेड नहीं पाता तो उम्मीदवार आयोग कार्यालय में सभी सम्बद्ध दस्तावेजों सहित 19.12.2023 को अप. 2.00 बजे तक उपस्थित हो सकता है।
3. श्रेणी सं. 243 ग्रुप सं. 30 में भरे जाने वाले पदों की संख्या (फायर ऑपरेटर-कम-ड्राईवर) माननीय उच्च न्यायालय में सीडब्ल्यूपी सं. 10292 ऑफ 2023 और अन्य सम्बन्धित मामलों तथा सीडब्ल्यूपी सं. 17048 ऑफ 2023 इत्यादि के निर्णय के अधीन है।

आयोग द्वारा डाक के माध्यम से उम्मीदवारों को अलग से कोई सूचना नहीं भेजी जाएंगी।

स्थान : पंचकूला — हस्ता/- सचिव
दिनांक : 22 दिसम्बर 2023 — हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग, पंचकूला
संवाद विज्ञा. सं.-1159/13/597/2024/23667/88/7 दि. 22.12.23

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय हिसार | जीजेयू सांदत हिसार में हरियाणा स्कूल ऑफ बिजनेस के द्वितीय तल राइट विंग का निर्माण। | 28.12.2023 18.01.2024 | 141.26 लाख | https://www.gjust.ac.in | 01662-263105 uwdgjuhsr@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद विज्ञा. सं.-13/2024/40/23672/I/88/7 दि. 22.12.23

**उत्तर रेलवे**
आज़ादी का अमृत महोत्सव
प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक कार्यालय
प्रधान कार्यालय, बड़ौदा हाउस, नई दिल्ली 110001
Mail ID: salenr365@gmail.com
संख्याः 117–एस/सेल/ऑक्शन प्रोग्राम/2023–24 — दिनांकः 21.12.2023

**नीलामी सूचना सं०–जनवरी–2024**
रद्द लोहा, अलोह, अन्य विविध स्क्रैप, कन्डम लोको कोचेज तथा वैगन्स, स्क्रैप रेल एवं अन्य रेल पथ सामग्री के निस्तारण हेतु ई–नीलामी की जायेगी। लैड एसिड बैटरीज/यूज्ड ऑयल/रियूज्ड ऑयल केवल उन्हीं सम्भारणकर्ताओं को बिक्री किया जायेगा जो कि राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधीन पंजीकृत होंगे.

**जनवरी' 2024 की ई–नीलामी**

| क्र. सं० | नीलामी करने वाला डिपो | समय | प्रथम चरण | द्वितीय चरण | तृत्तीय चरण | चतुर्थ चरण | पंचम चरण | षष्ठ चरण | सप्त चरण | अष्ट चरण |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | आलमबाग/लखनऊ 0522–2451257 | 10.00 | 1 | 6 | 11 | 13 | 18 | 20 | 27 | 31 |
| 2 | शकुरबस्ती 011–27015387 | 10.00 | 3 | 6 | 10 | 13 | 18 | 20 | 27 | 31 |
| 3 | जगाधरी 01732–252388 | 10.00 | 2 | 6 | 9 | 13 | 16 | 20 | 27 | 31 |
| 4 | वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक/लखनऊ 0522–2234756 | 10.00 | 2 | 5 | 9 | 12 | 16 | 22 | 25 | 31 |
| 5 | वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक/फिरोजपुर 01632–244154 | 11.00 | 4 | 8 | 12 | 16 | 19 | 23 | 29 | 31 |
| 6 | वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक/अम्बाला 0171–2611203 | 11.00 | 3 | 5 | 10 | 15 | 18 | 22 | 25 | 31 |
| 7 | वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक/मुरादाबाद 0591–2413141 | 10.00 | 4 | 8 | 12 | 16 | 19 | 23 | 29 | 31 |
| 8 | वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबंधक/दिल्ली 011–23365311 | 11.00 | 1 | 5 | 11 | 15 | 18 | 22 | 25 | 31 |

नोटः नीलामी में बेचे जाने वाले सामग्री का विवरण www.ireps.gov.in पर दिये कैटलॉग पर उपलब्ध होंगे 1. इच्छुक खरीददार उपरोक्त वर्णित सामग्री को नीलामी के पूर्व नामित स्थान पर कार्य दिवस में देख सकते हैं। 2. पूर्व नीलामी में बेचे गये सामग्री का विवरण www.nr.railnet.gov.in पर उपलब्ध है। 3. ई–नीलामी में भाग लेने के लिए, क्रेता को ireps पर रजिस्टर्ड होना अनिवार्य है। ई–नीलामी की विस्तृत जानकारी, रजिस्ट्रेशन एवं अन्य नियम व शर्तों के लिए कृपया रेलवे बेवसाईट www.ireps.gov.in देखें।

4011/2023 — (अनिल कुमार राय) उप मुख्य सामग्री प्रबंधक/एस एवं पी

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## खबर संक्षेप

### पाक के चुनाव कार्यक्रम में फिर हुआ बदलाव



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के आम चुनाव के कार्यक्रम में फिर बदलाव हुआ है। पाकिस्तान के चुनाव आयोग ने शुक्रवार को बदलाव के बाद नया शेड्यूल जारी कर दिया है। बता दें कि पाकिस्तान में 8 फरवरी 2024 को आम चुनाव होने हैं। अब पाकिस्तान चुनाव आयोग ने नामांकन करने की तारीखों को दो दिन के लिए और बढ़ा दिया है।

### ड्रैगन से रिश्ते सुधारने में जुटा अमेरिका




**वॉशिंगटन।** अमेरिका, चीन से अपने रिश्ते सुधारने की कवायद में जुटा है। अमेरिका के जॉइंट चीफ ऑफ स्टाफ के चेयरमैन जनरल सीक्यू ब्राउन जूनियर और उनके चीनी सहयोगी जनरल लिउ झेनिल एक बैठक करेंगे। यह बैठक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए होगी। यह बैठक दोनों देशों के बीच विश्वास बढ़ाने की बात है।

### पूर्व मेयर 14 करोड़ डॉलर के जुर्माने से दिवालिया



**न्यूयॉर्क।** न्यूयॉर्क के पूर्व मेयर और पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के करीबी रूडी जुलियानी ने न्यूयॉर्क के सदर्न जिला कोर्ट में दिवालिया होने का दावा करते हुए आवेदन किया है। रूडी जुलियानी का यह कदम उन पर 14 करोड़ डॉलर का जुर्माना लगने के तुरंत बाद सामने आया है। उनके ऊपर 10 करोड़ और 500 करोड़ डॉलर का कर्ज है।

### चीनः कोयला खदान में 12 लोगों की मौत, 13 घायल



**बीजिंग।** चीन के हेईलोंगजिआंग प्रांत में कोयले की खदान में दुर्घटना में कम से कम 12 लोगों की मौत हो गई। वहीं, 13 लोग घायल हो गए। यह दुर्घटना हेंगशान जिले में कुनयुआन कोयला खदान में हुई। दुर्घटना में घायल 13 लोगों को अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। दुर्घटना के कारणों की जांच के लिए एक समिति गठित की गई है।

# खिलाड़ियों का दबदबा था और रहेगा, साक्षी मलिक सिर्फ राजनीतिक मोहरा

## डब्ल्यूएफआई के नए अध्यक्ष संजय सिंह का बड़ा बयान

एजेंसी ▶▶ वाराणसी

भारतीय कुश्ती महासंघ के नए अध्यक्ष संजय सिंह ने पहलवानों में हुई ऊहापोह की स्थिति को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि फेडरेशन में खिलाड़ियों का दबदबा था और रहेगा।

साक्षी मलिक जैसे लोग अब खिलाड़ी नहीं रह गए। वो तो राजनीतिक मोहरा हो गए हैं। हम नहीं चाहते कोई कुश्ती छोड़े, हर खिलाड़ी का स्वागत है। साक्षी भी अगर आना चाहती हैं, तो ट्रायल दें और कुश्ती लड़ें। बता दें भारतीय कुश्ती महासंघ के नए अध्यक्ष संजय सिंह हरियाणा की अनीता श्योराण को हराकर डब्ल्यूएफआई के अध्यक्ष बने। उनके अध्यक्ष बनते ही साक्षी मलिक ने कुश्ती त्यागने का ऐलान कर दिया। उन्होंने आरोप लगाया



है कि संजय सिंह बृजभूषण बि ज ने स पार्टनर हैं। विरोध की कड़ी में अन्य पहलवान भी उतर आए और संजय सिंह के खिलाफ बिगुल फूंक दिया। इस पर संजय सिंह ने कहा कि जिनको कुश्ती करनी है, वो कुश्ती करें। जिनको राजनीति करनी है, वो राजनीति करें।

**खास बातें**

- हम नहीं चाहते कोई कुश्ती छोड़े, हर खिलाड़ी का है स्वागत
- साक्षी को भी ऑफर... ट्रायल दें और कुश्ती लड़ें

*संजय सिंह ने पहलवानों में हुई ऊहापोह की स्थिति को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि साक्षी मलिक जैसे लोग अब खिलाड़ी नहीं रह गए। बच्चों के लिए कुश्ती के कैंप लगाए जाएंगे। उनका साल किसी भी तरह से खराब होने नहीं दिया जाएगा। ओलंपिक में जाने वाले पहलवानों की तैयारी करवाई जाएगी।*

### चुनाव में महिला सदस्य ने भी किया था नामांकन

*चुनाव में महिला सदस्य ने नामांकन किया था। वोटिंग हुई, मगर लोग उनके अध्यक्ष बनने से सहमत नहीं थे। चुनाव तभी होता जब दो प्रत्याशी मैदान में हो और हजारों खिलाड़ी चाहते थे कि हम चुनाव लड़े और जीतें। हम 12 साल से इसी कुश्ती संघ में हैं, कमान हमारे हाथ में है। सांसद बृजभूषण शरण अनुभवी हैं। अनुभवी व्यक्ति से राय ली जाएगी।*

### बृजभूषण शरण सिंह ने एक पौधे को वट वृक्ष बनाया

उन्होंने कहा कि सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने एक पौधे को वट वृक्ष बनाया। पहले की सरकारों में खिलाड़ियों की बेकदरी सभी को पता है। दबदबा था और रहेगा का आशय खिलाड़ियों के दबदबे से है। खेल के दबदबे से हैं। जीत के दबदबे से है। बाकी भारतीय कुश्ती संघ का हर चैंपियनशिप में दबदबा रहेगा। आरोप कोई भी लगा लें, हम अपना काम करेंगे। हमने महिला पहलवानों के लिए भी बहुत कुछ किया।

### संजय सिंह और सांसद बृजभूषण सिंह के 30 साल पुराने हैं रिश्ते

*संजय सिंह ने बताया कि सांसद बृजभूषण सिंह से उनके 30 साल पुराने रिश्ते हैं। डब्ल्यूएफआई के नए अध्यक्ष संजय सिंह को 'बबलू' के नाम से भी जाना जाता है। वह यूपी रेसलिंग फेडरेशन और राष्ट्रीय कुश्ती संघ में पदाधिकारी रह चुके हैं। 2019 में डब्ल्यूएफआई की कार्यकारी कमेटी में वह जॉइंट सेक्रेटरी चुने गए थे। संजय सिंह मूल रूप से यूपी में चंदौली एरिया के झांसी गांव के रहने वाले हैं।*

### 12 घंटे के अंदर नेशनल चैंपियनशिप का ऐलान

*संजय सिंह ने चुनाव के 12 घंटे के अंदर नेशनल चैंपियनशिप की घोषणा कर दी। अंडर-15 और अंडर-20 की चैंपियनशिप गोंडा के नंदिनी नगर में कराया जाना है। 28 से 30 दिसंबर तक तीन दिवसीय प्रतियोगिता में फ्री स्टाइल, ग्रीको रोमन स्टाइल और महिला कुश्ती होगी।*

## केरल की स्वास्थ्य मंत्री की चेतावनी, फिर यहां भी बढ़ेंगे मामले

# सिंगापुर में कोरोना का बड़ा विस्फोट आईसीयू में भर्ती हो रहे ज्यादा मरीज

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सिंगापुर में कोविड के नए वैरिएंट ने स्थिति बेहाल कर दी है। वहां पर मामले को तेज गति से बढ़ ही रहे हैं, इसके साथ-साथ आईसीयू में भर्ती होने वाले मरीजों की संख्या भी बढ़ गई है। एक आंकड़ा बताता है कि पिछले हफ्ते सिंगापुर में 965 मामले दर्ज किए गए हैं, वहीं उससे पिछले हफ्ते वो आंकड़ा 763 था। वहीं आईसीयू में भर्ती मरीजों की बात करें तो वहां भी आंकड़ा 23 से बढ़कर 32 हो चुका है। केरल की स्वास्थ्य मंत्री ने तो आशंका भी जाहिर कर दी है कि आने वाले दिनों में कोरोना के मामले बढ़ने वाले हैं। अभी स्थिति पूरी तरह कंट्रोल में है। हमे आने वाले दिनों में और कोरोना मामलों के लिए तैयार रहना होगा, क्योंकि सिंगापुर में एयरपोर्ट पर जो चेकिंग हुई है, उसमें 19 भारतीय यात्री पॉजिटिव निकले हैं।

*अब देश में बढ़ रहे मामले तो चिंता की बात है ही, एक खतरनाक ट्रेंड ये भी है कि सिंगापुर में कोविड के नए वैरिएंट ने स्थिति बेहाल कर दी है।*

*भारत के कई राज्यों में फिर कोरोना की वापसी की ओरभारत के कई राज्यों में फिर कोरोना की वापसी की ओर*

**खास बातें**

- सिंगापुर में 965 मामले
- आईसीयू में आंकड़ा 23 से बढ़कर 32 हो चुका
- एयरपोर्ट पर चेकिंग में निकले 19 भारतीय पॉजिटिव

### जयपुर : एक महीने का बच्चा और ऑस्ट्रेलिया से आई युवती भी पॉजिटिव

*राजस्थान के कोरोना संक्रमण का खतरा लगातार बढ़ रहा है। प्रदेश की राजधानी जयपुर में एक महीने का बच्चा कोरोना संक्रमित हो गया। वहीं, जोधपुर में भी एक युवती की रिपोर्ट कोरोना पॉजिटिव आई है। वह पांच दिन पहले ऑस्ट्रेलिया से लौटकर आई थी। इसके बाद से उसकी तबीयत खराब थी। कोरोना के लक्षण दिखने पर उसने जांच कराई, जिसके बाद शुक्रवार को उसकी रिपोर्ट पॉजिटिव आई। कोरोना संक्रमित 19 साल की युवती महामंदिर क्षेत्र में रहती है। उसे होम आइसोलेशन में रखा गया है। संपर्क में आए लोगों सैंपल भी जांच के लिए भेजा गया है।*



### देशभर में कोरोना मामलों में अचानक आया बड़ा उछाल

कोरोना मामलों में अचानक से बड़ा उछाल देखने को मिल गया है। देश में इस समय कई राज्य फिर कोरोना की वापसी देख रहे हैं। चिंता की बात ये है कि नए वैरिएंट जेएन 1 के कई केस सामने आ गए हैं। इस समय गोवा, केरल, महाराष्ट्र, राजस्थान में नए वैरिएंट के मामलों की पुष्टि हो चुकी है। इसके अलावा दिल्ली-एनसीआर में भी मामलों में उछाल देखने को मिला है। कई महीनों बाद गाजियाबाद में भी कोविड के दो केस सामने आ चुके हैं।

### चंडीगढ़ः मास्क अनिवार्य, हरियाणा में आरटी-पीसीआर टेस्ट

**चंडीगढ़।** चंडीगढ़ प्रशासन ने कोरोना के नए वेरिएंट को ध्यान में रखते हुए बड़ा फैसला किया है। दरअसल चंडीगढ़ में मास्क की हुई वापसी हुई है। चंडीगढ़ प्रशासन ने लोगों को भीड़भाड़ वाले इलाके में मास्क पहनने की सलाह दी है। प्रशासन ने सलाह दी है कि बुखार, जुकाम और सांस लेने में तकलीफ जैसे सिम्टम्स आने के बाद तुरंत डॉक्टर को दिखाएं। घर पर ही इसका इलाज ना करें। कोरोना पॉजिटिव व्यक्ति के लिए 7 दिन का आइसोलेट होना अनिवार्य किया गया है। हरियाणा के गृह और स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने कहा कि हम इन्फ्लूएंजा जैसी बीमारी (आईएलआई) और गंभीर तीव्र श्वसन संक्रमण के केसों का आरटी-पीसीआर टेस्ट करेंगे। हरियाणा में ऑक्सीजन की सप्लाई के लिए 238 पीएसए प्लांट तैयार हैं।



### पकड़ी रफ्तार, 2997 मामले आए

*देश में कोरोना संक्रमण रफ्तार पकड़ता दिख रहा है। शुक्रवार को देश में कोरोना के 640 नए मामले दर्ज किए गए हैं। जिसके बाद देश में कोरोना के कुल सक्रिय मरीज बढ़कर 2997 हो गए हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने यह आंकड़े जारी किए हैं। वहीं केरल में कोरोना से एक और मरीज की मौत हो गई है। बता दें कि गुरुवार को केरल में तीन, कर्नाटक में दो और पंजाब में एक व्यक्ति की कोरोना संक्रमण से मौत हुई थी। संक्रमण दर अभी देश में 1.19 प्रतिशत है।*

### तेलंगानाः कोविड के चार मामले सामने आए

*तेलंगाना के स्वास्थ्य विभाग ने पड़ोसी राज्यों में कोविड-19 के मामलों में वृद्धि को देखते हुए जनता से सतर्क रहने की अपील की। साथ ही 10 साल से कम उम्र के बच्चों, गर्भवती महिलाओं और 60 साल से अधिक उम्र के बुजुर्गों को जब तक अनिवार्य न हो, बाहर जाने से बचने की सलाह दी गई है। बचाव के लिए 6 फीट की शारीरिक दूरी का पालन करना जरूरी है।*

### एडवाइजरी जारी

सरकार ने एडवाइजरी जारी कर लोगों को सर्दी, जुकान और खांसी के मरीजों से दूरी बनाने के लिए कहा है। साथ ही ऐसे लक्षण वाले मरीजों के सैंपल भी लिए जा रहे हैं।

## 80 साल बाद ली सुध, फिर से चालू

# अमेरिका ने एयरफील्ड से जापान पर गिराया था एटम बम



एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिका ने प्रशांत महासागर के एक छोटे द्वीप पर मौजूद उस हवाई अड्डे को फिर चालू करने की योजना बनाई है, जहां से जापान पर पहली बार परमाणु बमबारी करने के लिए उसके बी-29 बमवर्षक विमानों ने उड़ान भरी थी। सेना के एक बड़े अधिकारी ने कहा कि अमेरिकी वायु सेना ने इस रणनीतिक महत्व के एयरफील्ड को काम में लाने की योजना बनाई है।

यह चीन के साथ किसी भी संघर्ष की हालत में उसके विकल्पों को मजबूत बनाएगा। प्रशांत इलाके में वायु सेना के कमांडर जनरल केनेथ विल्सबैक ने इस हफ्ते एक इंटरव्यू में कहा कि टिनियन द्वीप पर नॉर्थ एयरफील्ड आने वाले वक्त में एक अच्छी सुविधा बन जाएगा। फिलहाल वह हवाई अड्डा एक जंगल में बदल गया है। इसे फिर से काम लायक बनाया जाएगा। यह बेस तब से लावारिस पड़ा है, जब 1946 में अमेरिकी सेना वायु सेना ने इसे खाली छोड़ दिया था।

### बी-29 विमानों ने की थी बमबारी

तीन द्वीपों से उड़े बी-29 विमानों ने इतिहास की सबसे घातक बमबारी 10 मार्च 1945 को टोक्यो पर की। जिसमें 100,000 से अधिक लोग मारे गए और दस लाख घायल हुए थे। 1945 में जापान पर लगातार बमबारी के दौरान टिनियन पर नॉर्थ एयर फील्ड अपने 8,000 फुट के चार रनवे और 40,000 कर्मियों के साथ दुनिया का सबसे बड़े और व्यस्ततम एयर फील्ड बन गया था। नॉर्थ फील्ड ने 6 अगस्त, 1945 को इतिहास में अपना स्थान पक्का कर लिया, जब सुबह के अंधेरे में एनोला गे नाम का बी-29 बमवर्षक परमाणु बम लेकर अपने रनवे एबल से उड़ा। जिसे उस सुबह हिरोशिमा पर गिराया जाना था, जिससे 70,000 लोग मारे गए। तीन दिन बाद बोक्सकार नाम का एक और बी-29 विमान ने नागासाकी पर परमाणु बम गिराने के लिए टिनियन से उड़ान भरी।

### राष्ट्रमंडल का हिस्सा है टिनियन

प्रशांत इलाके में हवाई द्वीप से लगभग 6,000 किमी (3,700 मील) पश्चिम में है। महज 39 वर्ग मील के इस द्वीप पर केवल 3,000 लोग रहते हैं। टिनियन द्वीप के साथ ही करीब के साइपन और गुआम द्वीपों से अमेरिका वायुसेना ने द्वितीय विश्व युद्ध में काफी ज्यादा ऑपरेशन चलाए थे। द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान तीनों द्वीपों बी-29 सुपरफोर्ट्रेस बमवर्षक विमानों के बेड़े का अड्डा थे।

## सुप्रीम कोर्ट से मिली जमानत

# पाक के पूर्व पीएम इमरान को चुनाव से पहले बड़ी राहत

एजेंसी ▶▶ इस्लामाबाद

पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को आम चुनाव से पहले बड़ी राहत मिली है। इमरान खान को कोर्ट से जमानत मिल गई है। सुप्रीम कोर्ट ने सिफर मामले में पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के पूर्व अध्यक्ष इमरान खान और उपाध्यक्ष शाह महमूद कुरैशी की जमानत याचिका को मंजूरी दे दी है। इमरान और कुरैशी दोनों ही सिफर केस में आरोपी थे। दोनों को 10 लाख पाक रुपए के बॉन्ड पर जमानत दी गई है।

### सिफर केस में मिली जमानत

पूर्व पीएम इमरान खान की जमानत 8 फरवरी 2024 को होने वाले पाक संसदीय चुनाव से पहले हुई है। इस्लामाबाद हाईकोर्ट द्वारा इमरान खान के जेल मुकदमे को शून्य घोषित करने के बाद आधिकारिक गोपनीयता अधिनियम 2023 के तहत स्थापित विशेष अदालत ने इस महीने की शुरुआत में पीटीआई संस्थापक को फिर से सिफर मामले में दोषी ठहराया था।



### रूस के सुरक्षा सचिव ने वैगनर को मरवाया था

**मॉस्को।** राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन का दाहिना हाथ माने जाने वाले देश के सुरक्षा परिषद सचिव निकोलाई पत्रुशेव ने वैगनर समूह के प्रमुख येवगेनी प्रिगोझिन की हत्या का आदेश दिया था। अमेरिकी अखबार ने यह दावा किया है। यूक्रेन युद्ध के दौरान वैगनर समूह रूसी सेना का एक महत्वपूर्ण हिस्सा था, लेकिन बाद में येवगेनी प्रिगोजिन और रक्षा मंत्री के बीच बयानबाजी बढ़ती गई। जिसके चलते इस समूह ने जून 2023 में रूस में एक विद्रोह का प्रयास किया गया। वैगनर समूह ने मॉस्को के लिए कथित 'न्याय मार्च' शुरू किया था।

## प्राग के शूटर पर कई खुलासे

# पहले पिता को मारा, फिर विवि कैंपस में 15 लोगों की ली जान

एजेंसी ▶▶ प्राग

चेक गणराज्य की प्राग यूनिवर्सिटी में एक बंदूकधारी युवक ने लोगों पर हमला कर 15 लोगों की हत्या कर दी। इस घटना में 24 से ज्यादा लोग घायल हो गए हैं। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर हालात को काबू कर लिया और बताया कि हमलावर ने खुद को गोली मार ली है। इस हिंसा पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए चेक राष्ट्रपति पेट्र पावेल ने कहा कि वह इस हिंसा से स्तब्ध हैं।

### बंदूकधारी ने पहले की थी पिता की हत्या

पुलिस अधिकारी ने बताया कि गोलीबारी के घटना चार्ल्स यूनिवर्सिटी की फैकल्टी ऑफ आर्ट्स में हुई, जिसमें 15 लोगों की मौत हो गई है और करीब 24 लोग घायल हो गए हैं। पुलिस ने तलाश शुरू कर दी थी, क्योंकि उसके पिता प्राग के पश्चिम में होस्टौन गांव में मृत पाया था।



## गाजा पट्टी में इजराइली सेना और हमास के बीच जारी भीषण लड़ाई

# यूएन की रिपोर्टः भुखमरी से जूझ रहे गाजा के 23 लाख लोग

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

गाजा पट्टी में इजराइली सेना और हमास के बीच जारी भीषण लड़ाई के बीच संयुक्त राष्ट्र की आई रिपोर्ट युद्ध की भयावता के साथ डराने वाली है। रिपोर्ट के अनुसार गाजा में 2.3 मिलियन यानी 23 लाख लोग भुखमरी के संकट से जूझ रहे हैं।



वहीं, युद्ध की वजह से गाजावासियों को मूलभूत सुविधाओं से वंचित रहना पड़ रहा है, जिसकी वजह से अकाल का खतरा हर दिन बढ़ रहा है। अमेरिका आखिरकार संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में गाजा में सहायता पर मतदान कर सकता है। एक अमेरिकी अधिकारी ने कहा कि हालांकि यह एक सप्ताह पहले हो जाना चाहिए था।

अमेरिका ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव पर समझौता करने के लिए मिस्र के साथ उच्चस्तरीय बातचीत की है। अगर यह प्रस्ताव पारित हो जाता है तो गाजा को और अधिक मानवीय सहायता प्राप्त हो सकेगी। अमेरिकी राजदूत लिंडा थॉमस-ग्रीनफील्ड ने विचार-विमर्श के बाद कहा कि संयुक्त राज्य अमेरिका नए पाठ का समर्थन करता है और यदि इसे वोट के लिए रखा जाता है तो अमेरिका इसका समर्थन करेगा।

### बातचीत कर रहा अमेरिका

अमेरिका के प्रमुख अखबार के अनुसार संयुक्त राष्ट्र में अमेरिकी उप राजदूत रॉबर्ट वुड ने पत्रकारों से कहा कि अमेरिका अभी भी बातचीत कर रहा है। अमेरिका उस प्रस्ताव पर हस्ताक्षर करने के पक्ष में नहीं है, जिसमें लड़ाई रोकने का भी आह्वान किया गया है। राफा सीमा को नियंत्रित करने वाला नए ड्राफ्ट का प्रसार डेढ़ सप्ताह की उच्च-स्तरीय वार्ता के परिणामस्वरूप हुआ।

### मिस्र ने भेजी मदद

कुछ दिनों पहले मिस्र की ओर से गाजा वासियों के लिए भोजन, पानी और दवाएं भेजी गई थी। हालांकि, यह मदद ऊंच के मुंह में जीरे जैसी है। रिपोर्ट के मुताबिक, गाजा में मौजूद दस प्रतिशत लोगों को ही इस मदद से लाभ मिलने वाला है।

### अमेरिका ने राहत सामग्री की धीमी आपूर्ति पर चिंता जताई

सुरक्षा परिषद में अमेरिका ने गाजा में राहत सामग्री की धीमी आपूर्ति पर चिंता जताई है। कहा कि इसे लेकर विश्व में व्यापक चिंता है। इससे आमजन प्रभावित हो रहे हैं। हम राहत सामग्री की आपूर्ति तेज करने पर विचार कर रहे हैं। सुरक्षा परिषद में इससे संबंधित प्रस्ताव लाए जाने की तैयारी चल रही है।

### अमेरिका पर इजराइल का है दबाव

*अमेरिका पर इजराइल का दबाव है। इसलिए अमेरिका ने कहा है कि इजराइल को सहायता वितरण और विवादों की जांच में शामिल किया जाए। अमेरिका के इस प्रस्ताव पर मतदान करने की संभावना बढ़ गई है। अमेरिकी राजदूत लिंडा थॉमस-ग्रीनफील्ड ने इस बात से इनकार किया कि प्रस्ताव को कमजोर कर दिया गया है, उन्होंने कहा कि मसौदा बहुत ही मजबूत प्रस्ताव है।*




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109